रांची • वर्ष : 02 • अंक : 183 • हजारीबाग से भी प्रकाशित • पृष्ठ : 12 • रविवार • 28.04.2024 • मूल्य : 4 रुपया • TV.awazdailyharshit tv & www.pratahawazlive.com • सुझाव या शिकायत : pratahawajranchi@gmail.com

रांची संस्करण

# प्रातः आवाज

हम बनेंगे आपकी आवाज, निर्भीक एवं निष्पक्ष हिन्दी दैनिक


जमशेदपुर दौरे पर आए महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने छात्रों को किया संबोधित

## संक्षिप्त समाचार

### सरायकेला सिविल कोर्ट के जज विजय निलंबित

**सरायकेला।** सरायकेला सिविल कोर्ट के प्रधान जिला जज विजय कुमार (3) को हाईकोर्ट ने निलंबित कर दिया है। हाईकोर्ट में अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत उन्हें निलंबित किया है। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल मोहम्मद शाकिर के अनुसार, निलंबन की अवधि में उनका मुख्यालय हाईकोर्ट रहेगा।

### सिसई थाने का मुंशी घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार



**गुमला।** एसीबी रांची की टीम ने शनिवार को गुमला जिले के सिसई थाना के मुंशी को मधुसूदन झा को नौ हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। इस संबंध में रांची के ईटकी निवासी सौरभ कुमार गुप्ता ने लिखित आवेदन दिया था कि उन्हें एक मामले में सिसई थाना के जरिये गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। गिरफ्तारी के समय सौरभ का मोबाईल, लैपटॉप एवं अन्य समान को सिसई थाना ने जब्त किया था। न्यायालय से जमानत लेने के बाद जब्त सामानों का रिलीज आर्डर लेकर सौरभ जब सिसई थाना गये तो सामानों को रिलीज करने के एवज में सिसई थाना के मुंशी मधुसूदन झा ने उनसे दस हजार रुपये रिश्वत की मांग की। इसके बाद एसबी टीम ने शनिवार को मधुसूदन झा को नौ हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

### नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास के दोषी को सात साल की सजा

**रांची।** स्पेशल चिल्ड्रेन कोर्ट ने शनिवार को नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास करने के मामले में जेल में बंद दोषी नाबालिग को सात साल की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर 10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर उसे छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। दोषी नाबालिग पर नाबालिग को बहला-फुसला कर दुष्कर्म की कोशिश करने का आरोप है। घटना को लेकर पीड़िता के परिजन ने सदर थाने में नौ जून, 2020 को केस दर्ज कराई थी।

### मछली पकड़ने गये दो मामा और भांजा की करंट लगने से मौत

**पटना।** बिहार के नालंदा में एक तालाब किनारे करंट की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। तीनों मृतकों में दो सगे भाई व एक उनका भांजा शामिल है। जानकारी के मुताबिक एक परिवार के कुछ युवक मछली पकड़ने तालाब गये थे। उस तालाब के पास करंट दौड़ रहा था। जिससे वो सभी अंजान थे। जैसे ही एक युवक तालाब के करीब पहुंचा तो करंट की चपेट में आ गया। उसके बाद उसे बचाने के लिए दोनों मामा वहां पहुंचे। जिसके बाद उन्हें भी करंट लगा और मौके पर ही तीनों की मौक हो गई। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को आनन-फानन में अस्पताल ला गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक तालाब में मछली पाला जा रहा था और इसकी सुरक्षा के नजरिए से करंट वाले तार घेरे गए थे। वहीं घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पुलिस करेगी।

### मणिपुर में आतंकियों के हमले से दो जवान शहीद, कई घायल

**इंफाल।** मणिपुर के नारानसेना इलाके में शुक्रवार आधी रात को शुरू हुए कुकी आतंकवादियों के हमले में सीआरपीएफ के दो जवान शहीद हो गए। पुलिस के मुताबिक, आधी रात से 2:15 बजे के बीच कुकी आतंकियों ने सीआरपीएफ जवानों पर हमला किया। घटना विष्णुपुर इलाके की है। मृतक जवान राज्य के बिष्णुपुर जिले के नारानसेना इलाके में तैनात सीआरपीएफ की 128वीं बटालियन में तैनात थे। इस बीच, मणिपुर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार झा ने कहा कि शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मणिपुर के बाहर हिंसा की कम घटनाएं हुईं। अधिकारी ने बताया कि शाम तक मतदान प्रतिशत 75 फीसदी के दायरे में था और कोई बड़ा व्यवधान नहीं हुआ। निर्वाचन अधिकारी ने यह भी कहा कि दूसरे चरण के मतदान के दौरान लोग बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए निकले। एक मतदान केंद्र पर ईवीएम में खराबी की एक घटना सामने आई और कोई बड़ा व्यवधान नहीं हुआ।

# झारखंड में मई में जुटेंगे दिग्गज नेता

## राहुल गांधी की खूंटी और लोहरदगा में रैली तीन मई को, अमित शाह खूंटी में करेंगे जनसभा



- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने राहुल गांधी की जनसभा स्थल का किया निरीक्षण
- राहुल गांधी की रैली को लेकर लोगों में उत्साह : राजेश ठाकुर



प्रातः आवाज

**रांची।** झारखंड के चार सीटों पर 13 मई को होने वाले मतदान से पहले दिग्गज नेताओं की जनसभा होने वाली है। जिसको लेकर कांग्रेस और भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी तीन मई को खूंटी और लोहरदगा में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। राहुल गांधी कांग्रेस उम्मीदवार कालीचरण मुंडा और सुखदेव भगत के लिए मतदाताओं से वोट की अपील करेंगे। इसके बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह खूंटी में आगमन होगा, वे बीजेपी प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के समर्थन में जनसभा करेंगे। बता दें कि राज्य में मतदान चार चरणों में होगा। जिसकी शुरुआत 13 मई से होगी। चार चरणों में होने वाले चुनाव को लेकर देशभर के कई दिग्गज नेताओं का जुटान होगा, जिसमें पीएम मोदी, अमित शाह, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे सहित कई नेताओं का जनसभा और रोडशो होगा। वहीं राहुल गांधी की प्रस्तावित रैली को लेकर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने खूंटी और गुमला में जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं को होमवर्क में जुट जाने का निर्देश दिया।

पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड में लोकसभा चुनाव के लिए बेहतर माहौल तैयार किया जा रहा है। रैली से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। युवाओं, किसानों, महिलाओं और आदिवासियों के बीच राहुल गांधी की प्रस्तावित रैली को लेकर काफी उत्साह है। जनता को भरोसा है कि इंडी गठबंधन की सरकार ही उनके दर्द को कम कर सकती है। ठाकुर ने कहा कि भाजपा के पास केवल धनबल है, नैतिक बल नहीं है। लोकसभा चुनावों में सभी सीटों पर कांग्रेस सहित इंडी एलायंस भारी मतों से जीत दर्ज करेगी। साथ ही कहा कि गांव के लोग महंगाई और बेरोजगारी से निजात पाना चाहते हैं। यही कारण है कि लोगों को भरोसा कांग्रेस और इंडी एलायंस के पक्ष में है। इस बार हवा इंडी गठबंधन के पक्ष में है।

# गढ़वा में फंदे से लटकता मिला बीडीओ का शव

प्रातः आवाज



**गढ़वा।** गढ़वा जिले के विशुनपुरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी हीरक मन्नान केरकेटा का शव शनिवार की दोपहर उनके आवास पर फंदे से झूलता मिला। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह से ही उनके आवास का दरवाजा बंद था। जब ब्लॉक स्टाफ दोपहर तीन बजे किसी कागजात पर उनसे हस्ताक्षर कराने गए तो दरवाजा बंद था। कर्मियों ने इसकी सूचना विशुनपुरा थाने को दी। पुलिस ने खिड़की से झांक कर देखा तो उनका शव रस्सी के फंदे से झूल रहा था। वरीय अधिकारियों के पहुंचने एवं परिजनों की सहमति के बाद डेड बॉडी को फंदे से उतारा जाएगा। बीडीओ ने आत्महत्या क्यों की, यह स्पष्ट नहीं हो पाया। प्रखंड के बड़े पदाधिकारी का सुसाइड कर लेना चिंता का विषय है। गढ़वा के एसपी दीपक पांडेय ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि हत्या एवं आत्महत्या के एंगल पर जांच की जाएगी।

# ज्योति सुरेखा ने व्यक्तिगत खिताब जीता

## विश्व कप में तीन स्वर्ण जीतने वाली दूसरी भारतीय बनीं

- भारत ने तीरंदाजी विश्व कप कंपाउंड वर्ग में 4 स्वर्ण और 1 रजत जीता

एजेंसी



**शंघाई।** ज्योति सुरेखा वेन्नम ने शनिवार को तीरंदाजी विश्व कप में मैक्सिको की एंड्रिया बेसेरा को 146(9*)-146(9) से हराकर महिला व्यक्तिगत कंपाउंड वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। इस प्रतियोगिता में यह उनका तीसरा और भारत का चौथा स्वर्ण पदक है। वह दीपिका कुमारी (एस3, 2021) के बाद एक ही विश्व कप चरण में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय तीरंदाज बन गईं। इससे पहले उन्होंने कंपाउंड मिश्रित और महिला कंपाउंड टीम में स्वर्ण पदक जीते थे।

वैश्विक स्तर पर बात करें तो ज्योति सारा लोपेज (एस2, 2016) और सारा सोनिचसेन (एस2, 2017) के बाद एक ही सीजन में तीन पदक जीतने वाली तीसरी कंपाउंड महिला तीरंदाज बन गई हैं। ज्योति ने त्लाक्सकाला में होने वाले तीरंदाजी विश्व कप फाइनल के लिए भी अपना टिकट कटा लिया है। हालांकि पुरुष व्यक्तिगत कंपाउंड में प्रियांश को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। तीरंदाज फाइनल में प्रियांश को ऑस्ट्रिया के निको वीनर से 147-150 से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों ने पांच पदक (4 स्वर्ण और 1रजत) के साथ अपना अभियान समाप्त किया।

## झामुमो ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची

# शिबू सोरेन, चंपाई, कल्पना, हेमंत और चमरा शामिल

प्रातः आवाज



**रांची।** झारखंड में चार चरणों में लोकसभा का चुनाव होना है। इस बीच झामुमो ने 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की है। इसमें पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन को मुख्य प्रचारक बनाया गया है।

पार्टी की तरफ से जारी 40 स्टार प्रचारकों में तीन ऐसे नाम भी शामिल किए गए है जो चौंकाने वाले है। दरअसल पार्टी ने जेल में बंद पूर्व सीएम और वर्तमान में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के साथ ही लोहरदगा लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने के लिए नामांकन कर चुके बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा और हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक कुमार पिंटू को अपने स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल किया है।

बागी विधायक चमरा लिंडा को भी अपने स्टार प्रचारकों के नामों में शामिल किया है। हालांकि उन्होंने लोहरदगा लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया है यहां तक कि उन्होंने नामांकन पर्चा भी भर लिया है। जबकि स्टार प्रचारकों में शामिल अभिषेक कुमार पिंटू है।


### स्टार प्रचारकों में इन्हें किया शामिल

स्टार प्रचारक की लिस्ट में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पूर्व सीएम हेमंत सोरेन, कल्पना मुर्मू सोरेन, लोकसभा प्रत्याशी नलिन सोरेन, स्टीफन मरांडी, लोकसभा प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो, सविता महतो, राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, बैद्यनाथ राम, विनोद कुमार पांडे, फागु बेसरा, सुप्रियो भट्टाचार्य, मंत्री दीपक बिरुआ, सुदिव्य कुमार सोनू, मंत्री मिथिलेश ठाकुर, चमरा लिंडा, योगेंद्र महतो, अभिषेक कुमार पिंटू, नंदकिशोर मेहता, जोबा मांझी, समीर मोहंती, विजय हंसदा, महुआ माजी, निरल पूर्ति, रामदास सोरेन, दशरथ गगराई, बसंत सोरेन, हफीजुल हसन, बेबी महतो, निजामुद्दीन अंसारी, सुखराम उरांव, भूषण तिर्की, मंगल कालिंदी, विकास सिंह मुंडा, संजीव सरदार, दिनेश विलियम मरांडी, हेमलाल मुर्मू मुख्य रूप से शामिल है।

# झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के बड़े भाई राजाराम का निधन

## अंतिम संस्कार में शामिल होंगे मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन

प्रातः आवाज


चम्पाई सोरेन राजाराम सोरेन के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे।

**रामगढ़।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो शिबू सोरेन के बड़े भाई राजाराम सोरेन का शनिवार को निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। राजाराम सोरेन का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड अंतर्गत नेमरा गांव में लाया गया है। नेमार गांव में ही राजाराम सोरेन का अंतिम संस्कार होगा। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री

### हेमंत सोरेन को नहीं मिली अंतरिम जमानत

**रांची।** ईडी की अदालत ने शनिवार को जमीन घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी। सोरेन ने चाचा के अंतिम संस्कार और क्रिया-कर्म में शामिल होने के लिए यह याचिका दाखिल की थी, जिस पर सुनवाई के बाद ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने अंतरिम जमानत नहीं दी। याचिका में उन्होंने कोर्ट से यह आग्रह किया था कि उन्हें चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति दी जाये। इसके साथ उन्होंने कोर्ट से 13 दिनों की अंतरिम जमानत मांगी थी लेकिन अदालत ने सुनवाई के बाद उन्हें अंतरिम जमानत नहीं दी। कोर्ट के आदेश के बाद अब हेमंत सोरेन चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो पाएंगे। उल्लेखनीय है कि झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के बड़े भाई राजा राम सोरेन का निधन शनिवार की सुबह हो गया। उनके अंतिम संस्कार और क्रिया-कर्म में शामिल होने के लिए हेमंत सोरेन ने अंतरिम जमानत याचिका दाखिल की थी।

## टिकट नहीं मिलने से नाराज रामटहल चौधरी का कांग्रेस से इस्तीफा, कहा

# झंडा लेकर समर्थन करने नहीं आया था

- पूर्व सांसद ने भाजपा पर साधा निशाना

प्रातः आवाज



**रांची।** रांची लोकसभा सीट से टिकट नहीं मिलने से नाराज चल रहे पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने शनिवार को कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने शनिवार को रांची प्रेस क्लब में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में रांची लोकसभा सीट से टिकट नहीं दिए जाने पर नाराजगी जताई। साथ ही कहा कि वे झंडा लेकर समर्थन करने नहीं आए थे। इसलिए पार्टी छोड़ने का निर्णय किया है।

चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में शामिल कराने के लिए सभी प्रक्रिया पूरी की गयी थी। कांग्रेस की ओर बायोडाटा मांगा गया। इसके बाद झारखंड के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने उन्हें कांग्रेस में शामिल कराया। गुलाम अहमद मीर ने कहा था कि राहुल गांधी का कहना है कि जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी। आप सभी मामलों में फिट बैठते हैं। आपको रांची लोकसभा सीट से टिकट दिया जाएगा। इसके बाद उम्मीदवार की घोषणा के लिए भी लंबा समय लिया। जब टिकट की घोषणा हुई तो वो सबके सामने है। चौधरी ने कहा कि पिछले पांच सालों में भाजपा का दरवाजा नहीं खटखटाया है। उन्होंने फिलहाल निर्दलीय या किसी अन्य पार्टी से चुनाव लड़ने से इनकार किया। साथ ही कहा कि करीबियों से विचार-विमर्श के बाद आगे की रणनीति तय करेंगे। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने उन्हें ऑफर दिया था। उस समय वह भी आईएनडीआईए में थे। रांची से सीट देने की बात भी कही थी। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जब भाजपा से जीता था तो पार्टी को केवल दिया, उससे कुछ लिया नहीं। उल्लेखनीय है कि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी 28 मार्च को कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए थे।

### विधायक अमानतुल्लाह खान को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली वक्फ बोर्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ओखला से आम आदमी पार्टी विधायक अमानतुल्लाह को राहत मिल गई है। आप विधायक को राउज एवेन्यू कोर्ट से जमानत मिल गई है। दरअसल, अमानतुल्लाह खान को ईडी के सामने पेश होने के लिए कई बार समन जारी किया गया था लेकिन वह ईडी के सामने पेश नहीं हुए। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें ईडी के सामने पेश होने का आदेश दिया। इसके बाद अमानतुला खान ईडी के सामने पेश हुए। हालांकि, बाद में राउज एवेन्यू कोर्ट ने कहा कि अमानतुल्लाह खान ईडी के समन पर जांच एजेंसी के सामने पेश हुए, जबकि ईडी ने उन्हें पेश होने के लिए कई बार समन भेजा था। कोर्ट ने कहा कि विधायक को कोर्ट में पेश होना होगा। कोर्ट के इस आदेश के बाद अमानतुल्लाह खान आज राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए और पेशी के बाद कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी।

# रांची में बर्ड फ्लू संक्रमित दो चिकित्सकों सहित छह को किया गया क्वारंटाइन

प्रातः आवाज





**रांची।** राजधानी रांची के होटवार इलाके में बर्ड फ्लू (एच5एन1) फैला हुआ है। प्रशासन ने इससे निपटने की पूरी तैयारी कर ली है। प्रभावित इलाका क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र होटवार में है। एहतियात के तौर पर वहां के दो चिकित्सकों समेत छह लोगों को क्वारंटाइन किया गया है। कुक्कुट प्रक्षेत्र के आसपास के इलाके को कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है। इस बाबत प्रक्षेत्र के डॉ. गणेश ने बताया कि प्रतिबंधित जोन के एक किमी के रेडियस में मुर्गी, बत्तख और अंडों को जब्त कर नष्ट करने का काम किया जा रहा है। साथ ही लोगों को अलर्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद दिल्ली से विशेषज्ञों की टीम रांची आयी थी। टीम ने बर्ड फ्लू के नमूने एकत्रित किए हैं, जिसकी जांच की जायेगी। जानकारी के मुताबिक, संक्रमण शहर के दूसरे इलाकों में ना फैले इसके लिए जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। दिल्ली से आयी केंद्रीय जांच टीम के प्रमुख डॉ. रजनीश गुप्ता ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि होटवार के एक किमी के इलाके में अंडे, मुर्गी और बत्तख की बिक्री पर रोक लगा दिया गया है। यह रोक तब तक जारी रहेगी जब तक कि स्पष्ट नहीं हो जाता कि बर्ड फ्लू के वायरस खत्म हो गए हैं। डॉ रजनीश गुप्ता ने लोगों से आग्रह किया है कि बर्ड फ्लू की वजह से ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। बस सावधानी बरतने की जरूरत है, जिन लोगों के घरों आसपास मुर्गी पालन किया जाता है, उन्हें अलर्ट रहने की जरूरत है। यदि उन्हें तेज बुखार, गले में खराश, सर्दी-जुकाम, बदन दर्द, भूख में कमी जैसे लक्षण होते हैं, तो तुरंत डॉक्टर से मिलना चाहिए।

## रांची एसएसपी ने जारी किया वीडियो संदेश

# युवाओं से नशे के जाल से बचने की अपील

प्रातः आवाज




**रांची।** नशे के जाल से युवाओं को बचाने में समुदाय के सहयोग को रेखांकित करते हुए और समाज की सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए उन्हें प्रेरित करते हुए एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को एक वीडियो संदेश रिलीज किया है। वीडियो के माध्यम से उन्होंने नशे के विरुद्ध युद्ध में समाज को सजग भूमिका निभाने और जड़ से इस समस्या का समाधान करने के लिए प्रेरित करते हुए तकनीक का उपयोग करने का अनुरोध किया है। एसएसपी ने व्हाट्सएप के माध्यम इस तरह की गतिविधियों की सूचना रांची पुलिस को व्हाट्सएप नंबर 9153886238 पर देने की अपील की। इसके साथ बताया कि यदि किसी को ऐसी गतिविधियों के अड्डे या स्थान का पता है तो उस स्थान पर जाकर उसका करेंट लोकेशन उपरोक्त नंबर पर भेज कर पुलिस की मदद कर सकते हैं।

एसएसपी ने हिदायत दी कि लोकेशन भेजने के लिए उस स्थान पर तब जाएं जब वहां इस तरह की असामाजिक गतिविधियां न हो रही हों। यदि किसी नशे के सौदागर का फोटो, नाम, पता किसी के पास उपलब्ध है तो उसे भी शेयर करने की अपील की। उन्होंने आश्वस्त किया कि सूचना देने वाले की गोपनीयता का पूरा ख्याल रखा जाएगा। इस वीडियो के माध्यम से उन्होंने नशे के हानिकारक प्रभावों को दशार्या है और युवाओं को इस खतरे से बचाने के लिए समाज के हर वर्ग को समर्थन देने का आग्रह किया है। एसएसपी ने बताया कि बीते दिनों रांची पुलिस के विशेष अभियान में 50 से भी अधिक नशा कारोबारी जेल की सलाखों के पीछे भेजे जा चुके हैं। लगभग 15 करोड़ मूल्य की नशीली सामग्री जब्त की जा चुकी है। इसे और धार देने की आवश्यकता है।

# स्वपनलोक रेशिडेंशियल प्रोजेक्ट का भूमि पूजन संपन्न

प्रातः आवाज



**रांची।** बिजयश्री एंड सपना कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड का जोड़ा तालाब रानी बगान, रांची स्थित स्वपन लोक रेसिडेंशियल प्रोजेक्ट का भूमि पूजन शुक्रवार को 10 बजे निदेशक बिजय कुमार और सपना देवी के हाथों सम्पन्न हुआ। इस मौके पर निदेशक बिजय कुमार एवं विकाश कुमार ने बताया कि यह प्रोजेक्ट प्राइम लोकेशन पर है। कई वीआईपी का ऐसे प्रोजेक्ट की डिमांड थी, यह प्रोजेक्ट 4-5 बीएचके का होगा। बी प्लस, जी प्लस 14 फ्लोर का 54 फ्लैट का है। ये 72 डिसमील क्षेत्र में होगा। इस प्रोजेक्ट को वर्ष 2026 तक में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट में जहां अपनी टैरिस पर स्वीमिंग पूल होगा, वहीं जीम, टैरिस और पार्किंग जैसे कई अन्य लग्जरी सुविधाएं भी उपप्लब्ध होगें, जो यहां के सोसाइटी को काफी भा रही है। इस मौके पर बैंक ऑफ इंडिया के जोनल मैनेजर संजीव कुमार सिंह, जीएम मनोज कुमार, इंडियन बैंक के प्रबंधक, बिल्डर हरीश श्रीवास्तव, पवन आर्या, सीए रोहित कुमार, सपत्नी अशोक कुमार अग्रवाल, मिथिलेश कुमार सिंह के अलावा हजारीबाग एवं रांची के कई गण्यमान उपस्थित थे।

# मांडर में स्कूल बस पलटी, एक दर्जन से अधिक बच्चे व खलासी घायल

○ घायल बच्चों को मांडर स्थित लिवेंस अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां से एक बच्चे को सिटी स्कैन के लिए रांची रेफर किया गया



प्रातः आवाज

**मांडर।** मांडर में चुंद गांव के निकट शनिवार की सुबह संत नारीया स्कूल की बस के पलट जाने से उसमें सवार खलासी सहित एक दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गये। घायल बच्चों को इलाज के लिए मांडर स्थित लिवेंस अस्पताल में भर्ती किया गया है। जहां से एक बच्चे को सिटी स्कैन के लिए रांची रेफर किया गया है। जबकि अन्य की हालत ठीक बतायी जा रही है। बस जेएच 01एके 0808 चुंद स्थित संत मारिया स्कूल की बतायी जा रही है। जो बुढ़मू के बाड़े व अन्य गांव से बच्चों को लेकर स्कूल आ रही थी। घटना करीब सात बजे की है। बताया जा रहा है कि स्कूल के समय के अनुसार बस लेट हो गयी थी। जिसके चलते चालक बस को काफी तेज गति से चला रहा था। इसी क्रम में चुंद गांव से पहले बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे 10 फीट नीचे गड्ढे में जाकर पलट गयी। बस के पलटते ही अंदर मौजूद बच्चे चीखने चिल्लाने लगे। बस के पलटने से निकासी गेट नीचे हो गया था। जिसके चलते चाह कर भी बच्चे बाहर नहीं निकल पा रहे थे। बाद में स्थानीय लोगों ने बस के आगे व पीछे का दरवाजा तोड़ बच्चों को बाहर निकाला। इस बीच सूचना मिलने पर मांडर पुलिस भी वहां पहुंची और एम्बुलेंस मंगवाकर घायल बच्चों को अस्पताल भेजने की व्यवस्था करायी।

हादसे के बाद बस का चालक मोतीलाल महली मौके से फरार हो गया। वहीं घायल होने के बाद भी खलासी राहुल मुंडा बस से बाहर निकलने में बच्चों की मदद करता रहा।

बस पलटने से घायल हुये बच्चे सुधांशु प्रसाद, कक्षा 10, हिमांशु प्रसाद कक्षा 6, अस्मित कुमार कक्षा 10, प्रवीण कुमार कक्षा 8, सलोनी कुमारी कक्षा 3, विनीता कुमारी कक्षा 6, रागिनी कुमारी कक्षा 8, प्रवीण प्रसाद कक्षा कक्षा 8, रौनक कुमार कक्षा 3, आस्था यादव कक्षा 1, मियाद अंसारी कक्षा 1, दैयान अंसारी कक्षा 3, मोहित कुमार कक्षा 5, प्रियांशु कुमारी कक्षा 3, राज यादव कक्षा 6, पायल साहू कक्षा 7, परिधि कुमारी कक्षा 1 सहित बुढ़मू का बाड़े निवासी खलासी राहुल मुंडा जिनका इलाज अस्पताल में कराया गया।

वहीं कक्षा 1 की छात्रा परिधि कुमारी के सिर में चोट लगी है, जिसे बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया है।

## घायल स्कूली बच्चों को देखने अस्पताल पहुंचीं विधायक शिल्पी नेहा तिर्की

**मांडर।** स्कूल बस पलटने से बस में सवार लगभग डेढ़ दर्जन बच्चे घायल हो गये। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल सभी बच्चों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका इलाज किया जा रहा है। जानकारी अनुसार सभी बच्चे सुरक्षित हैं। इसकी जानकारी पार्टी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मिलने के उपरांत स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की दुर्घटना में घायल स्कूली बच्चों को देखने अस्पताल पहुंची और उनका हाल चाल लिया।



## रांची लोस इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार यशस्विनी सहाय का खलारी में अभिनंदन



प्रातः आवाज

**खलारी।** रांची लोकसभा की इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार यशस्विनी सहाय एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय का खलारी के केडी मार्केट में गठबंधन के सभी दल, विभिन्न सामाजिक संगठनों, विभिन्न ट्रेड यूनियन के लोगों, व्यवसायियों एवं आमजनों द्वारा नागरिक अभिनंदन किया गया। उनके शुक्रवार की देर शाम खलारी पहुंचने पर राजन सिंह राजा की अगुवाई में जोरदार स्वागत किया गया। तत्पश्चात एक बैठक भी की गयी। लोगों को संबोधित करते हुए यशस्विनी सहाय ने कहा कि अगर खलारी कोयलांचल के लोग उनपर भरोसा कर जीत दिलाते हैं तो यहां की जो सबसे बड़ी समस्या विस्थापन, बेरोजगारी, प्रदूषण एवं स्वस्थ्य सुविधाओं की कमी आदि समस्याओं को दूर करूंगी और बेरोजगारी के कारण जो पलायन हो रहा है उसे रोकने का शत प्रतिशत प्रयास करूंगी। महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष तौर पर काम होगा, असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को वेज वोर्ड के अनुसार वेतन एवं अन्य सुविधा दिलाऊंगी, महिला मजदूरों को पुरुषों के बराबर वेतन मिले, इस मुद्दे को पार्लियामेंट में उठाऊंगी।

इस अवसर पर ललन सिंह, राजन सिंह राजा, बीएन पांडे, राजेश सिंह मिंटू, इंदिरा देवी, जालिम सिंह, साबिर अंसारी, तनवीर आलम, धीरज बहादुर, इस्राएल अंसारी, रौशन लाल, सुल्तान अंसारी, फिरोज आलम, मोनू रजक, सुरेंद्र चौहान, अजमुल अंसारी, रमेश चौहान, राजेश वर्मा, रतन मिश्रा, पप्पू खां, रवि सिंह, कृष्णा ठाकुर, पवनराज सिंह, रूवी यादव, मोनू सिंह, बबलू सिंह, विकास सिंह, मनोज यादव, राजा केशरी, अशोक कुमार, रितेश सिंह, छोटू सिंह, राहुल ठाकुर, अरूण यादव, पंकज सिंह, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एसीसी उवि में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के सफल प्रतियोगियों के बीच पुरस्कार वितरित

प्रातः आवाज

**खलारी।** एसीसी उच्च विद्यालय खलारी में गायत्रीपीठ परिवार डकरा के सौजन्य से भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2023-24 के सफल प्रतियोगियों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने में पंचम वर्ग के रितिका कुमारी एवं शुभराज गुप्ता को प्रथम, सोनू कुमार गुप्ता को द्वितीय, एवं लक्ष्मी कुमारी को तृतीय पुरस्कार दिया गया। छठे वर्ग के अर्चना कुमारी को प्रथम आरोही प्रिया को द्वितीय एवं जयकुमार तिवारी को तृतीय पुरस्कार दिया गया। सप्तम वर्ग में आदित्य कुमार चौहान को प्रथम, मानव राम को द्वितीय एवं नैना कुमारी को तृतीय पुरस्कार दिया गया। अष्टम वर्ग के आदित्य पासवान को प्रथम नौशीन फिरदौस को द्वितीय और रेंसी कुमारी को तृतीय पुरस्कार दिया गया। वहीं नवम वर्ग के नैंसी कुमारी एवं सतीश कुमार चौहान प्रथम, प्रीति कुसुम गंझू द्वितीय एवं शुभम कुमार यादव को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दशम वर्ग के संजना कुमारी को प्रथम, नीलम कुमारी को द्वितीय और गजला प्रवीण को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार देने वालों में गायत्रीपीठ परिवार के नव कुमार बनर्जी, मिथिलेश प्रजापति और राजकुमार यादव उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी ने गायत्री पीठ परिवार के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के माध्यम से बच्चों में संस्कार दिए जाने की जो बीड़ा आपने उठाया है वह सराहनीय है, क्योंकि वर्तमान समय में बच्चों में संस्कार धीरे-धीरे कमी होती जा रही है। वहीं विद्यालय के प्रशासक जामवंत सिंह ने कहा कि संस्कारों के द्वारा मनुष्य अपनी सहज प्रवृत्तियो का पूर्ण विकास करके अपना और समाज दोनों का कल्याण करता है।



शिक्षक समर सेन ने कहा कि संस्कार इस जीवन में ही मनुष्य को पवित्र नहीं करते हैं बल्कि उसके पारलौकिक जीवन को भी पवित्र बनाते हैं। मौके पर गायत्रीपीठ परिवार की ओर से अपनी कार्य कुशलता के कारण प्रधानाध्यापक, शिक्षक समर सेन एवं रेणुका सिंह को मोमेंटो देखकर सम्मानित किया गया। मौके पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं भी उपस्थित थे।

## मांडर के बुढ़ाखुखरा में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत के समर्थन में जनसभा आयोजित



**मांडर (प्रातः आवाज)।** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत के समर्थन में शनिवार को बुढ़ाखुखरा में जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा में कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व पार्टी प्रत्याशी सुखदेव भगत ने विचार व्यक्त किये। बंधु तिर्की ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के नेताओं ने देश में ऐसा माहौल बना दिया है, जिसका खमियाजा आदिवासी, पिछड़े व अल्पसंख्यकों को भुगतना पड़ रहा है। इसलिए आज जरूरी हो गया कि कांग्रेस पार्टी को विजय दिलाई जाए। इस अवसर पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कांग्रेस के घोषणापत्र के संबंध में लोगों को बताया और कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव देश ही नहीं झारखंड के लिए भी चुनौती और महत्वपूर्ण है। गठबंधन प्रत्याशी सुखदेव भगत ने लोगों को वैसी शक्तियों को पहचानने की जरूरत बताया जो आदिवासियों, पिछड़े व अल्पसंख्यकों के बीच दिवार खड़ी करती हैं। मौके पर बेलस तिर्की, नेसार अहमद, पितरूस खलखो, जुवेल तिग्गा, सरिता तिग्गा, शिवकुमार भगत, तौसीफ आलम सहित अन्य मौजूद थे।

## बस की छत से गिरकर युवक की मौत

**मांडर (प्रातः आवाज)।** बस की छत से गिरकर शुक्रवार की रात को गुड़गुड़जाड़ी गांव निवासी बन्ने उरांव 35 वर्ष की मौत हो गयी। वह गांव के बुदू उरांव का पुत्र था। घटना रात करीब दस बजे की है। बताया जा रहा है कि गांव से चान्हो के गणेशपुर बारात गयी थी। वहीं से वापसी के क्रम में गांव पहुंचने पर बस की छत ऊपर नाचने के क्रम में बन्ने उरांव नीचे जमीन में गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में उसे मांडर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर किया गया, जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गयी।

## शहीद सुबेदार मेजर शांति तिर्की स्पोर्टिंग क्लब की बैठक में नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन पर चर्चा



**पिस्का नगड़ी (प्रातः आवाज)।** प्रखंड के डब्ल्यू जोन मल्टीपरपस बोर्डिंग स्कूल में शनिवार को शहीद सुबेदार मेजर शांति तिर्की स्पोटिंग क्लब की बैठक क्लब के संरक्षक डॉ सुफल एक्का की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 11 मई से होने वाले डॉ मसीह प्रकाश एक्का मेमोरियल नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि टूर्नामेंट का फाइनल मैच 19 मई को होगा। टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग लेंगी। सभी मैच 12 ओवर के होंगे। वीनर टीम को एक लाख एक हजार रुपए और रनर टीम को एकावन हजार रुपए दिए जाएंगे। इसके साथ ही मैन आफ द सिरिज, मैन आफ द मैच सहित अन्य खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा। बैठक में टूर्नामेंट में टीम की इंट्री, लाइट, गाड़ी पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाएं पर भी चर्चा करते हुए कई निर्णय लिए गए। मंच संचालन मेलोडियस पियर्सन एक्का तथा धन्यवाद ज्ञापन केशव कुमार भगत ने किया। मौके पर विजय धान, सुभाष भारती, ऐनूल हक, ईंबेसाद, प्रियंका विस्वास, अरसद अंसारी, मंगल उरांव, समीर खलखो, ऐनुल अंसारी, अल्फ्रेड लकड़ा, राजू, फैसल, तौसिफ, लाला चौधरी, आरिफ सहित कई लोग उपस्थित हुए।

## ऑक्सब्रिज की टीम बनी द्रोणाचार्य स्कूल लीग की विजेता

प्रातः आवाज

**मांडर।** एच.ई.सी. टाउनशिप, सेक्टर -2 , धुर्वा रांची स्थित कैरलि स्कूल में चल रहे द्रोणाचार्य स्कूल लीग का फाइनल मैच के साथ शनिवार को समापन हुआ। मौके पर कैरलि स्कूल के प्राचार्य राजेश पिल्लई ने समारोह में उपस्थित सभी खिलाड़ियों, विभिन्न स्कूल के शिक्षकों, प्राचार्यों एवं दर्शक दीर्घा का हार्दिक अभिनन्दन किया। विद्यालय क्वायर ने अभिनन्दन गीत की प्रस्तुति की। इसके साथ ही फाइनल मैच डी.पी.एस., रांची एवं ऑक्सब्रिज स्कूल, मांडर के बीच हुआ। टॉस डी.पी.एस., रांची ने जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। ऑक्सब्रिज स्कूल, मांडर को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया गया। ऑक्सब्रिज स्कूल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 180 रनों का स्कोर किया एवं डी.पी.एस. को जीत के लिए 181 रनों का लक्ष्य दिया। इस रोमांचक मैच में डी.पी.एस. ने 16 ओवर में 172 रन ही स्कोर कर मैच को गंवा दिया और ऑक्सब्रिज स्कूल ने अंतिम ओवर में 8 रनों से फाइनल मैच जीत लिया। इसके उपरान्त विद्यालय के बच्चों ने शानदार विजय नृत्य प्रस्तुत किया। मलयाली एसोसिएशन, रांची के प्रेसिडेंट एस.एच. नाथन ने रनर टीम डी.पी.एस. को एवं विनर टीम को चैम्पियनशिप ट्रॉफी ऑक्सब्रिज स्कूल को प्रदान किया। मैन ऑफ द मैच का खिताब शिक्षक खिलाड़ी हिन्दुस्तान को मिला। विद्यालय प्रबंधन समिति के महासचिव प्रदीप कुमार उन्नीथान ने मैन ऑफ द सीरीज का खिताब टीम ऑक्सब्रिज स्कूल के मो. सैफ को प्रदान किया। मलयाली एसोसिएशन, रांची के सदस्यों ने सम्मिलित रूप से सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। जिसमें प्रमुख रूप से के.जी. सजीव, जी.एस. पिल्लई, सुनील कुमार, अनु पी.जॉन, विद्यालय प्रबंधन समिति के एम.एम. थॉमस थे। विद्यालय प्राचार्य राजेश पिल्लई ने सभी अम्पायरों को स्मृति चिह्न प्रदान किया। उपप्राचार्या सुजा पिल्लई एवं के.आर. स्मृति ने दोनों कमेंट्रेटर शिवा सक्सेना एवं प्रणव आनंद को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।



अंत में एस.एच. नाथन ने द्रोणाचार्य स्कूल लीग के समापन की घोषणा की। कार्यक्रम में डी.ए.वी. कपिलदेव के प्राचार्य एम.के. सिन्हा, ऑक्सब्रिज स्कूल के निदेशक तौफीक आलम एवं प्राचार्या इवेंजेलिन एक्का, जे.वी.श्यामली के प्राचार्य समरजीत जेना एवं अन्य विद्यालयों के प्राचार्य और शिक्षक सहित विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## सिल्ली में भक्ति बाऊल संगीत समारोह का आयोजन

**सिल्ली (प्रातः आवाज)।** सिल्ली स्थित राधा माधव आश्रम में भक्ति बाऊल संगीत समारोह का आयोजन प्रत्येक बर्ष की भांति इस बर्ष भी किया गया। जिसमें में बांकुड़ा, नदिया, पुरूलिया, वर्दमान, धनबाद, बोकारो आदि जगहों से साधु, संत यहां पहुंचे। ठाकुर की आछे आमार की दिबो तुमाई। तुमी छाड़ा भवे, किछु तो नाई। बोलो हरि, तुमाई के मोने पाई। भक्ति बाऊल संगीत यह भी गाकर सुनाया गया । जिसमें श्रद्धालुगण भाव विभोर हुए । बाऊल साधु दयामय दास, बनमाली दासआदि के द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति बाऊल संगीत सुनाकर दर्शकों का मन लिया। इसको लेकर सिल्ली में भक्ति का वातावरण रहा। यह जानकारी राधा माधव आश्रम के बाऊल संत ब्रज गोपाल दास ने दी। उन्होंने बताया कि उक्त समारोह में विभिन्न जगहों से यहां पहुंचे साधु संतों आदि के लिए भंडारा का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर आसपास के अत्यधिक संख्या में ग्रामीण दर्शकगण शामिल होकर बाऊल संगीत कार्यक्रम का आनंद उठाया। इस अवसर पर राधा-माधव आश्रम को आकर्षक ढंग से सजाया गया एवं प्रकाश आदि की भी समुचित व्यवस्था की गई।



## आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर में आर्ट और क्राफ्ट प्रतियोगिता आयोजित



**पिस्का नगड़ी (प्रातः आवाज)।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के गाइडलाइन के अनुसार विद्यालय में प्रत्येक शनिवार को आयोजित की जाने वाली सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में तरह तरह की गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। इसी के तहत शनिवार को कुदलूम स्थित आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को आर्ट और क्राफ्ट प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में कला के साथ-साथ व्यावसायिक शिक्षा के प्रति भी जागरूकता फैलाना है। वर्गानुसार सभी विद्यार्थियों ने इन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और तरह तरह के क्राफ्ट बनाए। शिशु वर्ग के विद्यार्थियों ने आइसक्रीम स्टिक से अनेक आकर्षक क्राफ्ट बनाया। जिसमें नाव, पेन स्टैंड, फोटो फ्रेम आदि बनाया जो देखने में काफी सुंदर लग रहा था। बाल वर्ग के विद्यार्थियों ने माचिस की तिल्लियों से कई सुंदर डिजाइन बनाए। जिसमें वॉल हैंगिंग, सजावट के लिए झालर आदि जैसे अनेक चीजों का निर्माण किया। किशोर और तरुण वर्ग में विद्यार्थियों ने आर्ट और क्राफ्ट के लिए कपड़े, रूई और जूट के उपयोग से हैंड बैग, कढ़ाईदार रुमाल, सॉफ्ट टॉयज (कोमल खिलौने) जैसे चीजों का निर्माण किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र तिवारी ने कहा कि इससे बच्चों में व्यावसायिक शिक्षा के प्रति जागरूकता आयेगी और भविष्य में हमारे विद्यालय के विद्यार्थी आत्मनिर्भर हो सकेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने से बच्चों में निश्चित रूप से सकारात्मक प्रतियोगिता का विकास होता है। इस प्रतियोगिता को संपन्न कराने के लिए विद्यालय के सभी आचार्य दीदी ने अपना पूर्ण सहयोग दिया।

## बिना नर्सो के हॉस्पीटल की कल्पना तक नहीं की जा सकती : जैनेन्द्र कुमार तथागत

### बुद्धा नर्सिंग कॉलेज में लैम्प लाइटिंग का आयोजन

**रातू (प्रातः आवाज)।** जैनेन्द्र ग्रुप ऑफ कॉलेज द्वारा संचालित बुद्धा नर्सिंग कॉलेज बिजुलिया रातू में शनिवार को फ्रेशर पार्टी एवं लैम्प लाइटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डा. राजीव रंजन लाल, कॉलेज के निदेशक जैनेन्द्र कुमार तथागत उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक जैनेन्द्र कुमार तथागत ने कहा कि आज किसी भी हॉस्पीटल में नर्सो की भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता। बिना नर्सों के हॉस्पीटल की कल्पना तक नहीं की जा सकती। किसी भी चिकित्सक की सफलता की कहानी नर्सों से ही शुरू होती है। आज के चिकित्सा युग में नर्सों का दायित्व काफी बड़ा है। इससे पूर्व 2023-27 के प्रवेशित बीएससी नर्सिंग के छात्राओं को प्राचार्या संध्या खलखो ने शपथ ग्रहण कराया।



इसके बाद छात्राओं ने परिचय देने के साथ ही रैम्प पर चलकर अपनी प्रतिभा की झलक दिखाई।

कार्यक्रम में मिस्टर फ्रेशर राज सिंह व मिस फ्रेशर भारती कुमारी को चुना गया। कार्यक्रम का संचालन श्रृष्टि एवं सोनित ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी कृष्णकांत सिंह, हरिमोहन सिंह, मंजूर आलम, हिमांशु सिंह, प्रियांश कुमार, निकिता कुजूर आशीष कुमार, आरपी सिंह, जुगनु कुमार, अभिषेक गुप्ता, कुंदन कुमार, साकिब आलम, अमरजीत, मधु, लक्ष्मी, राखी, गीता, अर्पिता, रूचि, सपना सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## राधा माधव आश्रम सिल्ली के चापाकल की हुई मरम्मती

**सिल्ली (प्रातः आवाज)।** शुक्रवार को पीएचईडी विभाग सिल्ली की ओर से कर्मचारियों के द्वारा राधा माधव आश्रम सिल्ली के चापाकल की मरम्मती की गई। कर्मचारियों ने बताया कि गर्मी को देखते हुए चापाकल मरम्मती का काम लगातार किया जा रहा है। चापाकल की मरम्मती में विभाग के कर्मचारियों में कमल महतो , देवेंद्र महतो , मनोहर महतो शामिल थे ।



## इटकी के गांवों में हाथियों ने फसलों को पहुंचाया भारी नुकसान

**इटकी (प्रातः आवाज)।** प्रखण्ड क्षेत्र के जंगल व उससे लगे गांवों में जंगली हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। वन विभाग द्वारा अब तक उठाए गए कदम खुद सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। हाथियों का इस प्रकार से उत्पात मचाना क्षेत्र में आम बात हो गई है। शुक्रवार की रात हरही गांव में करीब नौ बजे दो हाथी आ गये और किसानों की फसलों को आहार बनाते हुए रौंद कर भारी नुकसान पहुंचाये। हाथी आने की सूचना पर ग्रामीण एकजुट होकर खदेड़ना शुरू किये। हाथी डुमर टोली होते मलार गांव स्थित बांध पहुंचे, वहां भी हाथियों ने फसलों को नुकसान पहुंचाया। ग्रामीणों ने जानकारी दी कि हाथियों की संख्या आधा दर्जन है जो अलग अलग झुंड में बट गये हैं और शाम ढलते ही हाथियों का झुण्ड जंगल से बाहर निकल कर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। फिलहाल हाथियों का झुण्ड ने कदली और कुल्ली जंगल में अड्डा जमा रखा है। हाथियों के आतंक से ग्रामीण भयभीत हैं। हलांकि हाथियों द्वारा अभी तक किसी प्रकार जानमाल का नुकसान नहीं पहुंचाया गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग को हाथियों के आगमन की सूचना दी गई है किन्तु विभाग द्वारा हाथियों को भगाने में अब तक किसी प्रकार की पहल नही की गयी है। ज्ञात हो कि वर्षों से क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात जारी है। वन विभाग ने जंगलों में हाथियों के भोजन के लिए अब तक लगभग 20 वर्षों से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी कोई उपाय नहीं किया है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 90 के दशक पूर्व से ही हाथी इस क्षेत्र में आना प्रारंभ किये हं। पहले क्षेत्र में हाथी यदा-कदा ही आते थे। हाथी की हर एक गतिविधि बताती है कि वे भूखा हैं।

# अभाविप रांची ग्रामीण के सभी प्रखंडों में गांव-गांव जाकर मतदाताओं को करेगा जागरूक

○ राष्ट्रीय हित में शत-प्रतिशत मतदान के लिए अभियान चलायेंगे विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता






प्रातः आवाज

**बेड़ो।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रांची जिला ग्रामीण द्वारा शनिवार को सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल, बेड़ो में मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर एबीबीपी के झारखंड प्रांत संगठन मंत्री राजीव रंजन का एबीवीपी ग्रामीण के सभी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। जिला भर में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के द्वारा गांव-गांव जाकर जागरूकता अभियान को लेकर लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया गया। साथ ही मतदाता जागरण का पोस्टर विमोचन किया गया। प्रांत संगठन मंत्री ने कहा कि राष्ट्रवादी सरकार को वोट देकर देश को पुनः सशक्त व मजबूत बनाएं। देश के सर्वांगीण विकास के लिए एवं देश की सुरक्षा के लिए पुनः स्थिर व मजबूत सरकार का चुनाव करना अति आवश्यक है। इसके लिए विद्यार्थी परिषद शत प्रतिशत मतदान हो, ये सुनिश्चित करेगा और इसके लिए एबीबीपी के हजारों कार्यकर्ता गांव गांव जाकर लोगों के बीच कैम्पनिंग करेंगे। रांची विश्वविद्यालय संयोजक शिवेंद्र सौरव ने कहा कि वोट देना हमारा अधिकार है, इसलिए पहले मतदान फिर जलपान।

मौके पर अभाविप बेड़ो के नगर अध्यक्ष उमेश नारायण सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में देश के हम सभी जिम्मेवार लोगों का कर्तव्य बनता है कि चुनाव के दिन सभी लोग मतदान करें और शत प्रतिशत मतदान हो। साथ ही रांची विभाग संयोजक प्रमुख आकाश रक्षित ने भी कहा कि आज देश में पुनः राष्ट्रवादी सरकार को लाने के लिए हम सभी परिषद के कार्यकर्ता शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष जागरूकता अभियान चलाएंगे। एबीवीपी ग्रामीण के द्वारा हुए इस महत्वपूर्ण बैठक में रांची जिला संयोजक उत्कर्ष नंद तिवारी, रांची जिला ग्रामीण सोसल मीडिया प्रभारी विक्रम कुमार महतो, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य आदर्श प्रसाद, कॉलेज उपाध्यक्ष अनिता तिर्की, नगर सोसल मीडिया प्रभारी दिवाकर महतो, सतीश कुमार, श्रवण कुमार, अनिल कुमार, दुर्गा कुमार, प्रियंका लकड़ा, रिया सिंह, निकिता चटर्जी, अंकित कुमार, गौतम बैठा, शिखा सिंह, मनीषा कुमारी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## समाचार सार

### एसएसपी ने नक्सल प्रभावित बूथों का किया निरीक्षण



**रांची (प्रातः आवाज)।** लोकसभा चुनाव को लेकर एसएसपी चंदन सिन्हा शनिवार को नक्सल प्रभावित बूथों का निरीक्षण किया। एसएसपी ने तमाड़ थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के बूथ का निरीक्षण किया। इस दौरान मतदान कराने के लिए केंद्रीय बलों के ठहराव स्थल पियाकूली पिकेट का निरक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सम्बंधित बूथों के ग्रामीणों को 13 मई को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। जंगलों पहाड़ों के बीच बसे गांव आराहंगा के एक वृद्ध ग्रामीण ने उत्साह से अपना वोटर आई कार्ड भी दिखाया। एसएसपी ने बुंडू एसडीपीओ और तमाड़ थाना प्रभारी को मतदान के दौरान शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड के विद्यार्थियों को जेईई मेंस में मिली सफलता




**रांची (प्रातः आवाज)।** कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल के छात्र आशुतोष पांडेय और मुस्कान ने जेईई मेंस की परीक्षा में सफलता हासिल की है। आशुतोष पांडेय को 97.13 जबकि मुस्कान को 96.98 परसेंटाइल प्राप्त हुआ है। प्राचार्या डॉ नीता पांडेय ने दोनों ही विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। मौके पर प्रचार्या ने कहा कि बच्चों की सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अभिभावकों का प्रोत्साहन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

### भारतीय जनतंत्र मोर्चा के रांची लोकसभा प्रत्याक्षी धर्मेन्द्र तिवारी ने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत

**रांची (प्रातः आवाज)।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के रांची लोकसभा के प्रत्याक्षी धर्मेन्द्र तिवारी ने शनिवार को विभिन्न क्षेत्रों में जनसम्पर्क कर अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने पूर्वाहन 6.0 से 9.0 बजे कृष्णापुरी और न्यू अमरावती कॉलोनी, चुटिया, रांची, पूर्वाहन 10.0 बजे काली मंदिर, रांची रेलवे कॉलोनी एरिया, पूर्वाहन 10.30 से तपोवन मंदिर प्रांगण, निवारणपुर, रांची, अपराह्न 1.0 बजे सर्वश्री रामटहल चैधरी, पूर्व सांसद, रांची लोकसभा से आशीर्वाद लिया गया और उनसे समर्थन मांगा, पूर्वाहन 3.30 से 4.0 बजे देवी मंदिर, रातू रोड, रांची में आसपास के क्षेत्र, पूर्वाहन 4.0 से 4.30 बजे साई मंदिर, रातू रोड, रांची में जनसर्म्पक अभियान चलाया और साई मंदिर में श्रद्धलुओं के बीच शर्बत, खिचड़ी और हलवा वितरण किया। जनसंपर्क के दौरान भारतीय जनतंत्र मोर्चा के प्रत्याशी धर्मेन्द्र तिवारी को लोगों का अपार समर्थन और आशीर्वाद मिला। लोगों ने तीसरा मोर्चा के आने से हर्ष व्यक्त किया।

### सभी 14 सीटों पर एनडीए प्रत्याशी की जीत के लिए अधिवक्ता संघ ने बनायी रणनीति, रांची लोस के लिए कमेटी गठित



**रांची (प्रातः आवाज)।** अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ की एक बैठक आज न्यू बार भवन के प्रथम तल पर रेखा वर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी 14 सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने में अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ के सभी सदस्यों को एकजुट होकर कार्य करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही सभी 14 लोकसभा क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता के उलंघन पर पैनी नजर रखने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में रांची लोकसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ की जीत सुनिश्चित करने के लिए अधिवक्ताओं की एक कमेटी का गठन किया गया जो रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर आजसू पार्टी कार्यकताओं को एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने का कार्य करेंगे। कमेटी में अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ के प्रधान महासचिव भरत चन्द्र महतो, बिपिन बिहारी देवरत्न, मृत्युंजय प्रसाद, प्रदीप कुमार महतो, संजित कुमार, बीरेंद्र महतो, प्रकाश कुमार, दिनेश कुमार वर्मा, रेखा वर्मा, विजय कुमार कोइरी, जितेंद्र प्रसाद, विजय कुमार गुप्ता, सतेन्द्र सिंह, शिव कुमार यादव, निरंजन राम, अमित कुमार, प्रेम कुमार साव, डॉली महतो, बिसेश्वर खंडित आदि अधिवक्ता शामिल किए गए हैं।

### रामटहल चौधरी के पार्टी छोड़ने से कांग्रेस पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा : राकेश सिन्हा

**रांची (प्रातः आवाज)।** कांग्रेस प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि रामटहल चौधरी का कांग्रेस की सदस्यता लेना और छोड़ कर जाना उनका खुद का निजी मामला है। सिन्हा ने शनिवार को कहा कि चौधरी ने दिल्ली में पार्टी की सदस्यता लेने के बाद वह मीडिया में बयान दिये की हम निःस्वार्थ रूप से सेवा करने आये हैं और उन्होंने साफ कहा कि हमें पार्टी के किसी नेता ने कोई आश्वासन नहीं दिया है, जहां तक टिकट की बात रही तो उनसे कोई वादा नहीं किया गया था। जिस भी पार्टी में जायें अच्छे से रहें और दीघार्यु रहें। उनके पार्टी छोड़ कर जाने से कांग्रेस को कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

### सीआईडी ने दो साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

**रांची (प्रातः आवाज)।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने शनिवार को दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार साइबर अपराधियों में दुमका जिला के रहने वाले साजिद अंसारी और देवघर जिला के रहने वाले जमालुद्दीन अंसारी शामिल है। इनके पास से पांच मोबाइल, छह सिम कार्ड, तीन पासबुक, एक चेकबुक, एक एटीएम और एक पेनकार्ड बरामद किया गया है। साइबर क्राइम थाना की डीएसपी नेहा बाला ने बताया कि मीशो एप का कस्टमर केयर एग्जिक्यूटिव बनकर ठगी करने वाले दो साइबर अपराधियों को सीआईडी ने गिरफ्तार किया है। सीआईडी की साइबर सेल की टीम ने यह कार्रवाई की है।

# लोस चुनाव के लिए चार संसदीय क्षेत्रों में वोटर इनफार्मेशन स्लिप का वितरण शुरू

■ चौथे चरण के चुनाव के लिए वोटर इनफार्मेशन स्लिप का वितरण शुरू : के रवि कुमार

प्रातः आवाज




**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि चौथे चरण के चुनाव के लिए लोहरदगा, खूंटी, पलामू और सिंहभूम लोकसभा क्षेत्रों में वोटर इनफार्मेशन स्लिप का वितरण शुरू हो चुका है। बीएलओ घर-घर जाकर यह कार्य कर रहे हैं। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी चाहें तो वह बीएलओ के साथ वोटर स्लिप वितरण देखने के लिए साथ जा सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शनिवार को निर्वाचन सदन, रांची, धुर्वा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कुमार ने बताया कि वोटर इनफार्मेशन स्लिप में मतदाता का नाम, बूथ संख्या और स्थान, मतदाता को मतदान के दौरान क्या करना है और क्या नहीं करना है तथा गूगल मैप के साथ बूथ का लोकेशन भी रहेगा। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग वोटर इनफार्मेशन स्लिप वितरण के दौरान यह भी सर्वे करेगा कि कितने लोगों के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है। मतदाता को मतदान के लिए इस स्लिप के साथ वोटर आइडी कार्ड ले जाना होगा। मतदाता पहचान पत्र नहीं रहने की स्थिति में आयोग द्वारा मान्य 12 तरह के पहचान पत्र मतदान के लिए ले जाना होगा। वोटर इनफार्मेशन स्लिप वितरण की निगरानी भी की जाएगी ताकि शत-प्रतिशत वोटर तक यह सुविधा पहुंचे। इसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारी भी संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में जाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि वोटर स्लिप का वितरण सुचारू ढंग से हो।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पारदर्शी मतदान के लिए एएसडी (ऐबसेंट, शिफ्ट, डेथ) की भी सूची बनाई गई है ताकि अनुपस्थित, दूसरी जगह जा चुके या जिनका निधन हो चुका है, उनके नाम पर बोगस मतदान की आशंका नहीं रहे। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान बीएलओ भी मतदान केंद्र पर रहेंगे ताकि स्थानीय होने के कारण मतदाता की सही पहचान सुनिश्चित हो सके। सभी बूथों पर 14 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के लोगों को वालेंटियर्स के रूप में रखा जाएगा। ये जहां मतदाताओं को गाइड करेंगे, वहीं भविष्य के कुशल मतदाता के रूप में तैयार होंगे। ऐसे वालेंटियर्स का चयन कर ट्रेनिंग भी दी जा चुकी है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भ्रामक खबरों (फेक न्यूज) के प्रकाशन, प्रसारण सहित सोशल मीडिया पर उसके पोस्ट की लगातार निगरानी की जा रही है। भ्रामक खबर मिलने पर संबंधित संस्थान, व्यक्ति पर कार्रवाई की प्रक्रिया अपनायी जाएगी।

## रांची लोस भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने सिल्ली विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जनसंपर्क अभियान

■ कहा- नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में पांच सबसे बड़े असंभव कार्य को संभव कर दिखाया

प्रातः आवाज



**रांची।** रांची सांसद सह रांची लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने सिल्ली विधानसभा के विभिन्न क्षेत्र नवाडीह, घाघरा पराहातु में जनसंपर्क अभियान चलाया। सांसद सेठ ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में पांच सबसे बड़े असंभव कार्य को संभव कर दिखाया। स्वच्छता अभियान, तीन तलाक, राम मंदिर का निर्माण, सर्जिकल स्ट्राइक, धारा 370 समाप्त, ऐसे पांच असंभव कार्य को नरेंद्र मोदी ने संभव कर दिखाया है जो उनके इच्छा शक्ति का प्रतीक है स्वच्छ भारत अभियान प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प के चलते देश के लोगों ने साथ दिया और आज भारत के हर गांव में शौचालय हर शहर गांव गली और चौराहे हमें स्वच्छ नजर आते हैं। जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 का हटाना जम्मू और कश्मीर की जनता 70 साल से धारा 370 की जंजीरों से जकड़ी हुई थी 5 अगस्त 2019 को मोदी सरकार ने कश्मीर को अनुच्छेद 370 से मुक्ति दिला दी लद्दाख को एक अलग केंद्र शासित राज्य घोषित किया। इससे कश्मीर पंडितों को ही नहीं बल्कि राज्य के हर नागरिकों को अब केंद्र सरकार की लाभकारी योजनाओं का भी फायदा मिलने लगा जिससे कई सालों तक कश्मीर के लोगों को वंचित रखा गया। इसी तरह राम मंदिर का निर्माण 5 सालों की प्रतीक्षा का प्रतिफल आज प्राप्त हुआ आज पाकिस्तान के आंख में आंख डालकर भारत बात करता है सर्जिकल स्ट्राइक इसका एक जीता जागता उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण से लेकर राष्ट्रीय नव निर्माण तक हर क्षेत्र में बेहतरीन कार्य हुए हैं। मोदी जी का लक्ष्य है अंतोदय के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे।

पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू ने कहा हमें अपने घरों से निकाल कर देश के विकास के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए यह हमारा अधिकार है देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है आज हम विश्व के पांचवी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं और देश को तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के लिए हम सब को इस बार नरेंद्र मोदी को फिर से तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।

कार्यक्रम में धीरज महतो, दिलेश्वर कोयरी, परीक्षित मंडल, सृष्टिधर महतो, बिंदेश्वरी देवी हरेंद्र प्रमाणिक भागीरथ महतो, लक्ष्मीकांत प्रमाणिक, वरुण कुमार हाजरा, मानिकचंद महतो सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### बाबूलाल मरांडी 28 को लोहरदगा और पलामू में करेंगे जनसभा

**रांची (प्रातः आवाज)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी रविवार को पलामू और लोहरदगा में जनसभा को संबोधित करेंगे। मरांडी छतरपुर विधानसभा के किशनपुर मध्य विद्यालय मैदान में आयोजित जनसभा को 11 बजे संबोधित करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष लोहरदगा के भंडरा में ठाकुरबाड़ी के सामने आयोजित जनसभा को तीन बजे संबोधित करेंगे।

### आजसू पार्टी का मिलन समारोह 28 को चंद्रपुरा में, सुदेश महतो होंगे शामिल



**रांची (प्रातः आवाज)।** बोकारो के चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत तेलो, बाजार टांड में रविवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मिलन समारोह में पूर्व उप मुख्यमंत्री सह केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो शामिल होंगे। इस दौरान कई क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता और कई समाजसेवी सुदेश कुमार महतो के समक्ष आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

## उत्तर प्रदेश में 'सनातन धर्म की प्रासंगिकता' विषयक संगोष्ठी में पद्मश्री अशोक भगत का किया गया स्वागत




प्रातः आवाज

**रांची।** उत्तर प्रदेश के जनपद गाजीपुर में उत्थान फाउण्डेशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित 'सनातन धर्म की प्रासंगिकता' विषयक संगोष्ठी कार्यक्रम में वनवासी बच्चों द्वारा अंगवस्त्र ओढ़ाकर पद्मश्री अशोक भगत का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री अशोक भगत ने की। उन्होंने कहा कि यह मेरा परम सौभाग्य है कि मैं इस कार्यक्रम में बतौर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए इस कार्यक्रम में उपस्थित हूं। जम्मू- कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्रीमती संगीता बलवंत, सच्चिदानंद राय, विजय शंकर सहित अनेक प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

### राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को सम्मानित करेगा मारवाड़ी समाज



**रांची (प्रातः आवाज)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा मंगलवार, 30 अप्रैल को रांची पधार रहे हैं। मारवाड़ी समाज के द्वारा उनका भव्य सम्मान समारोह करने का निर्णय लिया गया है। सम्मान समारोह मंगलवार रात्रि 7.30 बजे से मारवाड़ी भवन, हरमू रोड में आयोजित किया गया है। मारवाड़ी समाज के द्वारा उन्हें ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। समाज के सभी बंधुओं से आग्रह किया गया है कि उपरोक्त कार्यक्रम में 7.30 बजे तक पधार कर अपना स्थान ग्रहण कर लें।

## बाबूलाल मरांडी ने समीर उरांव को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की

प्रातः आवाज



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को मांडर स्थित सोसई आश्रम में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं। मोदी ने सभी वर्गों के लिए काम किया है। किसी भी वर्ग को नहीं छोड़ा। सबके विकास के लिए काम किया। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं, सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास। यह सिर्फ नारा नहीं है। उन्होंने ऐसा करके दिखाया है।

मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री का मकसद भारत को विकसित और समृद्ध भारत बनाना है। जब वह विकसित और समृद्ध भारत की बात करते हैं तो सभी लोगों को न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध करने की बात करते हैं। प्रधानमंत्री बनते ही उन्होंने इस दिशा में काम शुरू किया। पहले लोगों के लिए घरों में शौचालय उपलब्ध कराया। गैस कनेक्शन की सुविधा दी। घर-घर में बिजली पहुंचाई। अब लोगों को 5 किलो मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों को आवास भी उपलब्ध कराया। पिछले 10 वर्षों में देश में चार करोड़ से अधिक प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराए गए। प्रधानमंत्री ने कहा है कि तीसरी बार पीएम बनने पर वे तीन करोड़ से अधिक प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराएंगे। प्रधानमंत्री मोदी किसानों के खाते में भी सालाना 6000 भेज रहे हैं। प्रधानमंत्री कहते हैं कि हर घर में नल से जल पहुंचे। झारखंड की इंडी गठबंधन की सरकार ने इस योजना को भी भ्रष्टाचार में खत्म कर दिया है। मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री लोगों के घर की चिंता करते हैं। उनकी इज्जत की चिंता करते हैं। उनकी भोजन की चिंता करते हैं। उनके पीने के पानी की चिंता करती हैं। गांव-गांव में सड़क और पुल पुलिया बनाने का काम कर रहे हैं। इस बार के चुनाव में जो हमारी चिंता करते हैं, हमें उनकी चिंता करनी चाहिए और 24 में फिर से नरेन्द्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाना है।

मरांडी ने कहा कि झारखंड में झामुमो, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल की सरकार है। ये सभी दल झारखंड विरोधी हैं। विकास विरोधी हैं। देश आजाद होने के बाद से ही झारखंड अलग राज्य की लड़ाई चल रही थी। यदि कांग्रेस चाहती तो बहुत पहले झारखंड अलग राज्य बन गया होता है। झारखंड अलग राज्य बना है तो यह एनडीए की देन है। अटल बिहारी वाजपेयी के सत्ता में आने के बाद झारखंड अलग राज्य बना। मरांडी ने कहा कि कांग्रेस के राज में झारखंड के सबसे अधिक लोग विस्थापित हुए। कांग्रेस के कार्यकाल में झारखंड में बड़े-बड़े कल कारखाने लगे। बड़ी-बड़ी खदान खुली। इसके कारण लोग भी विस्थापित हुए। इसका जवाब कांग्रेस को देना चाहिए। मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल में कितने लोग विस्थापित हुए, यह सबको पता है। आज देश में जिनकी राजनीतिक दुकान बंद हो रही हैं, वे लोग दुष्प्रचार कर रहे हैं। इसका जवाब 13 मई को कमल छाप पर बटन दबाकर देना है। समीर उरांव को भारी बहुमत से विजय बनाना है।

### 30 जून से पहले भरें एडवांस होल्डिंग टैक्स तो मिलेगा 10 परसेंट तक डिस्काउंट

**रांची (प्रातः आवाज)।** रांची नगर निगम के जिम्मे शहर के लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। सफाई से लेकर फॉगिंग, डेवलपमेंट, फॉगिंग, स्ट्रीट लाइट, पीने का पानी जैसी सुविधाएं देने के लिए लोगों से होल्डिंग टैक्स वसूलता है। टैक्स भरने का सिलसिला तो सालों भर चलता है। लेकिन रांची नगर निगम हाउस होल्डर्स को एडवांस टैक्स भरने पर भारी डिस्काउंट दे रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-2025 के होल्डिंग टैक्स का एकमुश्त पेमेंट 30 जून 2024 तक करने पर टैक्स देने वालों को टैक्स की राशि पर अधिकतम 10% की छूट मिलेगी। रांची नगर निगम ने शहर के लोगों से ऑनलाइन या ऑफलाइन एडवांस होल्डिंग टैक्स जमा करने की अपील की है। नगर निगम क्षेत्र में बड़ी आबादी रहती है। 53 वार्डों में सवा दो लाख से अधिक हाउस होल्डर नगर निगम में रजिस्टर्ड हैं। कुछ को छोड़कर सभी हाउस होल्डर होल्डिंग टैक्स नगर निगम में जमा कराते हैं। धार्मिक स्थलों को इससे छूट दी गई है। जबकि सरकारी भवनों से भी नगर निगम सालाना टैक्स वसूल रहा है।

### एफजेसीसीआई प्रतिनिधिमंडल कार्यकारिणी समिति की बैठक में शामिल होने के नेतरहाट रवाना



**रांची (प्रातः आवाज)।** एफजेसीसीआई की नेतरहाट में आयोजित कार्यकारिणी समिति की बैठक में शामिल होने के लिए प्रतिनिधिमंडल चैम्बर भवन से रवाना हुआ। इस अवसर पर एफजेसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष ललित केडिया, मनोज नरेडी एवं पवन शर्मा ने उपस्थित होकर प्रतिनिधिमंडल का उत्साहवर्द्धन किया।

# बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए की जा रही है आवश्यक कार्यवाही

■ उपायुक्त ने बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए केन्द्रीय टीम के साथ की बैठक

प्रातः आवाज



**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए केन्द्रीय टीम के साथ बैठक की। होटवार स्थित क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र के कुक्कुटों के जांच किये गये नमूनों में एच5एन1 एवियन इंफ्लुएंजा की पृष्टि के बाद प्रभावित क्षेत्र के एक से दस किलोमीटर के दायरे में शेष बचे कुक्कुटों की कलिंग, वैज्ञानिक विधि से निस्तारण एवं संक्रमित क्षेत्र का वैज्ञानिक विधि से संपूर्ण डिसइन्फेक्शन का कार्य को लेकर विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त ने बताया कि जिला प्रशासन के जरिये बर्ड फ्लू के प्रसार के रोकथाम एक्शन प्लान के तहत कार्य के लिए बनाए गए रैपिड रिस्पांस टीम की ओर से संक्रमित क्षेत्र के एक से दस किलोमीटर के दायरे में कुक्कुट की कलिंग वैज्ञानिक विधि से निस्तारण और संक्रमित क्षेत्र का क्लीजिंग एंड डिसइन्फेक्शन का कार्य किया जा रहा है। साथ ही संक्रमित क्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे में टीम की ओर से चिकन, ऐग शॉप और आसपास के क्षेत्र में मुर्गियों, अंडे आदि की उपलब्धता की जांच की जा रही है। बर्ड फ्लू के प्रसार के रोकथाम के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। साथ ही लोगों को विभिन्न माध्यमों से जागरुक भी किया जा रहा है।

केन्द्रीय टीम द्वाकी ओर से बर्ड फ्लू के रोकथाम के लिए किये जा रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि रांची के होटवार स्थित क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र के कुक्कुटों के जांच के क्रम में एच5एन1 एवियन इंफ्लुएंजा की पृष्टि हुई है। इसके बाद से ही एहतियात के तौर पर क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, से एक किलोमीटर की परिधि में किसी भी जिंदा,मृत कुक्कुटों और कुक्कुट उत्पाद एवं अण्डा की खरीद-बिक्री एवं परिवहन पर अगले आदेश तक रोक है।

### खेलगांव को झामुमो ने हेलीकॉप्टर पार्किंग बनाया, भाजपा पहुंची चुनाव आयोग



**रांची (प्रातः आवाज)।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को चुनाव आयोग पहुंचकर झामुमो द्वारा खेलगांव में हेलीकॉप्टर पार्किंग बनाने पर तीव्र विरोध करते हुए चुनाव आयोग पहुंची और मुख्य चुनाव पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव, न्यायिक मामले खा उप प्रमुख प्रकाश झा, अधिवक्ता शिव कुमार शर्मा शामिल थे। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि झामुमो द्वारा जो खेलगांव को हेलीकॉप्टर पार्किंग बनाया गया है वह किसके आदेश पर बना है, अभी तक कितना बार हेलीकॉप्टर उड़ा और क्या क्या हेलीकॉप्टर से गया। हेलीकॉप्टर से भारी मात्रा में चुनाव में पैसा का भी आवागमन की संभावना है। झामुमो कितना पैसा पार्किंग का दे रही है किसको दे रही है ये सब जांच का विषय है। खेलगांव में हेलीकॉप्टर पार्किंग रखने से झामुमो नेता बिना जांच चेक के सीधा उड़ान भर रहे है। वहां कोई सी आई एस एफ की प्रतिनियुक्ति नहीं है जो जाने वाले व्यक्ति की जांच करे। पूरे प्रकरण में कौन कौन पदाधिकारी इसमें शामिल हैं ये भी पता लगाना आवश्यक है। फिलहाल मुख्य चुनाव पदाधिकारी ने जांच का आदेश दे दिया है।

# पलामू : नक्सली कमांडर राजेंद्र भुइयां हुआ गिरफ्तार, चार हथियार भी हुआ बरामद

## 10 लाख के इनामी नितेश दस्ते का सदस्य है गिरफ्तार माओवादी राजेंद्र भुइंया

मनोहर कुमार

**पलामू।** पलामू पुलिस कप्तान रिशमा रमेशन के नेतृत्व में नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें पलामू पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। किसी कड़ी में पलामू पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों ने शीर्ष माओवादी कमांडर राजेंद्र भुइयां को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से चार हथियार भी बरामद किया है। लोकसभा चुनाव से पहले प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी को बड़ा झटका लगा है। सूत्रों से



मिली जानकारी के मुताबिक, पुलिस और सुरक्षा बलों ने शीर्ष माओवादी कमांडर राजेंद्र भुइयां को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सली कमांडर के पास से चार हथियार भी बरामद किये गये हैं।

पुलिस और सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी राजेंद्र भुइयां से पूछताछ कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस अधिकारी भी राजेंद्र भुइयां की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं कर रहे हैं। राजेंद्र भुइयां पर कई नक्सली घटनाओं को अंजाम देने का आरोप है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, राजेंद्र भुइयां को शनिवार की अहले सुबह गिरफ्तार किया गया है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को सूचना मिली थी कि राजेंद्र लोकसभा चुनाव के दौरान किसी घटना को अंजाम दे सकता है। यह भी जानकारी मिली थी कि वह लगातार अपनी गतिविधियां बढ़ा रहा है। इसी सूचना के आलोक में पलामू पुलिस और सीआरपीएफ की टीम ने संयुक्त रूप से सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

जानकारी के मुताबिक, यह सर्च ऑपरेशन पलामू के हुसैनाबाद, छतरपुर, पांडु और हैदरनगर के सीमावर्ती इलाकों में चलाया जा रहा था। सर्च अभियान के दौरान माओवादी राजेंद्र भुइयां को गिरफ्तार कर लिया गया। राजेंद्र की निशानदेही पर चार हथियार बरामद भी किये गये हैं।

### इनामी माओवादी कमांडर नितेश यादव का करीबी है राजेंद्र भुइयां

नक्सली कमांडर राजेंद्र भुइयां पलामू के हुसैनाबाद के महुआडांड़ इलाके का रहना वाला है। राजेंद्र 10 लाख रुपये के इनामी माओवादी कमांडर नितेश यादव का बेहद करीबी है और उसके दस्ते का अहम सदस्य है। कुछ महीने पहले पलामू के हुसैनाबाद इलाके में लेवी के लिए एक मोबाइल टावर में आगजनी की घटना हुई थी। इस घटना को अंजाम देने का आरोप राजेंद्र पर है। राजेंद्र भुइयां अन्य नक्सली हमलों का भी आरोपी है। पलामू में लोकसभा चुनाव 13 में को होने जा रहा है इसके पूर्व उक्त नक्सली कमांडर के गिरफ्तारी पलामू पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता मानी जा रही है।

# छात्रा की मौत पर हुआ एमआरएमसीएच में हंगामा



प्रातः आवाज

**पलामू।** जिले के छतरपुर प्रखंड के रामगढ़ की रहने वाली छात्र किरण कुमारी (16) की मौत के बाद एमआरएमसीएच मेदिनीनगर में परिजनों के द्वारा जमकर हंगामा किया गया, जिससे करीब दो घंटे तक अफरा आफरी की स्थिति बनी रही। डाक्टरों के साथ दुर्व्यहार किया गया। आधे घंटे तक ओपीडी ठप रही। मरीज को दिखाने के लिए कटने वाली पर्ची की सेवा रोक दी गई। पुलिस के आने के बाद स्थिति को कंट्रोल में किया गया। परिजनों को पोस्टमार्टम कराने की सलाह दी गई है, ताकि मौत का कारण स्पष्ट हो सके। हंगामा के दौरान धरती के भगवान कहे जाने वाले डॉक्टर भी लाठी लेकर नजर आए।

बताया जाता है कि रामगढ़ की किरण कुमारी पढ़ाई करने के लिए कोचिंग गई थी। वहां वह बेहोश मिली। सूचना मिलने पर परिजन उसे लेकर पहले अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर गए। वहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए एमआरएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। यहां करीब 2 घंटे तक इलाज चलने के बाद दोपहर करीब 12 बजे छात्रा की मौत हो गई।

### परिजनों का क्या है आरोप

परिजनों का आरोप है कि एमआरएमसीएच में सुबह 9 बजे भर्ती करने के बाद छात्र का इलाज डॉक्टर द्वारा नहीं किया गया। कंपाउंडर और नर्स ने इलाज किया, जिससे उसकी मौत हुई। साथी यहां वहां दौड़ाया जाता रहा। रेफर भी नहीं किया गया। अगर सही से इलाज होता तो उसकी जान बच सकती थी। अस्पताल लाने पर उसकी स्थिति ठीक थी।

### क्या कहना है डाक्टर का

एमआरएमसीएच के डॉ आर रंजन ने जानकारी दी की मरीज को लाने के बाद उसके बीमार पड़ने के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। हालांकि इलाज के दौरान स्पष्ट हुआ कि उसने सल्फास की गोली खा ली थी। ऐसी स्थिति में उसे बचाया नहीं जा सका। बावजूद डॉक्टर के साथ दुर्व्यवहार किया गया, यह बर्दाश्त योग्य नहीं है।

# मुखिया निरोतमा के प्रयास से चापाकल का करवाया बोरिंग



प्रातः आवाज

**सतबरवा।** मुखिया निरोत्तमा कुमारी के प्रयास से राजकिय कृत मध्य विद्यालय बारी में पीने के पानी के लिए चापाकल का बोरिंग करवाया।

लोगों ने चापाकल लगाने के लिए मुखिया से गुहार लगाई थी, लोगों ने बताया था कि विद्यालय का चापाकल हमेशा खराब रहता है जिसके कारण मध्या भोजन बनाने के लिए कुंआ से पानी लाकर भोजन बनाना पड़ता था। छात्र-छात्राओं को भी पीने के पानी के लिए परेशानी होती है।

मुखिया निरोत्तमा कुमारी ने बताया कि विद्यालय के हेडमास्टर गोपाल प्रसाद व बच्चों ने बताया था कि विद्यालय का चापाकल हमेशा खराब रहता।

मैंने पीएचईडी विभाग को इस परेशानी से अवगत कराया। विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए शनिवार को विद्यालय में पानी के लिए बोरिंग करवाया। मुखिया ने कहा कि जनता की समस्या के समाधान के लिए हमेशा तैयार हैं। हेडमास्टर गोपाल प्रसाद, अमरेश कुमार सिंह, मो असरफ अंसारी, श्याम बिहारी सिंह, जुबैर खान, विद्यालय के अध्यक्ष असगर खान ने इसके लिए मुखिया का आभार व्यक्त किया।

# पलामू : अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलेट से मतदान को लेकर हुई बैठक

प्रातः आवाज

**पलामू।** लोकसभा आम चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलेट से मतदान कराने को लेकर समाहरणालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया। बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से होने वाले मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत जिले में अबतक की तैयारियों की समीक्षा कर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये, साथ ही एसेंशियल सर्विसेज की श्रेणी में आने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं




कर्मियों का मतदान लोकसभा चुनाव 2024 में सुनिश्चित कराने को लेकर सभी संबंधितों को निर्देशित किया। उन्होंने सभी एसेंशियल सर्विसेज के नोडल पदाधिकारियों से सभी योग्य मतदाता का नाम निर्धारित 12 डी फॉर्म में जमा कराने हेतु निर्देशित किया।

**केंद्रीय बलों केआवासन, आईएसआर वेरिफिकेशन, एएमएफ वेरिफिकेशन की भी ब्लॉकवार समीक्षा**

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने कहा कि केंद्रीय बलों के आवासन और मूलभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं हो, पदाधिकारी इसका ख्याल रखें। सभी क्लस्टर पर पेयजल, शौचालय, बिजली की मुकम्मल व्यवस्था हो। उन्होंने पुलिस और पोलिंग पार्टी के आने-जाने और रहने की पूरी व्यवस्था के साथ समन्वय बनाने हेतु टैग किए गए रोजगार सेवक के साथ लगातार संपर्क में रहने की बात कही। उन्होंने सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी को वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का मतदाताओं के बीच ससमय वितरण कराने के निर्देश दिये। उपरोक्त के अलावे जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कई अन्य बिंदुओं पर समीक्षा कर विभिन्न निर्देश दिये। मौके पर सभी विभागों के नोडल पदाधिकारी मौजूद रहे।

## समाचार सार

### सीईआरसी प्रतिनिधिमंडल ने पकरी बरवाडीह माइंस का दौरा किया



**पलामू (प्रातः आवाज)।** केंद्रीय विद्युत नियामक प्राधिकरण (सीईआरसी) के अध्यक्ष, जिष्णु बरुआ, आईएएस (सेवानिवृत्त) के नेतृत्व में एक सीईआरसी प्रतिनिधिमंडल ने 25 अप्रैल,2024 को कोयला खनन मुख्यालय/एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल), रांची का दौरा किया। शिवम श्रीवास्तव, निदेशक (ईंधन), एनटीपीसी और अध्यक्ष (एनएमएल) ने प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी की और श्री जयशंकर श्रीनिवासन, निदेशक (वित्त), एनटीपीसी की गरिमामय उपस्थिति में सीईआरसी प्रतिनिधिमंडल को खनन में आने वाले संचालन और चुनौतियों से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल की रांची यात्रा के दौरान, टीम ने एनटीपीसी कोयला खनन क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एनटीपीसी और कोयला खनन कार्यों पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति के साथ बातचीत की। और 26 अप्रैल,2024 को सीईआरसी प्रतिनिधिमंडल ने एनटीपीसी की फ्लैगशिप परियोजना, हजारीबाग में पकरी बरवाडीह माइंस का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने खनन कार्यों का अध्ययन करने के लिए एनटीपीसी कोयला खदानों का दौरा किया। इस दौरे में पकरी बरवाडीह खान का ऑपरेशन और ओवरबर्डन (ओबी) क्षेत्र का दौरा किया । इस अवसर पर, प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने महिला डंप चालक से बातचीत की और उन्हें अपना बहुमूल्य योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। सीईआरसी टीम ने एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) के बैनर तले हाल के दिनों में सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने और शानदार प्रदर्शन हासिल करने के लिए एनटीपीसी द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। प्रतिनिधिमंडल दल में श्री अरुण गोयल, सदस्य (वित्त), प्रवास कुमार सिंह, सदस्य (कानून), हरप्रीत सिंह प्रूथी, सचिव, श्री राजीव पुष्करणा, प्रमुख, वित्त प्रभाग, डॉ. एस के चटर्जी प्रमुख, नियामक मामले शामिल थे।

### साफ सफाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : सरयू राय




**जमशेदपुर (प्रातः आवाज)।** बस्तीवासियों की शिकायत पर जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्री सरयू राय ने लक्ष्मीनगर, झगरूबागान, बजरंगी बगान आदि क्षेत्रों का जायजा लिया और वहाँ की साफ सफाई की स्थिति को देखा। श्री राय ने पाया कि नालियाँ गंदगी से भरी हुई हैं और कई स्थलों पर कचरों का अंबार लगा हुआ है। बस्तीवासियों ने बताया कि सफाई कर्मी नियमित सफाई के लिए नहीं आते हैं। बस्तीवासियों ने बताया कि जमशेदपुर अक्षेस द्वारा घोषित कर्मियों की संख्या 48 है जबकि 10 कर्मी ही क्षेत्र में साफ सफाई करने आते हैं। जमशेदपुर अक्षेस के सफाई ठेकेदार लापरवाही बरतते हैं। श्री राय ने जमशेदपुर अक्षेस के उप नगर आयुक्त से दूरभाष पर बात की और सफाई पर लपारवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया। श्री राय ने स्पष्ट कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर क्षेत्र में साफ सफाई की स्थिति बेहतर नहीं होती है तो क्षेत्र के कचरों को इकट्ठा कर जमशेदपुर अक्षेस के मुख्य द्वार पर डाल दिया जाएगा। विधायक श्री राय ने कहा कि क्षेत्र की साफ सफाई को बेहतर करने के लिए अब प्रतिदिन सुबह सुबह विभिन्न क्षेत्रों में साफ सफाई का जायजा लिया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र वासियों से भी आह्वान किया कि जहाँ भी साफ सफाई की समस्या दिखे तो इसकी सूचना विधायक कार्यालय को दें इसपर कारवाई की जाएगी। किसी भी कीमत पर साफ सफाई में लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी।

# जेल में बन्द सजायाप्ता बन्दी से मिले डालसा सचिव, अपील करने की दी सलाह

प्रातः आवाज

**मेदिनीनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव शनिवार को केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में सजायाप्ता बन्दी से मिले और उन्होंने कहा कि जो सजायाप्ता बन्दी अभी तक किसी कारण से अपील नहीं कर पाए हैं उनको अपील करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कोई भी सजा पाए बन्दी बिना अपील किए नहीं रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से वैसे बन्दियों को मुक्त में अपील करने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से कई बन्दियों का अपील माननीय झारखंड उच्च न्यायालय में दाखिल कराया गया है। वहीं जो बन्दी अपील के लिए रह गए हैं उनका भी अपील माननीय उच्च न्यायालय में सरकारी खर्च पर दाखिल कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से समाज के कमजोर व बंचित लोगों को मुफ्त विधिक सहायता उपलब्ध कराया जा रहा है। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द सिंह ने कहा कोई भी सजा प्राप्त बंदी अपील हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार में बंदी आवेदन भेज सकता है। जिसको मुफ्त में माननीय उच्च न्यायालय में सर्वोच्च न्यायालय में व जिला और सत्र न्यायालय में अपील का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि मजिस्ट्रेट कोर्ट से सजा प्राप्त बन्दी का अपील जिला जज के अदालत में अपील दाखिल कर सकते हैं। जबकि जिला जज के यहां से सजा प्राप्त बंदी माननीय उच्च न्यायालय में अपील कर सकते हैं। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के माध्यम से जमानत, अपील, रिवीजन आदि का कार्य किया जा रहा है। कोई भी बंदी जेल में बंदी आवेदन भेज कर मुफ्त में विधिक सहायता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि जो बंदी किसी कारणवश अब तक अपील नहीं कर सके हैं या जिनका अपील लंबित है वह जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि लीगल एड डिफेंस काउंसिल से जुड़े अधिवक्ता सप्ताह के सभी दिन केंद्रीय कारा में बन्दियों से मिलने आते हैं। तथा उनके समस्याओं से रूबरू होते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का समस्या हो तो पीएलभी से लिखवा कर जेल प्रशासन के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकार में भेजने का कार्य करें। ताकि आपको सहयोग प्रदान किया जा सके। इस मौके पर कारा अधीक्षक, जेलर के अलावे दर्जनों बंदी उपस्थित थे।

# पान की दुकान से शराब की खेप बरामद, दो गिरफ्तार

प्रातः आवाज

**पलामू।** जिले के पांकी थाना क्षेत्र अंतर्गत सगालीम बस स्टैंड में शनिवार को छापेमारी कर पान की दो दुकानों से शराब की बड़ी खेप पकड़ी गई। इस सिलसिले में दोनों दुकानों के संचालकों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही 67 पीस बियर समेत अंग्रेजी शराब बरामद हुई है।

पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि सगालीम बस स्टैंड के पास रोहित पान दुकान तथा उपेंद्र पान दुकान में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब का भंडारण कर बिक्री की जाती है। इसकी सूचना पर छापेमारी दल का गठन कर कार्रवाई की गई। दोनों दुकानों में की गई कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। इस संबंध में मामला दर्ज करते हुए पान दुकान के संचालक रोहित कुमार सिंह एवं उपेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया गया।



**छापेमारी में बरामद वस्तुएं**

रोहित पान दुकान से किंगफिशर की 650 एमएल में 19 पीस बीयर बोतल, गॉड फादर 650 एमएल वाला बीयर का बोतल–12 पीस, बी7 स्टर्लिंग रिजर्व की 750 एमएल वाली 2 बोतल शराब, रॉयल स्टैग की 750 एमएल वाला एक बोतल शराब, इम्पीरियल ब्लू की 375 एमएल वाली 13 पीएस बोतल शराब, बी 7 स्टर्लिंग रिजर्व की 375 एमएल वाली 7 बोतल शराब, रॉयल स्टैग की 180 एमएल वाली 13 बोतल शराब कुल–67 पीस (बीयर एवं अंग्रेजी शराब) बरामद की गयी। इसी तरह उपेन्द्र पान दुकान के फ्रिज से किंगफिशर की 650 एमएल वाली 11 बीयर बोतल, गॉड फादर की 500 एमएल वाली केन बीयर की एक बोतल, बी7 स्टर्लिंग रिजर्व की 375 एमएल वाली 5 पीएस शराब बोतल, रॉयल स्टैग की 180 एमएल वाली एक बोतल, इम्पीरियल ब्लू की 375 एवं 180 एमएल वाली क्रमशः 02 एवं 4 बोतल, बी7 स्टर्लिंग रिजर्व की 180 एमएल वाली 2 बोतल शराब कुल 26 पीस (बीयर एवं अंग्रेजी शराब) बरामद की गयी।

# लोक अदालत में 146 मामले का हुआ निस्तारण

प्रातः आवाज

**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में 27 अप्रैल शनिवार को 7:30 बजे सुबह से व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत व स्पेशल लोक अदालत एन आई एक्ट व बिधुत विभाग से सम्बंधित मामले के निस्तारण के लिए लोक अदालत का आयोजन किया गया है। इसमें 146 मामले का निस्तारण किया गया व नव लाख 49 हजार 975 रुपए का मामला सेटल हुआ। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने कहा कि लोक अदालत में मामले



निस्तारण को ले 11 पीठों का गठन किया गया था। वहीं एक हेल्प डेस्क बनाया गया था। प्रथम पीठ में पारिवारिक विवाद का निपटारा कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तंड प्रताप मिश्र व अधिवक्ता वीणा मिश्रा कर रहे थे। पीठ दो में इलेक्ट्रिसिटी एक्ट से संबंधित मामले का निस्तारण जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वितीय विनोद कुमार सिंह व अधिवक्ता अमिताभ चन्द सिंह कर रहे थे। इस पीठ में बिधुत विभाग के 36 मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या तीन में जिला व सत्र न्यायाधीश के कोर्ट व सभी जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के कोर्ट से संबंधित मामले का निस्तारण जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंचम अभिमन्यु कुमार व अधिवक्ता शैलेंद्र नाथ चतुर्वेदी कर रहे थे। इसमें एम ए सी टी के एक मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या चार में अपराधिक मामले का निस्तारण आनंद सिंह मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व अधिवक्ता सतीश कुमार दुबे कर रहे थे। इस पीठ में आपराधिक 18 मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या पांच में सिविल जज सीनियर डिवीजन के सभी कोर्ट के मामले का निस्तारण ए सी जे एम संदीप निशित बारा व अधिवक्ता कुमार शिवाजी सिंह कर रहे थे। पीठ संख्या छह में सिविल जज जूनियर डिवीजन सभी कोर्ट के मामले का निस्तारण सिविल जज जूनियर डिवीजन चन्दन कुमार गोस्वामी व अधिवक्ता वीर विक्रम वक्स राय कर रहे थे। पीठ संख्या सात में एन आई एक्ट से संबंधित मामले का निस्तारण रोजलिना बारा व अधिवक्ता संतोष कुमार पाण्डेय कर रहे थे। इस पीठ में एन आई एक्ट के एक मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या आठ में जे जे बोर्ड से संबंधित मामले का निस्तारण जे एम रितु कुजूर व अधिवक्ता अशोक कुमार मिश्रा कर रहे थे। इस पीठ में जे जे बोर्ड के एक मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या नव में रेलवे कोर्ट से सम्बंधित मामले का निस्तारण रेलवे जेएम मनोज कुमार व अधिवक्ता संजय कुमार सिन्हा कर रहे थे। इस पीठ में रेलवे के दो मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या 10 में प्री लिटीटिगेशन से सम्बंधित मामले का निस्तारण स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता व सदस्य अशोक प्रसाद कर रहे थे। इस पीठ में दो मामले का निस्तारण किया गया व पीठ संख्या 11 में एग्जेक्युटिव रेवेन्यू व श्रम विभाग से संबंधित मामले का निस्तारण सदर एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी व अधिवक्ता उत्तम कुमार कर रहे थे। इस पीठ में 107 सी आर पी सी के 85 मामले का निस्तारण किया गया। वहीं एक हेल्पडेस्क लोगों को मदद के लिए बनाया गया था। जिसमें अधिवक्ता पुष्कर राज व पीएलभी मुनेश्वर राम वादकारियों को मदद कर रहे थे। वन विभाग को 17 हजार 400 व उत्पाद बिभाग को 58 हजार 375 रुपए राजस्व प्राप्त हुआ। विधुत विभाग को दो लाख 60 हजार रुपये व रेलवे को एक हजार रुपए राजस्व प्राप्त हुआ।

## समाचार सार

### 13 दिनों से लापता महिला का नहीं मिला सुराग, परिजन परेशान, कराया सनहा दर्ज



**लोहरदगा (प्रात: आवाज)।** पिछले 13 दिनों से लापता महिला का कोई सुराग नहीं मिलने से परेशान परिजन ने इस संबंध में थाना में सनहा दर्ज कराया है। शहर के थानाटोली खेत मुहल्ला निवासी खालील अंसारी ने पिछले 15 अप्रैल को लोहरदगा सदर थाने में अपनी पत्नी नरगिस खातून के लापता होने की सनहा दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस व परिजनों द्वारा काफी खोजबीन करने के बावजूद लापता नरगिस का कोई सुराग नहीं मिला है। उसके पति खलील अंसारी ने सदर थाना प्रभारी लोहरदगा को सनहा दर्ज करने के संबंध में दिए आवेदन में कहा है कि मैं खलील अंसारी पिता हफिजुल अंसारी साकिन अर्रू थाना सेन्हा जिला लोहरदगा हाल मकान थाना टोली वार्ड नंबर 12 खेत मुहलला थाना एवं जिला लोहरदगा का स्थाई निवासी हूं। तथा मेरी शादी लगभग 7 साल पहले मुसलीम रिती रिवाज के साथ नरगिस खातून पिता समसाद अंसारी माता आसमिन खातुन थाना टोली वार्ड नंबर 12 खेत मुहलला के साथ हुई थी। हम दोनों एक किराये के मकान में रहते थे। पिछले 13 अप्रैल को मैं सुबह 8.30 बजे काम करने के लिए निकला और जब दोपहर खाना खाने के लिए घर वापस आया, तो मेरी बीवी नरगिस खातून घर में नहीं थी। मैं खाना खाकर वापस काम करने कुटमू चला गया। शाम करीब छह बजे घर वापस आया, तो नरगिस घर वापस नहीं आई थी। जिसके बाद अपने रिश्तेदारों, ससुराल और अगल-बगल जान पहचान सभी लोगों से पता लगया, लेकीन कोई पता नही चला। इधर खलील अंसारी ने आम नागरिकों से भी अनुरोध किया है कि किसी को भी अगर नरगिस के बारे में पता चलता है, तो कृपया मोबाइल नंबर 9835613457 में खबर करें। इसके लिए उसे पारितोषिक राशि भी दी जाएगी।

### बाबूलाल मरांडी आज भंडरा में, भाजपा कार्यकर्ताओं को करेंगे संबोधित

**लोहरदगा (प्रात: आवाज)।** भारतीय जनता पार्टी भंडरा मंडल का कार्यकर्ता सम्मेलन आज रविवार को भंडरा ठाकुरबाड़ी थाना के समीप आहूत की गई हैं। इस सम्मेलन में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी तथा भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव विशेष रूप से उपस्थित होकर पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करेंगे।

### विशेष लोक अदालत में 93 केसों का हुआ निष्पादन

लोहरदगा (प्रात: आवाज)। झालसा रांची के निर्देश में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा श्री अरविंद कुमार पांडे के मार्गदर्शन में आज विशेष मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें कुल चार बेंच का गठन किया गया था। आयोजित विशेष लोक अदालत में बिजली के कुल 34 वादों का निष्पादन किया गया जिसमें 7 लाख 18402 रुपए के राजस्व वसूली की गई। जबकि चेक अनादरन के कुल 20 वादों का निष्पादन किया गया। जिसमें 74 लाख 50 हजार रुपए का सेटलमेंट हुआ। इसी तरह क्रिमिनल के 11केस निष्पादित किए गए। आयोजित विशेष लोक अदालत में पीडीजे अरविंद कुमार पांडेय के नेतृत्व में सिविल एवं क्रिमिनल अपील, मोटर दुर्घटना आदि केस रखे गए थे। बेंच संख्या दो में बिजली से संबंधित वादों के लिए अखिलेश कुमार तिवारी प्रथम जिला न्यायाधीश के नेतृत्व में, जबकि चेक अनादरन व अन्य क्रिमिनल वादों के लिए बेंच संख्या तीन के रूप में डॉक्टर चंदन, सीजीएम के बेंच गठन किया गया था। अन्य वादों के लिए बेंच संख्या चार अर्चना कुमारी, वरीय सिविल जज का बेंच गठित किया गया था। इन बातों की जानकारी डालसा सचिव राजेश कुमार ने दिया।

### राष्ट्रीय निर्माण के लिए मतदान महापर्व : महेश सिंह



**लोहरदगा (प्रात: आवाज)।** झारखंड राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ जिला शाखा इकाई के तत्वावधान में शहर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इसकी अगुवाई महेश कुमार सिंह ने की। मौके पर महेश कुमार सिंह ने मतदान की महत्ता, उसके माध्यम से लोकतंत्र की रक्षा तथा संविधान की सुरक्षा पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। कहा कि हम सभी आगामी 13 मई को अपना मतदान कर सफल इसे बनायेंगे। साथ ही घर-परिवार एवं अगल-बगल के मतदाताओं को भी वोट देने के लिए प्रेरित करने हेतु संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर काफी संख्या के कर्मी मौजूद थे।

### डेयरी फार्मिंग स्वरोजगार का बेहतर व्यवसाय : निदेशक




**लोहरदगा (प्रात: आवाज)।** बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान लोहरदगा द्वारा 10 दिवसीय डेयरी एवं जैविक खाद पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया। गया इस अवसर आरसेटी निदेशक मयंक कुणाल जे कांडुलना ने सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र दिया, उन्होंने कहा कि आज इस क्षेत्र में रोजगार के अपार संभावनाएं हैं, अगर इंसान मन से डेयरी फार्मिंग का स्वरोजगार करें तो अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बाजार में दूध के साथ साथ दूध के बने उत्पादों की अच्छी मांगे हैं। उन्होंने ने जिला पशुपालन विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधाएं, योजनाओं के बारे में भी विस्तृत से बतलाया उन्होंने कहा कि गाय की योजनाओं के लिए आवेदन मई-जून से आमंत्रित किए जाएंगे। संकाय सदस्य दीपक कुमार ने आरसेटी द्वारा दी जाने वाली विभिन्न प्रशिक्षणों के बारे में जानकारियां दी। इस अवसर पर आर सेटी के संकाय सदस्य, राजीव कुमार, प्रहलाद भगत आदि उपस्थित थे।

### अपने दायित्वों के प्रति सदैव सजग रहते थे लिपिक रामचन्द्र उरांव : प्राचार्य



**लोहरदगा (प्रात: आवाज)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) चीरी में लिपिक के पद पर पदस्थापित रामचन्द्र उरांव के सेवानिवृत्त होने के पश्चात शनिवार को विदाई समारोह सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित संस्थान के प्राचार्य अभिषेक बड़ाईक ने रामचन्द्र उराँव के सेवानिवृति पश्चात स्वस्थ, दीघार्यु जीवन की कामना की। इनके कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए प्राचार्य ने कहा कि वे अपने दायित्वों के प्रति हमेशा सजग, कर्त्तव्य निष्ठ एवं ईमानदार रहे। 25 वर्ष 9 माह का सेवाकाल पूर्ण करने के पश्चात रामचंद्र उरांव ने अपना अन्तिम कार्य दिवस डायट चीरी में व्यतीत किया। इन्होंने अपना प्रथम योगदान एक जुलाई 1998 को राजकीय बालिका उच्च विद्यालय बारियातु, रांची में दिया था। इन्होंने अपने कार्यकाल में हमेशा सिद्धांतों के प्रति समर्पित एवं अडिग बने रहे। प्रभारी प्राचार्य अमृता सिन्हा ने रामचन्द्र जी के कार्यों की सराहना की एवं उनके व्यक्तित्व को अनुकरणीय बताया। उपस्थित संकाय सदस्यों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्राचार्य अभिषेक बड़ाईक, प्रभारी प्राचार्य अमृता सिन्हा, संकाय सदस्य रविशंकर कुमार, श्याम बिहारी महतो, महबूब आलम शिक्षकेत्तर कर्मी लक्ष्मी देवी, धर्मेन्द्र सिंह एवं जाकिर अंसारी के अतिरिक्त परिवारजन, मित्रगण एवं शुभचिन्तक उपस्थित थे।

# नशे में धुत्त कार चालक ने महिला को रौंदा, घटना स्थल पर हुई दर्दनाक मौत

## घटना के बाद वाहन छोड़ भाग रहे दो कार सवार को लोगों ने दौड़कर पकड़ा

प्रात: आवाज





**लोहरदगा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत कचहरी चौक के पास नशे में धुत कार चालक ने एक महिला को बुरी तरह रौंद डाला, जिससे घटना स्थल पर ही महिला की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता हैं कि कार सवार शादी समारोह से लौट रहे थे। वही कार में सवार सभी लोग नशे में धुत थे। मृतक महिला सुबह पूजा के लिए फूल तोड़ने निकली थी, इसी दौरान तेज रफ्तार कार आने रौंद डाला जिससे मौके पर ही महिला की मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान 65 वर्षीय बिरनोला देवी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह पिछले दो सालों से लोहरदगा में अपने बेटी-दामाद के घर रहती थी। हादसा शनिवार की सुबह करीब 6 बजे लोहरदगा कचहरी चौक के पास हुआ। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गया घटना को लेकर दर्दनाक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। मृतक महिला सुबह पूजा का फूल लेकर आ रही थी इसी बीच पतरा टोली की ओर से तेज रफ्तार में आ रही बेकाबू कार ने एक खड़ी अन्य वाहन से तकताते हुए महिला को अपनी चपेट में ले लिया जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद दुर्घटनाग्रस्त कर को छोड़कर भाग रहे थे पर कार में सवार दो लोगों को स्थानीयलोगों ने दौड़कर समाहरणालय के पास पकड़ा तथा उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि कार सवार लोग नशे में थे। रांची के धुर्वा से लोहरदगा के मनहो बारात आए थे। घटना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और दुर्घटना हुई कार संख्या जेएच 01ईई 0667 को जप्त कर दो लोगो को गिरफ्तार किया है। हादसे के बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। इधर लोगों ने कचहरी चौक पर नगर परिषद के ठेकेदार द्वारा चुंगी वसूली के लिए गाड़ियों को रोकने के तौर तरीके पर भी विरोध जताया और कहा कि इसकी वजह से भी आए दिन हादसे हो रहे हैं। चुंगी वसूलने वालों का स्थान बदलने की प्रशासन से मांग की। ट्रैफिक इंचार्ज अजीत कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का मुआयना किया। यातायात प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि कार की तेज रफ्तार की वजह से ही हादसा हुआ है कार में सवार लोग नशे में धुत थे जिन्हे गिरफ्तार कर लिया गया है।

## तेज रफ्तार की कहर ने ली एक और जान, दो गंभीर रूप से घायल

प्रात: आवाज



**लोहरदगा।** जिले में धड़ल्ले से हो रही यातायात नियमों की अनदेखी अब यहां आम बात हो गई है। यातायात नियमों की अवहेलना के कारण आए दिन दुर्घटना भी होती है। जिससे असमय लोग काल के गाल में समा रहे हैं। विशेष रूप से टीन एजर बाईकों को चलाते समय नियमों का पालन नहीं करते और तेज गति से वाहन चलाने के परिणामस्वरूप अक्सर दुर्घटनाएं होती है। ताजा मामले शनिवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। जहां दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगो की जान चली गई। जानकारी अनुसार लोहरदगा कुडु मार्ग में कड़ाक और जिमा के बीच एक तेज स्कूटी अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे उनसे सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, सभी को एक पिकअप वाहन के माध्यम से सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने विवेक भगत उम्र 22 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। वहीं अनिल मुंडा पिता लरकु मुंडा लाधुप्प सेन्हा निवाड़ी गंभीर रूप से घायल है। साथ ही उसका चचेरा भाई कुलदीप मुंडा पिता बालकेस्वार मुंडा भी इस दुर्घटना में घायल है। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार तीनों लोग गुमला से बारात से वापस लौटकर, बक्सीदिप्पा स्थित एक रिश्तेदार को यहां रुक गए थे, शनिवार सुबह मना करने के बाद भी लाधुप सेन्हा जाने के लिए निकल पड़े, बताया जाता हैं कि रास्ते में कहीं इन लोगो ने शराब का सेवन किया और घर जाने के क्रम में कड़क और जिमा के बीच में अनियंत्रित होकर सड़क पर ही गिर पड़े। जबकि दूसरी घटना में लोहरदगा कचहरी चौक के पास कार की चपेट में महिला की जान चली गई।

### होम वोटिंग व वोटर फैसिलिटेशन सेंटर के नोडल पदाधिकारी को दिया गया प्रशिक्षण



**लोहरदगा (प्रात: आवाज)।** अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा की अध्यक्षता में शनिवार को लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत होनेवाले होम वोटिंग और वोटर फैसिलिटेशन सेंटर के सभी नोडल पदाधिकारी और पोलिंग पार्टी को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सभी प्रखण्डों की ओर से प्राप्त होम वोटिंग की संख्या, और होम वोटिंग के लिए प्रशिक्षण व तैयारी पर चर्चा की गई। मतदाताओं के लिए दी जानेवाली सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में वरीय पदाधिकारी इडीसी, पोस्टल बैलेट कोषांग-सह-आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर समेत अन्य उपस्थित थे।

## उमस भरी गर्मी व गर्म हवाओं से हर तबका परेशान



प्रात: आवाज

**भंडरा (लोहरदगा)।** प्रखंड में तापमान 39 डिग्री सेल्सियस पार कर गया है, आसमान में बादल से उमसभरी गर्मी लोगों को परेशान कर रही है। सुबह से ही गर्मी का एहसास होने लगा है। रात में भी गर्मी से लोग परेशान हैं। पंखा भी गर्म हवा दे रही है। गर्मी से लोगो का रात का नीद खराब हो रही है. कई काम प्रभावित हो रहा है। गर्मी बढ़ने से लोगों की दिनचर्या में प्रभाव पड़ रहा है। सुबह 9 बजते ही लोग घरों से निकलने पर परहेज कर रहे हैं। शाम में तीन बजे के बाद लोग घरों से निकल रहे हैं। सुबह 9 बजे से 3 बजे तक गली चौक चौराहे सड़क बाजार में सन्नाटा पसरा रहता है।शादी विवाह के दिनों में बढ़ी हुई तापमान लोगों को परेशानी बढ़ा दी है। लोगों को मांगलिक कार्य में भी परेशानी हो रही है। लोगों को आना जाना कठिन हो रहा है। ज्यादातर मांगलिक कार्य रात में निपटाए जा रहे हैं। बाजार में कूलर, पंखा, एसी, फ्रिज, घड़ा, कोल्ड ड्रिंक, जूस, फल, नींबू, शरबत, दही की मांग बढ़ी है। गर्मी से परेशान लोग राहत के लिए इन सब चीजों का उपयोग कर रहे हैं। बाजार में इन चीजों की मांग बढ़ी हुई है। जिसके कारण इन वस्तुओं की कीमत भी बड़ी हुई है। डॉक्टर व क्लीनिक दवा दुकान में अधिकांश लोग लू लगने की शिकायत डॉक्टर या दवा दुकान से कर रहे हैं।

# भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश : विमलेश

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सेन्हा में बाल संसद का किया गया गठन

प्रात: आवाज



**सेन्हा (लोहरदगा)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में शनिवार को शिशु भारती, बाल भारती और कन्या भारती के निर्वाचित भैया बहनों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। मौके पर प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी ने बाल संसद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश है। जहां प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष मतदान द्वारा हम जनप्रतिनिधि का चुनाव कर राष्ट्रीय नेतृत्व को प्रबल एवं सुनिश्चित करते हैं छात्र जीवन मे लोकतांत्रिक दायित्व निर्वहन एवं इससे संबंधित क्रियाकलापों के संपादन करने की दक्षता बढ़ाने की दृष्टिकोण से विद्या भारती के विद्यालयों में शिशु भारती, बाल भारती, कन्या भारती का गठन किया जाता है। इससे प्रेरित हो कर भैया बहन विभिन्न विभागों का बंटवारा किया जाता है और अपने अपने विभागों का देखभाल करते करते हैं जिसके माध्यम से विद्यलाय में होने वाले प्रत्येक गतिविधि सुचारू रूप से क्रियान्वयन होती है। विद्यलाय के आचार्या प्रतिभा देवी, संध्या कुमारी, खुशी कुमारी के नेतृत्व में क्रमशः शिशु भारती, बाल भारती, एवं कन्या भारती के पदाधिकारियों का निर्वाचन हुआ। शिशु भारती में प्रधानमंत्री के रूप में नीतिल यादव, बाल भारती के लिए अमृत मुंडा, कन्या भारती के लिए अंशु कुमारी निर्वाचित हुई। इसके अलावे 15 अन्य मंत्री एवं सदस्यों का निर्वाचन हुआ जो विद्यालय के विभिन्न विभागों एवं क्रियाकलापों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था में बनाये गए पदों का दायित्व बोध का ज्ञान पूर्ण रूप से हो सके।

विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुदेश्वर साहू ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम प्रमुख एवं सभी अचार्यवृन्द का सराहनीय योगदान रहा।

प्रतिभा देवी, सुषमा देवी, मालती कुमारी, मीना देवी, संध्या कुमारी, खुशी कुमारी, प्रेमशीला उराँव, निरूपा कुमारी, जयप्रकाश सिंह आदि मौजूद थे।

# भाजपा की जीत सुनिश्चित, जीत के अंतर को बढ़ाने के लिए करें कार्य : अमरदीप यादव

प्रात: आवाज




**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा चुनाव निमित्त भारतीय जनता पार्टी, पिछड़ा जाति मोर्चा जिला का कार्यसमिति बैठक मोर्चा उपाध्यक्ष प्रेम प्रजापति की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, अतिथि मोर्चा के गढ़वा जिला प्रभारी अजय कुमार पंकज एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उमेश कास्याकर उपस्थित थे। मौके पर पिछड़ा जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने कहा कि पूरे भारत देश मे ही नहीं, बल्कि पूरा विश्व मे भाजपा की लहर है और आगामी लोकसभा चुनाव में बहुमत सुनिश्चित है। परन्तु इसबार मोदी ने अबकी बार 400 पार लोकसभा में एनडीए गठबंधन के प्रत्याशियों को विजयी बनाकर भेजने का आह्वाहन किया है। झारखण्ड के पूरे 14 सीट से विजयी हों इसके लिये हम सभी को मेहनत करना है और भाजपा का जीत भी सुनिश्चित है, सिर्फ जीत का अंतर को बढ़ाने हेतु हमसभी को जीतोड़ मेहनत करना है। और विदित हो कि मोर्चाओ का मोर्चा ओबीसी मोर्चा है और पिछड़ा जाति वर्ग भाजपा की रीढ़ है तथा यह मतदाताओं वके कुल संख्या 53-54 प्रतिशत आबादी पिछड़ा वर्ग से सम्बन्ध रखता है और मतदान को पूर्णतः प्रभावित करने की शक्ति पिछड़ी जाति वर्ग के पास है। इसलिए हम सभी कार्यकताओं का कर्तव्य है कि ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को घर से निकालकर बूथ तक कैसे पहुचाएं इसकी चिंता हम सभी को करना है, साथ ही साथ मतदाताओं से मिलकर भाजपा के केंद्र सरकार द्वारा देश के विकास में उसके योगदान के साथ साथ आम जनता के लिये विभिन्न योजनाओं के माध्यम से दी गयी सुविधाओं का चर्चा कर उन्हें भाजपा हेतु वोट करने का आग्रह भी करना है। वहीं गढ़वा प्रभारी अजय पंकज ने जिला के विकास हेतु भाजपा के चुने गए जनप्रतिनिधियों से निवेदन करने की बात कही। पूरे कार्यक्रम का संचालन पिछड़ा जाती मोर्चा महासचिव दुबराज वर्मा तथा रितेश कुमार द्वारा किया गया।

## ढोल नगाड़ा के साथ पारंपरिक अंदाज में निकली सरहुल की शोभायात्रा



प्रात: आवाज

**कैरो (लोहरदगा)।** प्रखंड के टाटी में प्रकृति पर्व सरहुल के अवसर पर धूमधाम के साथ पारंपरिक अंदाज में ढोल नगाड़ा के साथ शोभायात्रा निकाली गई। जो झखरा स्थल से सुरु होकर पूरा गांव व चौक चैराहा होते हुए अखड़ा के समीप सरना प्रार्थना के साथ संपन्न हुई। गांव के पहान पुजार महतो वे ग्रामीणों द्वारा झखरा स्थल में पूजा अर्चना कर अबीर गुलाल लगाते हुए सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष व बच्चे उपस्थित होकर एक दूसरे से आशीर्वाद लेते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। गांव के समाजसेवी लोगों द्वारा गुड़ चना व सरबत की व्यवस्था कर सबको वितरण किया। शोभायात्रा में पारंपरिक अंदाज में नृत्य का एक अलग ही अलौकिक दृश्य देखकर हर कोई झूमते नजर आए। कार्यक्रम में पहान बालो मुंडा, सूरज मुंडा, अन्तु शुक्ला, रविन्द्र सिंह, अनूप ठाकुर, बुधुवा उरांव, विजय उरांव, अमित उरांव, सुजीत सिंह, श्यामकिशोर शुक्ला, सोहन महतो, बैकुंठ शुक्ला, जलन सिंह, सोमरा उरांव, संजय महली सहित सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

### कंडरा चेक पोस्ट में चलाया गया वाहन जांच अभियान



**सेन्हा (लोहरदगा)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा में निर्मित अस्थायी चेक पोस्ट के समीप स्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा लोकसभा चुनाव का बिगुल बजते ही चुनाव आयोग के निर्देश पर दण्डाधिकारी गणेश टोप्पो की मौजूदगी में वाहन जांच अभियान चलाया गया। आगामी लोकसभा आम चुनाव का बिगुल बजते ही आर्दश अचार संहिता लागू होने पर लगातार वाहनों का जांच किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को जांच के दौरान एसआई अविनाश राम के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान राजनीति पार्टी का पोस्टर, बैनर, झंडा, अवैध हथियार के अलावे गंजा, ब्राउन शुगर, चरस, शराब जैसा अन्य नशीला पदार्थ एवं पैसे का जांच किया जा रहा है। जिससे अपराधिक गति विधि पर अंकुश लगा रहे। मौके पर दण्डाधिकारी गणेश टोप्पो तथा एस आई मनीष कुमार महतो दल बल के साथ मौजूद थे।

# चुनाव की तैयारियों को ले डीसी ने की कोषांगों के वरीय व नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक

प्रात: आवाज




**लोहरदगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शनिवार को लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 की तैयारियों को लेकर सभी कोषांगों के वरीय, नोडल व प्रभारी पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में मतदाता सूची, मतदाता पर्ची का वितरण, पीठासीन पदाधिकारी के लिए अब्सेंटी, शिफ्ट और डिलिट मतदाता की सूची उपलब्ध कराना, मतदाता पहचान पत्र का वितरण, मतदान कर्मियों का रेण्डमाइजेशन, पोस्टल बैलेट के लिए प्राप्त आवेदन की स्थिति, मतदान केंद्र के लिए रूट प्लान, कम्युनिकेशन प्लान, ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम, बैलेट पेपर की स्थिति, निर्धारित मतदान केंद्रों की स्थिति, आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की स्थिति में की जा रही कार्रवाई, व्यय की मॉनिटरिंग, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया के मॉनिटरिंग की स्थिति, माइक्रोऑब्जर्वर के प्रतिनियुक्ति व प्रशिक्षण, आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के शिकायत के लिए अधिष्ठापित कंट्रोल रूम, आईटी एप्लीकेशन व महत्वपूर्ण टॉल फ्री नंबर की स्थिति, मतदान दिवस के लिए की जानेवाली तैयारी, सभी प्रखण्डों में मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं व प्रतिनियुक्ति वॉलेंटियर्स की स्थिति, मतदान केंद्र के लिए वाहन की व्यवस्था, मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण की स्थिति, विधि-व्यवस्था समेत अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह, प्रशिक्षु आईपीएस, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, भूमि सुधार उप समाहर्ता सुजाता कुजूर समेत अन्य कोषांगों के वरीय, नोडल, प्रभारी पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

# अपनी खस्ताहाल अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए भारत के साथ व्यापार शुरू करने को आतुर पाकिस्तान!



**अशोक भाटिया**

मीडिया समाचारों के अनुसार अपनी खस्ताहाल अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए पाकिस्तान लगातार हाथ पैर मार रहा है। अब पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार में विदेश मंत्री और नवाज शरीफ के समधि इशाक डार ने भारत के साथ फिर से व्यापार शुरू करने की बातचीत पर जोर दिया है। शहबाज शरीफ के मंत्री का यह बयान इस बात की तरफ इशारा कर रहा है कि पाकिस्तान भारत के साथ फिर से व्यापारिक संबंधों की शुरुआत करने को आतुर है। बीते सालों में ऐसा देखा गया है पाकिस्तान के मंत्री अक्सर भारत के साथ व्यापारिक संबंधों को शुरू करने के लिए जोर दे चुके हैं। पाकिस्तान के पूर्व वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल में किसी अन्य देश में विदेश मंत्री एस जयशंकर को रोककर उनसे प्याज और टमाटर पाकिस्तान भेजने की गुहार लगा चुके हैं।

गौरतलब है कि डार ने पहली बार पिछले महीने लंदन में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान भारत के साथ व्यापार संबंधों को फिर से शुरू करने की संभावना का संकेत दिया था। उनका विचार था कि पाकिस्तान का व्यापारिक समुदाय पाकिस्तान और भारत के बीच व्यापार संबंधों की बहाली चाहता है। उनके बयान की विपक्षी दलों और आलोचकों ने आलोचना की। हालांकि, डार ने गुरुवार को अपनी पिछली टिप्पणियों का बचाव करते हुए कहा कि कई व्यापारियों ने उन्हें बताया कि वे किसी तीसरे देश के माध्यम से भारत से सामान आयात कर रहे थे, जिससे उन्हें अधिक लागत आती थी इसलिए वे दोनों देशों के बीच सीधे व्यापार संबंधों को फिर से शुरू करने के पक्ष में थे।

पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने लंदन जाकर यह बयान ऐसे समय में दिया था जबकि भारत में आम चुनाव शुरू होने वाले थे । इसलिए चर्चा के लिए तो इस बयान का महत्व हो सकता है लेकिन वास्तविक महत्व तभी होगा जब भारत में नयी सरकार बन जाने के बाद इस पर बातचीत होगी। लेकिन बुनियादी सवाल यह है कि क्या भारत को फिर से पाकिस्तान से व्यापारिक रिश्ता बहाल करना चाहिए? इस सवाल के जवाब में किसी भी राजनैतिक दल ने अपने मेनिफेस्टो में उल्लेख किया है न किसी जाहिर सभा में इसका जिक्र।

ज्ञात हो कि जब अगस्त 2019 में भारत की केंद्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटा दिया था । ये भारतीय संविधान का एक प्रावधान था, जो जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देता था। धारा हटाते हुए सेंटर ने तर्क दिया कि इससे यह राज्य पूरे देश से जुड़ सकेगा। ऐसा हुआ भी। इसी बात पर पाकिस्तान परेशान हो उठा, और बौखलाकर भारत से अपने व्यापारिक रिश्ते निरस्त कर दिए।

दूसरी ओर ये बात भी हो रही थी कि ट्रेड सस्पेंशन की बड़ी वजह कुछ और ही थी। असल में उसी साल भारत ने पाकिस्तान से मोस्ट फेवर्ड नेशन का स्टेटस ले लिया और पाकिस्तानी इंपोर्ट पर टैरिफ 200 प्रतिशत तक बढ़ा दिया था। भारत ने यह कदम पुलवामा हमले के बाद लिया था, जिसे पाकिस्तानी टैरर गुट जैश-ए-मोहम्मद ने अंजाम दिया था। हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हुए थे। अटैक के चौबीस घंटों के भीतर ही पाकिस्तान का मोस्ट फेवर्ड नेशन दर्जा हटा दिया गया।

यहां बता दें कि वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन का टैरिफ एंड ट्रेड एग्रीमेंट 1994 कहता है कि सारे सदस्य देश एक-दूसरे को मोस्ट फेवर्ड नेशन दर्जा दें, खासकर पड़ोसी देश ताकि फ्री ट्रेड आसान हो सके। हालांकि ये कोई पक्का नियम नहीं। यही वजह है कि रिश्ते खराब होने पर देश सबसे पहले आपस में यही स्टेटस खत्म करते हैं ताकि नाराजगी का आर्थिक असर भी दिखे।

भारत और पाकिस्तान साल 1996 से ही एक-दूसरे को मोस्ट-फेवर्ड नेशन मानते आए। इसके बाद भी पाकिस्तान ने लंबी लिस्ट बनाई, जिसमें वो आइटम थे, जो भारत से आयात नहीं किए जा सकते। ये उत्पाद एक-दो नहीं, बल्कि 12 सौ भी ज्यादा थे। उसका कहना था कि वो ये बैन अपने घरेलू उद्योगों को चलाए रखने के लिए लगाए हुए है। हालांकि पहले वो 2 हजार से भी ज्यादा उत्पादों को आयात की मंजूरी दे चुका था। निगेटिव-लिस्टिंग के बाद केवल 138 उत्पाद ही रहे, जो वो भारत से आयात कर रहा था। ध्यान रहे कि पाकिस्तान हमसे कपास, ऑर्गेनिक केमिकल, प्लास्टिक, न्यूक्लियर रिएक्टर, बॉयलर्स, मशीनरी और मैकेनिकल डिवाइस जैसी चीजें इंपोर्ट करता था। हम भी पाकिस्तान से कई चीजें आयात करते रहे, जैसे- फल और सूखे मेवे, नमक, सल्फर, पत्थर, कई तरह की धातुएं और चमड़ा आदि। ट्रेड सस्पेंड करने के बाद भी पाकिस्तान हालांकि दवाएं मंगाता रहा क्योंकि उसके तुरंत बाद ही कोविड 19 का दौर आ गया था। भारत ने तब उसकी खासी मदद की थी। बंद होने के बावजूद भारत-पाकिस्तान के बीच लेनदेन पूरी तरह खत्म नहीं हुआ था। मीडिया की एक रिपोर्ट में सरकारी हवाले से कहा गया है कि थोड़ा-बहुत व्यापार वाघा-अटारी बॉर्डर के रास्ते हो रहा था, साथ ही कराची बंदरगाह के जरिए भी लेनदेन चलता रहा। लेकिन ये पहले से बहुत कम, लगभग नहीं जितना हो चुका था। पाकिस्तान हमसे सबसे ज्यादा कॉटन लिया करता था। अब वो इसके लिए ब्राजील और अमेरिका पर निर्भर है। लंबे रास्ते से आने वाले इन उत्पादों पर समय के साथ पैसे भी काफी खर्च हो रहे हैं। फिलहाल पाकिस्तान जिस आर्थिक बदहाली से गुजर रहा है, दूरदराज के देशों से आयात उसपर और भारी पड़ रहा है।

# बैलेट पेपर व वीवीपीएटी पर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला



**किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**

वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में ऐसा भी एक जमाना था जब हम बैलेट पेपर के द्वारा अपना वोट देते थे। यानें अपने मनपसंद उम्मीदवार और उसके चुनाव चिन्ह पर ठप्पा लगाते थे। इस व्यवस्था के दुष्प्रभाव में हमने दूरदर्शन व अन्य चैनलों पर बूथ कैपचरिंग सहित बैलेट पेपरों पर धड़ाधड़ ठप्पे लगाते पेटी में डालते हुए भी चैनलों में देखे थे तथा लाइनों में खड़े मतदाताओं को भगा दिया जाता था यह भी मैंने चैनलों पर स्वयं देख था।फिर समय का चक्कर ऐसा चला कि प्रौद्योगिकी का तेजी के साथ विकास हुआ तो मतदान में बैलेट पेपर से हटकर ईवीएम मशीनों का उपयोग कर दिया जाने लगा। फिर हमने ईवीएम की गड़बड़ियों के बारे में भी अनेक आरोप प्रत्यारोप मीडिया में देखे व सुने फिर वीवीपीएटी आया, जिसमें हम देख सकते हैं कि वोट हमारे पसंदीदा उम्मीदवार को गया या नहीं, जो मैंने स्वयं ने भी 19 अप्रैल 2024 को मतदान के दौरान यह देखा, फिर इसकी पर्चियों का 100 प्रतिशत क्रॉस वेरिफिकेशन का मुद्दा आया यह सभी मुद्दे विवादों में घिरते हुए सुप्रीम कोर्ट की दहलीज तक जा पहुंचे, जिसमें माननीय सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर सुनवाई पूरी की और फैसला सुरक्षित रखा था, जो आज दिनांक 26 अप्रैल 2024 को माननीय दो जजों की बेंच ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने ववीवीपीएटी स्लिपों की 100 प्रतिशत क्रॉस चेकिंग की याचिका को खारिज कर दिया] जिसका चैप्टर अब दि एंड हो गया है। चूंकि बैलेट पेपर व एवं वीवीपीएटी पर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला आज आया है,इसीलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग के दिन सुप्रीम कोर्ट ने बैलेट पेपर व एवं वीवीपीएटी का शतप्रतिशत मिलान की मांग को झटका लगा है,परंतु फैसले का सम्मान सभी पक्ष करेंगे।

साथियों बात अगर हम दिनांक 26 अप्रैल 2024 को आए माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले की करें तो, लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग के बीच शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपैट वेरिफिकेशन की मांग को लेकर सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। बैलेट पेपर की मांग को लेकर दर्ज याचिका भी खारिज कर दी गई है। कोर्ट के इस फैसले से ईवीएम के जरिए डाले गए वोट की वीवीपैट की पर्चियों से शत-प्रतिशत मिलान की मांग को झटका लगा है। एससी ने साफ कर दिया है कि देश में बैलेट पेपर से वोटिंग का दौर वापस नहीं आएगा। यानें मतदान तो ईवीएम से ही होगा, इसके साथ ही वीवीपैट से 100 फीसदी पर्ची मिलान भी नहीं होगा। हालांकि, ईवीएम 45 दिनों तक सुरक्षित रहेगी और अगर नतीजों के बाद 7 दिनों के भीतर शिकायत की जाती है तो जांच कराई जाएगी। एससी ने इस मामले से जुड़ी सभी याचिकाएं खारिज कर दी हैं। माननीय जस्टिसने कहा, हमने सभी याचिकाओं को खारिज किया है। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया है कि चुनाव के बाद सिंबल लोडिंग यूनिटों को भी सील कर सुरक्षित किया जाए। कोर्ट ने निर्देश दिया कि उम्मीदवारों के पास परिणामों की घोषणा के बाद टेक्निकल की एक टीम द्वारा ईवीएम के माइक्रो कंट्रोलर प्रोग्राम की जांच कराने का विकल्प होगा, जिसे चुनाव की घोषणा के 7 दिनों के भीतर किया जा सकेगा। वोटिंग पर्चियों की गिनती पर कोर्ट ने कहा, सिंबल लोडिंग यूनिट्स के पूरा होने पर कंटेनर में सील कर दिया जाएगा, इस पर उम्मीदवारों के हस्ताक्षर होंगे और नतीजे घोषित होने के बाद 45 दिन के लिए स्ट्रॉन्ग रूम में रखा जाएगा।




साथियों बात अगर हम माननीय कोर्ट में चुनाव आयोग द्वारा रखे गए पक्ष की करें तो,चुनाव आयोग के अधिकारी ने कोर्ट को बताया कि एक वोटिंग यूनिट में एक बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और एक वीवीपीएटी यूनिट होती है। सभी यूनिट में अपना अपना माइक्रो कंट्रोलर होता है। इन कंट्रोलर से छेड़छाड़ नहीं हो सकती। सभी माइक्रो कंट्रोलर में सिर्फ एक ही बार प्रोग्राम फीड किया जा सकता है। चुनाव चिह्न अपलोड करने के लिए हमारे पास दो मैन्युफैक्चर हैं, एक ईसीआई है और दूसरा भारत इलेक्ट्रॉनिक्स। चुनाव आयोग ने बताया कि सभी ईवीएम 45 दिन तक स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित रखी जाती हैं। उसके बाद रजिस्ट्रार, इलेक्शन कमीशन से इस बात की पुष्टि की जाती है कि क्या चुनाव को लेकर कोई याचिका तो दायर नहीं हुई है।अगर अर्जी दायर नहीं होती है तो स्ट्रॉन्ग रूम को खोला जाता।कोई याचिका दायर होने की सूरत में स्ट्रॉन्ग रूम को सीलबन्द रखा जाता है। बुधवार को एससी ने कहा था कि अदालत चुनाव की नियंत्रण अथॉरिटी नहीं हैं। अदालत ने ईवीएम मुद्दे पर दो बार दखल दिया है। बेंच ने याद दिलाया कि सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले वीवीपीएटी पर दो आदेश जारी किए हैं, जो एक स्वतंत्र वोट सत्यापन प्रणाली है और मतदाताओं को यह देखने में सक्षम बनाती है कि उनके वोट सही ढंग से दर्ज किए गए हैं या नहीं. कोर्ट ने कहा, एक आदेश तब पारित किया गया था जब अदालत ने चुनावों के दौरान वीवीपैट के उपयोग का आदेश दिया था और दूसरा आदेश तब पारित किया गया था जब अदालत ने निर्देश दिया था कि वीवीपैट का उपयोग एक से बढ़ाकर पांच बूथों तक किया जाना चाहिए। अब आप सभी चाहते हैं कि हम मतपत्रों पर वापस जाने के लिए निर्देश जारी करें।बेंच ने कहा, यदि जरूरी हुआ तो वो मौजूदा ईवीएम सिस्टम को मजबूत करने के लिए निर्देश पारित कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल 2019 में चुनाव आयोग से कहा था कि किसी संसदीय क्षेत्र में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में ईवीएम के साथ वीवीपैट की संख्या एक से बढ़ाकर पांच कर दी जाए।

साथियों बात अगर हम इस केस और फैसले के असर को सभी पक्षकारों के नजरिए से समझने की कोशिश करें तो, केस और फैसले के असर को इन सभी पक्षों के नजरिए से समझते हैं (1) आम आदमी यानी मतदाता सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से आम आदमी की वोट देने की प्रोसेस में कोई बदलाव नहीं होगा। वोटर पोलिंग बूथ जाएगा। अंगुली पर स्याही लगेगी। चुनाव अधिकारी कंट्रोल यूनिट का बटन दबाएगा। वोटर बैलट यूनिट में कैंडिडेट के नाम के सामने का बटन दबाएगा और फिर कुछ सेकेंड तक वीवीपैट की लाइट में अपनी पर्ची देख सकेगा।(2) राजनीतिक पार्टियां और कैंडिडेट्स, फैसले के बाद राजनीतिक पार्टियां और कैंडिडेट्स के लिए एक रास्ता खुला है। वे ईवीएम की जांच करवा सकेंगे। इसे नीचे दिए पॉइंट्स से समझिए। दूसरे या तीसरे नंबर पर आने वाले किसी कैंडिडेट को शक है तो वह रिजल्ट घोषित होने के 7 दिन के भीतर शिकायत कर सकता है।शिकायत के बाद ईवीएम बनाने वाली कंपनी के इंजीनियर्स इसकी जांच करेंगे।किसी भी लोकसभा क्षेत्र में शामिल विधानसभा क्षेत्रवार की टोटल ईवीएम में से 5 प्रतिशत मशीनों की जांच हो सकेगी। इन 5 प्रतिशत ईवीएम को शिकायत करने वाला प्रत्याशी या उसका प्रतिनिधि चुनेगा।इस जांच का खर्च कैंडिडेट को ही उठाना होगा। चुनाव आयोग ने बताया-जांच की समय सीमा और खर्च को लेकर जल्द ही जानकारी शेयर की जाएगी।जांच के बाद अगर ये साबित होता है कि ईवीएम से छेड़छाड़ की गई है तो शिकायत करने वाले कैंडिडेट को जांच का पूरा खर्च लौटा दिया जाएगा।(3) याचिकाकर्ता, उनकी सभी याचिकाएं खारिज हो गईं, लेकिन ईवीएम की जांच के आदेश से थोड़ी राहत मिली। एडीआर के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कई निर्देश दिए, जिसमें कैंडिडेट्स के लिए शिकायत और फिर जांच की बात भी है। इसके बाद सभी याचिकाएं खारिज कर दी गईं। (4) चुनाव आयोग,सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को 3 निर्देश दिए हैं।(1) सिंबल लोडिंग प्रक्रिया के पूरा होने के बाद इस यूनिट को सील कर दिया जाए। सील की गई यूनिट को 45 दिन के लिए स्ट्रॉन्ग रूम में स्टोर किया जाए।(2) इलेक्ट्रॉनिक मशीन से पेपर स्लिप की गिनती के सुझाव का परीक्षण कीजिए।(3) यह भी देखिए कि क्या चुनाव निशान के अलावा हर पार्टी के लिए बारकोड भी हो सकता है।(4) सरकार, सुप्रीम कोर्ट के फैसले में सरकार के लिए कोई निर्देश नहीं है।

साथियों बात अगर हम माननीय कोर्ट द्वारा केस के तह तक जाने के लिए सवालों की करें तो,इससे पहले बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से ईवीएम और वीवीपैट से जुड़े चार सवाल पूछे थे।(1) कंट्रोल यूनिट या वीवीपैट में क्या माइक्रो कंट्रोलर स्थापित है? (2) माइक्रो कंट्रोलर क्या एक ही बार प्रोग्राम करने योग्य है? (3) ईवीएम में सिंबल लोडिंग यूनिट्स कितने उपलब्ध हैं?(4) चुनाव याचिकाओं की सीमा 30 दिन है और इसलिए ईवीएम में डेटा 45 दिनों के लिए संग्रहीत किया जाता है. लेकिन एक्ट में इसे सुरक्षित रखने की सीमा 45 दिन है। पिछले कुछ वर्षों में चुनाव प्रणाली का हिस्सा रहने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन विवादों में हैं। इसकी विश्वसनीयता पर उठते सवालों के चलते लगातार चुनावी प्रक्रिया को भी कठघरे में खड़ा किया जाता रहा है लेकिन आज देश की सर्वोच्च अदालत ने ईवीएम विवाद पर ऐतिहासिक फैसला सुनाया और वीवीपैट के ईवीएम से 100 फीसदी मिलान की मांग को खारिज कर दिया है। एक तरफ जहां सुप्रीम कोर्ट ने 100 प्रतिशतईवीएम वीवीपैट मिलान की याचिका खारिज की, तो दूसरी ओर बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग भी खारिज कर दिया है। कोर्ट ने इस ऐतिहासिक फैसले में चुनाव आयोग को भी कुछ सख्त आदेश दिए हैं और चुनाव सुधार को लेकर बयान दिया है। साथियों बात अगर हम माननीय कोर्ट के दो महत्वपूर्ण निर्देशों की करें तो, पहला निर्देश यह है कि सिंबल लोडिंग प्रोसेस पूरी होने के बाद सिंबल लोडिंग यूनिट को सील किया जाना चाहिए और इसे 45 दिन तक सुरक्षित रखा जाना चाहिए,नतीजे में दूसरे और तीसरे नंबर पर आए उम्मीदवार चाहें तो परिणाम आने के सात दिन के भीतर दोबारा जांच की मांग कर सकते हैं,ऐसी स्थिति में इंजीनियरों की एक टीम द्वारा माइक्रो कंट्रोलर की मेमोरी की जांच की जाएगी जस्टिस महोदय ने कहा कि वीवीपैट वेरिफिकेशन का खर्चा उम्मीदवारों को खुद ही उठाना पड़ेगा यदि ईवीएम में गड़बड़ी पाई जाती है तो खर्च वापस कर दिया जाएगा। जस्टिस महोदय का कहना था कि किसी सिस्टम पर आंख मूंदकर संदेह करना ठीक नहीं हैलोकतंत्र, सभी स्तंभों के बीच सद्भाव और विश्वास बनाए रखने के बारे में है। विश्वास और सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा देकर हम अपने लोकतंत्र की आवाज को मजबूत कर सकते हैं। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि बैलेट पेपर व वीवीपीएटी पर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला।बैलेट पेपर से चुनाव कराने व वीवीपीएटी स्लिप की 100 प्रतिशत क्रॉस चेकिंग का चैप्टर दि एंड-सुप्रीम कोर्ट ने सभी याचिकाएं खारिज की।लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग के दिन,सुप्रीम कोर्ट में बैलेट पेपर वीवीपीएटी शत प्रतिशत मिलन की मांग को झटका लगा,पर फैसले का सम्मान होगा।

# कैरियर गाइडेंस से उत्कृष्ट कोर्स के चयन से करियर में निखार

डॉ. पुनीत कुमार द्विवेदी

करियर गाइडेंस हर एक विद्यार्थी के जीवन में महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि इससे विद्यार्थी के पूरे जीवन का कार्य तय होता है। जब एक विद्यार्थी 12वीं कक्षा पास करता है तो उसे अपने करियर के लिए अगले कदम के बारे में सोचना चाहिए। उसके पास कई विकल्प होते हैं जैसे कि स्नातक, डिप्लोमा, पेशेवर पाठ्यक्रम आदि।

स्नातक कोर्स बहुत महत्वपूर्ण चयन हो सकता है। स्नातक के बाद एक विद्यार्थी कई तरह के क्षेत्रों में जा सकता है जैसे कि कला, वाणिज्य, विज्ञान, फार्मा, वेटेरनरी, नर्सिंग आदि। विद्यार्थी को अपनी रुचि और स्वभाव के अनुसार सही कोर्स चुनना चाहिए।

उच्च शिक्षा लेने का मुख्य कारण यह है कि इससे व्यक्ति की सोचने का तरीका बदल जाता है और उसके दिमाग में नए विचार आते हैं। इससे उसका विकास होता है और वह एक समाजशास्त्री, नैतिकता और अन्य क्षेत्रों में अध्ययन करके समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। उच्च शिक्षा से न केवल व्यक्ति का करियर प्रगति करता है, बल्कि उसे स्वप्नों को पूरा करने की क्षमता भी प्राप्त होती है।




किसी भी संस्थान का चयन करते समय, विद्यार्थी को उसकी मान्यता, शिक्षा का स्तर, संस्थान की संरचना, और सुविधाएं ध्यान में रखनी चाहिए। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उनकी रुचि और क्षमता के अनुसार उच्च व्यवस्थाओं को चुनना चाहिए। कई संस्थान विभिन्न कोर्स कला, वाणिज्य, विज्ञान, भौतिक शिक्षा, कन्या विज्ञान, बिजनेस स्टडीज, गर्मी एवं ऊर्जा, कंप्यूटर एन्जिनियरिंग, फार्मेसी आदि में उपलब्ध कोर्स प्रदान करते हैं। वेटेरनरी साइंस, नर्सिंग, फार्मेसी, या अन्य क्षेत्रों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने से विद्यार्थी का करियर निखर सकता है। इसके अलावा, कुशलता और अच्छी शिक्षा से व्यक्ति किसी भी क्षेत्र में सफल हो सकता है। उच्च शिक्षा से किसी के जीवन में आत्मविश्वास की वृद्धि होती है और वह अपने मार्ग को स्वयं चुन सकता है।

विभिन्न सेक्टर में रोजगार के अच्छे अवसर

- इन कोर्सों से विभिन्न सेक्टर में रोजगार के अच्छे अवसर प्रदान किए जा सकते हैं। कोर्स के उत्कृष्ट चयन एवं कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण करने से कई विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर आसानी से मिल सकते हैं, जैसे कि फार्मास्यूटिकल्स मैनेजमेंट, शिक्षा, हेल्थकेयर, डिजाइन, टेक्नोलॉजी, आर्ट और कला, वित्तीय सेवाएं, होटल मैनेजमेंट, पर्यटन, ग्राफिक्स डिजाइन आदि।

अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के बाद आप मानचित्र सहित अन्य उत्पादों के विकास में भी अपनी क्षमताएं दिखा सकते हैं। आप योग्यता और विशेषज्ञता के हिसाब से विभिन्न स्थानों पर काम पा सकते हैं और अपने करियर में उच्चस्तर की सफलता प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान में रोजगार के अवसर बढ़ते जा रहे हैं, जिससे युवाओं को नए और आकर्षक करियर विकल्प मिल रहे हैं। वर्तमान में नवाचार और दक्षता को महत्व दिया जाता है, जिससे आप अपनी सीमाओं को लांघ कर अच्छे रोजगार के लिए तैयार हो सकते हैं।

इस प्रकार, करियर के संदर्भ में उच्च शिक्षा और उसे ध्यान में रखते हुए उत्कृष्ट कोर्स का चयन करके हम अपने भविष्य को और भी बेहतर बना सकते हैं। विद्यार्थी को उच्च शिक्षा में उच्चतम स्तर की शिक्षा प्राप्त करने का लक्ष्य रखना चाहिए ताकि वह अपने सपनों को पूरा कर सके और समाज में अपनी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके। इसके लिए विद्यार्थी को कोर्स का चयन करने से पहले अच्छे से सोचना चाहिए और उसे स्वयं के क्षमताओं के अनुसार ही कोर्स चुनना चाहिए।

# आज का राशिफल




**मेष**

मेष : खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें।

**वृषभ**

वृष : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।

**मिथुन**

मिथुन : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे।

**कर्क**

कर्क : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**सिंह**

सिंह : शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें

**कन्या**

कन्या : सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

**तुला**

तुला : शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी।

**वृश्चिक**

वृश्चिक : समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी।

**धनु**

धनु : नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**मकर**

मकर : सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। परिवार में अशांति रहेगी।

**कुंभ**

कुंभ : समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**मीन**

मीन : यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### कैंपियन बेसिक एकेडमी में रीडिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**इचाक (प्रातः आवाज)।** मानव विकास द्वारा संचालित विद्यालय कैंपियन बेसिक एकेडमी में रीडिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम से कक्षा अष्टम के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय सचिव बीरबल प्रसाद ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में रीडिंग स्किल बढ़ता है। वहीं प्राचार्या सुरभि वर्मा ने कहा कि बच्चों के सम्पूर्ण विकास के लिए रीडिंग प्रतियोगिता का आयोजन एक सार्थक पहल है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में सभी शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

### केरेडारी के जोरदाग गांव में श्री श्री 1008 नौ दिवसीय रूद्र महायज्ञ को ले कलश यात्रा आज



**केरेडारी (प्रातः आवाज)।** प्रखंड के जोरदाग गांव में श्री श्री 1008 नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ कलश यात्रा को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। 28 अप्रैल दिन रविवार को सुबह 3 बजे भव्य कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाला जाएगा।जिसमें जनप्रतिनिधियों से लेकर 2 हजार से अधिक कलश यात्रा में श्रद्धालु शामिल होने की संभावना है। कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ जोरदाग शिव मंदिर से प्रारंभ होकर जोरदाग समूचा गांव बुकरु होते हुए टंडवा गेरुवा नदी से जल उठाकर, पूना, बुकरु होते हुए जोरदाग मंदिर प्रांगण पहुंचेंगे, जिसकी तैयारी को लेकर यज्ञ पूजा समिति के सदस्यों द्वारा पुरजोर तरीके से तैयारी में जुटे हैं।

### मतदान के लिए भाजपा का पन्ना प्रमुख बनाने का कार्य जोरों पर



**बड़कागांव (प्रातः आवाज)।** भाजपा पूर्वी उरीमारी मंडल बड़कागांव पूर्वी के मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो की अध्यक्षता में पूर्वी मंडल के सभी बूथों में बूथ सत्यापन का कार्य किया जा रहा है जिसमें नयाटांड, गोसाई बलिया, नापो खुर्द, आंगों, तलसवार, हरली, बादाम, गोंदलपुरा पंचायत शामिल हैं। जिसमें क्लस्टर प्रभारी सीताराम साहू एवं गजाधर साहू उपस्थित थे।दोनों प्रभारी ने संयुक्त रूप से बताया की सभी बूथों में एक वोटर लिस्ट पेज के लिए एक पन्ना प्रमुख बनाया जा रहा है। जिससे सत प्रतिशत मतदान किया जा सके तथा सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मिलकर भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में मतदान करने की अपील की एवं 1 मई को एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल के नामांकन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं को शामिल होने का न्योता दिया। मौके पर मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो उपाध्यक्ष अशोक साहू, जागेश्वर तुरी उर्फ बढ़न तुरी, किशोर राणा, देवंती देवी, महामंत्री दिनेश करमाली, सुमन गिरी, सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, श्रीकांत निराला, किसान मोर्चा अध्यक्ष त्रिवेणी महतो, पूर्व मुखिया महेंद्र महतो, भगीरथ ठाकुर, सेवंती कुमारी, नागेश्वर महतो मंडल कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, विजय साव, सुरेश महतो, मंगल तुरी, किशुन तुरी, जयनाथ महतो, कृष्णा गुप्ता, नरेश साव, सुमित्रा देवी, बिनोद महतो, हिरालाल साव शामिल थे।

### बरही में मतदाता जागरूकता को लेकर निकाली गई बाइक रैली



**बरही (प्रातः आवाज)।** मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रखंड सह अंचल कार्यालय से बाइक रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार और सीओ रामनारायण खलखो ने किया। लोकसभा चुनाव में ग्रामीण मतदाता शत प्रतिशत मतदान करें इसके लिए जागरूकता रैली निकाली गई थी। मतदाता मार्गदर्शिका, बैनर, पोस्टर, तख्ती और स्लोगन के साथ बाइक रैली निकाली गई थी। रैली प्रखंड परिसर से शुरू होकर बरही चौक, कोनरा पंचायत, पंचमाधव पंचायत करियातपुर पंचायत, धनवार पंचायत, केवाल, रालो, लठिया, दौरवा, कुंडवा, चार माइल, देवचंदा मोड़ का भ्रमण करते हुए हुए प्रखंड परिसर में आकर संपन्न हुई। रैली के दौरान मतदाताओं के बीच मतदाता मार्गदर्शिका का भी वितरण किया गया।

## मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं डाडीघाघर पंचायत के कई गांव

# आज के आधुनिक युग में भी चुआं से पानी पीने को मजबूर हैं धरधवा गांव के ग्रामीण

- 6 हजार की आबादी वाला 17 किमी की परिधि में फैला है यह पंचायत





**महेश कुमार मेहता**

**इचाक (प्रातः आवाज)।** प्रखंड के सुदूरवर्ती और अति संवेदनशील रहे डाडीघाघर पंचायत के छः गांव कई मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। पंचायत के आठ गांवों में करीब 6 हजार आबादी हैं। जहां अधिकांश आदिवासी, हरिजन, पिछड़ी और मुस्लिम समुदाय के लोग हैं। पंचायत करीब 17 किलोमीटर क्षेत्रफल में फैला हुआ है। फुफंदी गांव के लोगों को पंचायत मुख्यालय जंगल के कच्ची सड़क से होते हुए 12 किलोमीटर दूरी तय कर जाना पड़ता है। इसी प्रकार पंचायत के गरडीह, पुरंपनियां, धरधरवा, शालूजाम गांव चारों ओर घने जंगलों और पहाड़ों के बीच बसा है। इन सभी गांव में आने-जाने के लिए ना तो पक्की सड़क है और नहीं शुद्ध पानी पीने का नसीब होता है। पंचायत के धरधरवा गांव में गरीब 3 सौ आबादी है, जो सिर्फ मुस्लिम समुदाय के हैं। जहां आज तक ना तो कुआं है और ना ही चापानल। पहाड़ी के तलहटी से निकलने वाले पानी पीकर जिंदगी गुजर रहे। चुनाव के वक्त देश-विदेश में राजनीति करने वाले पार्टी के लोग गांव जाते तो नही पर बाहर से ही पानी की समुचित व्यवस्था करने का आश्वासन देते हैं। परंतु चुनाव जीत जाने के बाद आश्वासन उनके जुबान पर ही दम तोड़ देता है। गांव के लोग प्रखंड, जिला से लेकर राज्य तक गुहार लगाते थक चुके हैं। लेकिन आज तक किसी ने गांव, पंचायत की सूध लेने गांव तक नहीं पहुंचते हैं।

### क्या कहते हैं मुखिया



पंचायत के मुखिया नंदकिशोर कुमार ने बताया प्रखंड के पहला सुदूरवर्ती पंचायत डाडीघाघर है। जहां पर अधिकांश हरिजन, आदिवासी, पिछड़ी और मुस्लिम समुदाय के लोग रहते हैं। पंचायत कई मूलभूत सुविधाओं से महरूम है। धरधरवा गांव आज भी पानी की समस्या से जूझ रहा है। लोग आज भी चुवां से पानी पीते हैं। यहां सरकार द्वारा 3 बार बोरिंग किया गया पर पानी नही निकला। ग्रामीण भी 3 बार बोरिंग किये पर सफलता नही मिली। एक बोरिंग में किसी तरह कुछ पानी की आस जगी पर पर्याप्त पानी नही है। यदि प्रशासन आज तक गम्भीर हुई होती तो धरधरवा गांव में पानी की समस्या से निजात मिल जाता। यहां पानी के लिए गरडीह गांव के नजदीक डीप बोरिंग कर सप्लाय दिया जा सकता है। इतना ही नही जल नल योजना का कार्य मे लापरवाही किया जा रहा है। विभागीय जेई और ठीकेदार से भी कई बार बोला गया परन्तु कोई गम्भीर नही दिख रहा है। पानी की घोर किल्लत है।

### क्या कहते हैं ग्रामीण

गांव के मो कादिर और मो अब्बास ने बताया कि हमारी समस्या को देखने वाला कोई नही है। हमारी मां बहनों को चुंवा से पानी लाना पड़ता है। हमारे यहां पानी सप्लाय के लिए जल मीनार बन जाता तो शायद समस्या का समाधान हो जाता। बच्चों को स्कूल भी नही है। गरडीह गांव के स्कूल करीब 2 किलोमीटर घने जंगलों से जाना पड़ता है।

### क्या कहते हैं बीडीओ

प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार से पूछे जाने पर बताया कि सरकार की ओर से जो भी कार्य होने लायक होगा उसे अवश्य करेंगे। यह भी कहा कि मेरे संज्ञान में नहीं था, जेई को लेकर गांव जाएंगे और उचित व्यवस्था करने का काम करेगें।

# बिरहोर टोला पगार को सुरक्षित स्थान पर किया जाएगा स्थानांतरित



**प्रातः आवाज**

**केरेडारी।** बिरहोर टोला पगार को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने और चट्टीबरियातू कोल माइंस से संबंधित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए प्रखंड सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी शैलैश कुमार की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में सबसे पहले बिरहोर टोला से आये बिरहोर को वर्तमान आवास स्थल से अन्यत्र आवासित करने पर विचार विमर्श किया गया। इसके पश्चात खाता नंबर 436 पर स्थानांतरित करने पर सहमति बनी। उक्त चिन्हित स्थल पर शीघ्र ही बिरहोर आवास, सड़क, विद्यालय, पुल, पानी की व्यवस्था की जायेगी। बैठक में बिरहोर की समस्या के साथ धूल-प्रदूषण, विस्थापन लाभ सहित अन्य मामलों को भी उठाया गया। इसपर नियमानुसार कार्रवाई का निर्देश एनटीपीसी को दिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी शैलैश कुमार, अंचलाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार, प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी, मुखिया झरीलाल महतो, पंचायत समिति सदस्य महेंद्र रजक, सुंदर गुप्ता, विनोद नायक, एसपी गुप्ता, सोहराइ बिरहोर, बिशुन बिरहोर, मालती बिरहोरिन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



# मतदाताओं को जागरूक करेंगे पीडीएस दुकानदार

**प्रातः आवाज**

**टाटीझरिया।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जनवितरण प्रणाली दुकानदारों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रखंड कार्यालय सभागार में मतदाता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यशाला में बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सुधीर राय, एमओ राजेश कुमार, बीसीओ थ्योफिल टुडू ने पीडीएस दुकानदारों को कार्डधारियों व मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता को लेकर पीडीएस दुकानदारों को शपथ दिलाई गई और उन्हें कार्डधारियों से शपथ दिलाने की बात कही गई। पदाधिकारियों ने कहा कि एक सुदृढ़ लोकतंत्र की स्थापना में हर वोट कीमती है। मतदाताओं से मतदान करने की ओर प्रेरित करने का अपील किया गया। मौके पर मथुरा साव, अरुण सिंह, काशीनाथ चौधरी, अशोक गुप्ता, गणेश गोप, सुरेंद्र सिंह, संजय साव, गुड्डु, मो. फरीद, सुधा कुमारी, खेमलाल राम व अन्य शामिल रहे।

### टाटीझरिया के दूधमनिया में मतदाता जागरूकता को लेकर संध्या चौपाल





**प्रातः आवाज**

**टाटीझरिया।** मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कहीं नुक्कड़ नाटक, कहीं प्रभात फेरी तो स्कूलों में पेंटिंग और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार के देर शाम को टाटीझरिया के दूधमनिया में वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर प्रखंड प्रशासन ने संध्या चौपाल लगाया। मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदाताओं को प्रेरित किया गया। इस संध्या चौपाल में बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज और प्रखंड पंचायती राज्य पदाधिकारी सुधीर राय शामिल थे। सुधीर राय ने उपस्थित लोगों को 20 मई को मतदान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की। कहा कि मतदान सुबह 7 से शाम 5 बजे तक चलेगी। जिसमें महिला-पुरुष के लिए अलग-अलग लाइन होगी। इसके अलावे दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक और गर्भवती महिलाओ के लिए भी अलग व्यवस्था है। इस मौके पर बीएलओ मो. अजीज, बीएलओ, सुपरवाइज़र मो. मुुईदीन चिश्ती शामिल थे।

## रोड नहीं तो वोट नहीं के तहत निकाले गए विरोध मार्च पर प्रशासन ने लिया संज्ञान, ग्रामीणों को मनाने का किया प्रयास, नहीं माने लोग

# चुनाव के समय किए जाने वाले झूठे वादों और आश्वासन से नाराज हैं लोग

**प्रातः आवाज**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के चेचकपी पंचायत अंतर्गत बीते शुक्रवार को पंचायत के विभिन्न स्थानों पर सैकड़ों की संख्या में उपस्थित होकर लोगों द्वारा निकाली गई विरोध मार्च रोड नहीं तो वोट नहीं का खबर सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। तत्पश्चात बीडीओ रोशमा डुंगडुंग समेत प्रखंड के अन्यकर्मी चेचकपी के लश्करी, धोबारी आदि गांव का भ्रमण कर वहां के ग्रामीणों की समस्या को सुना। वहीं बीडीओ ने लोगों को अस्वस्त किया कि चुनाव के बाद आपकी मांगों को पूरा करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। आप लोग हर हाल में मतदान करें और इस लोकतंत्र के महापर्व में भाग लें। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि हम लोगों को हर बार झूठे वादे/आश्वासन दिया जाता रहा है। जब तक उपायुक्त स्वयं आकर स्थिति का जायजा नहीं लेती हैं तथा सड़क निर्माण के लिए ठोस पहल नहीं करती है, तब तक हम लोग लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि किसी भी दल/निर्दलीय उम्मीदवार का इस पंचायत में चुनाव संबंधी प्रचार प्रसार नहीं होने देंगे। यदि कोई नेता इस पंचायत में प्रचार प्रसार करने के लिए आते हैं तो हम लोग विरोध करेंगे। मौके पर डेगलाल साव, अर्जुन बास्के, शिबू मांझी, अशोक कुमार, मोहन साव, शिव शंकर साव समेत आदि उपस्थित थे।



# निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें अधिकारी : लोकेश मिश्रा




प्रातः आवाज

■ सामान्य प्रेक्षक और जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की गठित विभिन्न कोषांग के कार्यों की समीक्षा

**खूंटी।** सामान्य प्रेक्षक दोरजे चेरिंग नेगी और जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में लोकसभा आम निर्वाचन के लिए गठित विभिन्न कोषांग के कार्यों समीक्षा की गई। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न कोषांगों के कार्यों की जानकारी ली और प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने कर्तव्यों का जिम्मेवारीपूर्वक निर्वहन करें। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

समीक्षा के क्रम में सी विजिल कोषांग, ट्रेनिंग कोषांग, लॉ एंड ऑर्डर, इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल, आईटी सेल, पोस्टल बैलट, मेटेरियल डिस्ट्रीब्यूशन सेल, कंट्रोल रूम व हेल्पलाइन सेल, ऑब्जर्वर सेल, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सेल, स्ट्रांग रूम, स्वीप कोषांग आदि कोषांगों के संबंधित नोडल ऑफिसर से किए जा रह कार्यों की जानकारी ली। उपायुक्त ने सभी कोषांग के कार्यों की समीक्षा की, इनमें कार्मिक कोषांग एवं गठित मेडिकल बोर्ड को आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा प्रशिक्षण कोषांग को जिला स्तरीय पदाधिकारियों, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी को ईवीएम की हैंडस ऑन ट्रेनिंग उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही वाहन कोषांग को डिस्पैच संबंधी पूर्ण तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## बूथ लेवल एजेंट की सूची जल्द से जल्द उपलब्ध करायें राजनीतिक दल : डीसी



खूंटी)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को निर्वाचन व्यय से संबंधित दर निर्धारण के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाजार से प्राप्त कोटेशन, होटल बिल, टेंट का बिल, प्रचार सामग्री, न्यूनतम मजदूरी दर आदि के आधार पर विभिन्न आइटम्स का दर निर्धारण से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बूथ लेवल एजेंट की सूची जल्द से जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचना पर्ची (वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप) का वितरण नाम निर्देशन की अंतिम तिथि से प्रारंभ किया जाना है तथा मतदान की तिथि से कम से कम पांच दिन पूर्व वितरण का कार्य संपन्न किया जाना है। उन्होंने बताया कि बीएलओ के माध्यम से वितरण के लिए तैयार किये गये शेड्यूल की प्रति राजनीतिक दलों, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट निर्वाचन लड़नेवाले अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही मतदाता सूचना पर्ची के वितरण के पश्चात बीएलओ द्वारा एएसडी लिस्ट, अनुपस्थित स्थानांतरित और मृत सूची अल्फाबेटिकली तैयार की जाएगी।

## जिला निर्वाची पदाधिकारी ने किया वज्रगृह और डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण



**खूंटी (प्रातः आवाज)।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने शनिवार को वज्रगृह, डिस्पैच एवं चुनाव के लिए चिह्नित स्थलों में चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्रमवार डिस्पैच सेंटर के लिए जानकारी प्राप्त की। साथ ही लोयला कॉलेज एवं बिरसा कॉलेज में प्रशिक्षण के लिए चयनित कमरों का निरीक्षण यिा और अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वहां बूथवार मार्किंग, रौशनी, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पार्किंग, सिटिंग अरेंजमेंट, साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा समेत अन्य बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों से चर्चा की। पोलिंग पार्टी, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस ऑफिसर के बैठने और मेडिकल टीम के लिए स्थान चिह्नित किया गया।।

## जल, जंगल, जमीन और संविधान बचाने के लिए है यह चुनाव : दयामनी बारला



**खूंटी (प्रातः आवाज)।** कांग्रेस नेत्री दयामनी बारला ने लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के पक्ष मे शनिवार को कर्रा प्रखंड के जबड़ा गांव सहित कई अन्य गांवों में ग्रामीणों के साथ बैठक कर इंडी गठबंधन के कांग्रेस के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह चुनाव जल, जंगल जमीन के साथ ही संविधान बचाने के लिए है। दयामनी बारला ने कहा कि केंद्र की निरंकुश सरकार पुनः अगर केंद्र की सत्त में आती है तो यूसीसी कानून लागू करेगा। इससे आदिवासी समाज का अधिकार, पहचान, भाषा, संस्कृति, सीएनटी एक्ट सभी खत्म हो जाएंगे, इसी लिए भाजपा को रोकना होगा। मौके पर सुगनगी के मुखिया विनोद भेंगरा, पंचायत समिति सदस्य बसंत धान, सुनील होरो, रीता तिडू सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## निजी विद्यालयों में बसों से जाने वाले विद्यार्थियों से लिया जा रहा है निबंधन शुल्क : अरुण



**खूंटी (प्रातः आवाज)।** जिला के अंतर्गत निजी विद्यालयों में बढ़ती खर्च पर मुरहू प्रखण्ड के उपप्रमुख अरुण साबू ने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि निजी विद्यालयों में जिस प्रकार लोगों का अपने बच्चों की पढ़ाई के प्रति अग्रसर हो रहे हैं। वहीं ये पता नहीं है कि उन विद्यालयों का निबंधन हुआ हो या नहीं हुआ हो ऐसी स्थिति में भी कई छोटे स्कूल प्रारंभिक कक्षा से खुल रहे हैं। कई स्कूल बंद भी हो गए हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय चलाने की परंपरा शिक्षा विभाग के द्वारा दिए जाने वाले निबंधन के उपरांत ही होनी चाहिए?। बावजूद इसके खूंटी जिले में धड़ल्ले से ऐसी कई विद्यालय चल ही रही है जिनका निबंधन प्रमाण पत्र आवेदन कर छोड़ दिया जाता है। इसके बावजूद कुछ ऐसे स्कूल हैं जो पूर्व से संचालित हैं जिसमें स्कूल की बसें चलती हैं और अब बसों का भी निबंध रजिस्ट्रेशन के नाम पर पैसा लिया जा रहा है जो बिल्कुल गलत है शिक्षा विभाग को इस पर जिले में संचालित होने वाले स्कूलों की जानकारी होनी चाहिए ताकि अभी बाबा को इस बात की अभिव्यक्ति रहे कि हमारा पैसा बर्बाद नहीं हो रहा है और इसके लिए अभिभावक मंच को भी आगे आना चाहिए।

## केंद्र सरकार की लाभान्वित विकास योजनाओं को बतलाकर भाजयुमो कार्यकर्ता वोट के लिए करें अपील : अमिताभ



**खूंटी (प्रातः आवाज)।** जिले के कर्रा में युवा मोर्चा अध्यक्ष बलराम सिंह की अध्यक्षता में एवं गोविंदपुर मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष विनय गुप्ता की अध्यक्षता में संगठनात्मक एवं आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एक विशेष बैठक किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि लोकसभा प्रभारी अमिताभ सेनापति उपस्थित हुए। मौके पर प्रभारी अमिताभ ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा चलाए गए सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी वर्ग के लोगों को मिला है चाहे वह फ्री राशन हो, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना ,शौचालय, लडली योजना, किसान सम्मान निधि, धारा 370, राम मंदिर, महिला आरक्षण, इत्यादि इन सारी चीजों को युवा चौपाल/मित्र संगोष्ठी/डोर टू डोर भ्रमण के माध्यम से जनता को बताना है और मोदी जी के हाथ को मजबूत करने के लिए एक कमल का फुल दिल्ली भेजने के लिए खूंटी लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा का जीत सुनिश्चित कराना है। उन्होंने कहा कि चुनाव का समय है अभी अन्य पार्टियाँ विभिन्न तरह का प्रलोभन एवं आश्वासन देकर भोले भाले जनता को बर्गलाने का प्रयास करेंगे। ऐसे लोगों को पहचानना है। खूंटी के युवा मोदी जी के साथ है। मौके पर क्षेत्र के काफी संख्या में सक्रिय कार्यकर्ता व पदाधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

# खूंटी लोस क्षेत्र की संवीक्षा में 07 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र योग्य पाये गये

■ डीपीआरओ ने प्रेस कांफ्रेंस कर मीडिया के साथ जानकारी साझा की

प्रातः आवाज




**सिमडेगा।** सिमडेगा मीडिया कोषांग में शनिवार को डीपीआरओ पलटू महतो ने प्रेसवार्ता आयोजित कर खूंटी लोकसभा सीट पर प्रत्याशियों की स्थिति की जानकारी मीडिया के साथ साझा की। उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल 2024 को खूंटी लोकसभा क्षेत्र में नामांकन पत्रों की संवीक्षा के दौरान 07 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र योग्य पाये गये। 09 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र अयोग्य घोषित हुये। उन्होंने बताया कि संविक्षा में योग्य पाए गए अभ्यर्थियों में अर्जुन मुंडा- भारतीय जनता पार्टी, काली चरण मुंडा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, सावित्री देवी- बहुजन समाज पार्टी, बबीता कच्छप- भारत आदिवासी पार्टी, अर्पणा हंस झारखंड पार्टी, बसंत कुमार लोंगा- निर्दलीय और पास्टर संजय कुमार तिर्की निर्दलीय शामिल हैं। वहीं उन्होंने बताया कि संविक्षा में अयोग्य पाए गए अभ्यर्थी में सोमा मुंडा अबुआ झारखंड पार्टी, जयपाल मुंडा- भागीदारी पार्टी (पी), समडोम गुड़िया आंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया, सामुएल पूर्ति- आंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया, थॉमस डांग पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक), प्यारा मुंडु झारखंड पार्टी काशी नाथ सांगा- लोकहित अधिकार पार्टी, सुबोध पुर्ती निर्दलीय और अहलाद केरकेट्टा निर्दलीय शामिल हैं। डीपीआरओ ने बताया कि नाम वापसी की अंतिम तिथि- 29 अप्रैल के अपराह्न 3:00 बजे तक है तथा प्रतीक चिन्ह आवंटन 29 अप्रैल के अपराह्न 3:00 बजे से जायेगी। मतदान की तिथि 13.05.2024 प्रातः 7:00 बजे से 05:00 बजे अपराह्न तक रहेगी। डीपीआरओ ने बताया कि पिछले लोक सभा आम चुनाव 2019 के दौरान सिमडेगा शहरी क्षेत्र के एक हीं जगह पर चार सीरियल मतदान केंद्रों में बहुत कम वोटिंग प्रतिशत हुआ था। जिसमे मतदान केंद्र संख्या 162 हाई स्कूल सिमडेगा पश्चिम में 46 प्रतिशत, मतदान केंद्र संख्या 163 एसएस गर्ल्स हाई स्कूल पूरब में 52.2 प्रतिशत, मतदान केंद्र संख्या 166 एसएस +2 हाई स्कूल सिमडेगा उतर 53.5 प्रतिशत और मतदान केंद्र संख्या 160 एसएस गर्ल्स हाई स्कूल में 54.6 प्रतिशत मतदान हुआ था। जो सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम मतदान प्रतिशत रहा था। उन्होंने मीडिया से इन मतदान केंद्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक करने में सहयोग करने की अपील की है। जिससे इस बार लोकसभा चुनाव में इन चारो मतदान केंद्रों के साथ साथ जिले के सभी अन्य मतदान केंद्रों में मतदान 80 प्रतिशत से अधिक हो सके। इसके साथ मीडिया कर्मियों को निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान कभरेज हेतु उपलब्ध कराए गए प्राधिकार पत्र वितरण एवं मतदाता के रूप में मतदान करने की अपील की।

इस अवसर पर प्रभारी पदाधिकारी सह क्रीड़ा पदाधिकारी प्रवीण कुमार, सीडीपीओ सदर सह प्रभारी पदाधिकारी अर्चना सिंह, कार्यपालक अभियंता जयपाल मांझी जल पथ प्रमंडल सहित सभी मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## पोस्टल बैलेट, सुविधा केंद्र और होम विजिट मतदान कर्मियों को मिला प्रशिक्षण

**खूंटी (प्रातः आवाज)।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशिक्षण कोषांग की ओर से बिरसा कॉलेज खूंटी परिसर में शनिवार को पोस्टल बैलेट, सुविधा केंद्र और होम विजिट मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। परियोजना निदेशक, आइटीडीए सह प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी आलोक शिकारी कच्छप की निगरानी में संचालित प्रशिक्षण में झारखंड में चयनित 12 विभागों के वैसे कर्मी, जो मतदान के दिन चुनाव कार्य की वजह से अपने मताधिकार का प्रयोग से वंचित रह जाते हैं, उनके लिए चयनित टीम द्वारा पोस्टल बैलेट से वोटिंग कराई जाएगी। उन सभी मतदान कर्मियों को उनके कार्य एवं दायित्वों से प्रशिक्षण के माध्यम से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने कर्मियों को कैसे वोट कराया जाना है, इसकी विस्तार से जानकारी दी।

# झासा ने खूंटी में स्वास्थ्य सेवा मजबूत करने के लिए किया समिति का विस्तार

■ झारखंड राज्य स्वास्थ्य सेवा संगठन के राज्य स्तरीय कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक आयोजित

प्रातः आवाज



**खूंटी।** सदर अस्पताल के सभागार में शनिवार को झारखंड राज्य स्वास्थ्य सेवा संगठन के राज्य स्तरीय कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति में बैठक की गई। इस बैठक में चिकित्सकों के समस्या पर चिंतन और क्रियान्वयन करने पर बल दिया साथ किसी प्रकार की समस्या होने पर सभी लोग मिलकर निष्पादन करने भूमिका अदा करेंगे। तथा स्वास्थ्य सुविधाओं को और भी सुदृढ़ करने का निर्णय लिया गया। बैठक में खूंटी जिला के सदस्यों का नाम चयन किया गया। साथ ही राज्य स्तरीय झारखंड राज्य स्वास्थ्य सेवा संगठन में शामिल भी किया गया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर पी पी शाह, झारखंड सचिव डॉक्टर ठाकुर मृत्युंजय सिंह, कोषाध्यक्ष डॉक्टर स्टीफन खेस, संयोजक डॉक्टर शमीम अख्तर, चुनाव पदाधिकारी डॉ लाल मांझी उपस्थित थे। जिनकी उपस्थिति में झारखंड राज्य स्वास्थ्य सेवा संगठन खूंटी जिला के समिति का भी गठन किया गया। जिसमें डॉक्टर संजय कुजूर को जिलाध्यक्ष , डॉ आनंद किशोर उरांव को सचिव, डॉक्टर कुमार आलोक बिहारी को कोषाध्यक्ष, डॉ आशुतोष तिग्गा को संयोजक, डॉक्टर हलेन बिरला एवं डॉ सुषमा कुजूर को उपाध्यक्ष तथा डॉक्टर वीरेंद्र माझी, समीर कुजूर एवं डॉक्टर सफक वारसी को सह सचिव बनाया गया है। इस दौरान सक्रिय सदस्य में सभी प्रखण्डों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, एवं समस्त चिकित्सकों को रखा गया। वहीं नवमनोनित पदाधिकारियों को सिविल सर्जन ने शुभकामनाएँ दी।

# मासिक लोक अदालत में 46 मामलों का निष्पादन

■ 32.39 लाख राशि का सेटलमेंट

प्रातः आवाज




**खूंटी।** व्यवहार न्यायालय परिसर खूंटी में शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेस कुमार की अध्यक्षता में मासिक लोक अदालत एवं बिजली और एनआई एक्ट से संबंधित वादों के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया।

लोक अदालत में विभिन्न मामलों के निष्पादन के लिए कुल पांच बैंचों का गठन किया गया। इनमें दिवानी एवं फौजदारी न्यायालय के सुलहनीय प्रकृति के मामले, एनआई एक्ट और बिजली संबंधित मामले प्रस्तुत किये गये। डालसा की सचिव राजश्री अपर्ना कुजूर ने बताया कि लोक अदालत में उक्त पांच बैंचों के माध्यम से न्यायालय में लंबित 46 मामले का निष्पादन किया गया तथा 32 लाख 39 हजार 400 रुपये राशि का सेटलमेंट किया गया।

विशेष लोक अदालत में बिजली संबंधित 23 मामले और एनआई एक्ट के चार मामलों का निष्पादन किया गया।

इस अवसर पर जिला जज प्रथम संजय कुमार, जिला जज द्वितीय आरके मिश्रा, जिला जज तृतीय प्राची मिश्रा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, डालसा सचिव राजश्री अपर्ना कुजूर, एसडीजेएम दिनेश बाउरी, न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष केके सिंह, सदस्य मधु चंदा रजक तथा डालसा के स्टाफ अवनीश भारद्वाज और डीएलएसए की पीएलवी अंजू कच्छप, नरेश कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

## समाचार सार

### सिमडेगा व्यवहार न्यायालय परिसर में विशेष लोक अदालत सह मासिक लोक अदालत का आयोजन




**सिमडेगा (प्रातः आवाज)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिमडेगा द्वारा विशेष लोक अदालत-सह-मासिक लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर में किया गया। इस अवसर पर कुल चार बेंच का गठन किया गया। पीडीजे राजीव कुमार सिन्हा ने वादीगणों आम जनता को आग्रह पूर्वक कहा कि सुलहनीय वादों के निष्पादन में लोक अदालत सरल, सस्ता एवं सुलभ मार्ग है। लोक अदालत में कुल 64 मामलों का निष्पादन किया गया जिसमें बिजली संबंधित 21 मामले, चेक बाउंस से संबंधित 17 मामले एवं 26 अपराधिक सुलहनीय वाद का निष्पादन किया गया तथा कुल 3507888/- रुपये की राजस्व वसूली की गयी। उक्त विशेष लोक अदालत-सह-मासिक लोक अदालत के उद्घाटन के अवसर पर निरंजन सिंह, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-।। मनीष कुमार सिंह, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, सिमडेगा, मरियम हेमरोम, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा, सुभाष बाड़ा, अनुमंडलीय न्यायिक दण्डाधिकारी, सिमडेगा बसन्त कुमार अध्यक्ष, बार एशोसिएशन, सिमडेगा, संजय कुमार महतो सचिव, बार एशोसिएशन, सिमडेगा वादकारीगण उपस्थित थे।

### ठेठईटांगर बीडीओ नूतन मिंज के नेतृत्व में रात्रि चौपाल में लोगों को मतदान के प्रति किया गया जागरूक



**ठेठईटांगर (प्रातः आवाज)।** शुक्रवार को प्रखंड ठेठईटांगर के ग्राम घोड़ीटोली बूथ नं 197 में प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन मिंज की अध्यक्षता में जेएसएलपीएस ठेठईटांगर टीम के द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से इस गाँव में रात्री चौपाल किया गया। जिसमें 13 मई को अपने अपने क्षेत्र के बूथ में जाकर सभी ग्रामीणों को मतदान करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम किया गया तथा ग्रामीणों के बिच सखुवा पत्ता में हल्दी से रंगा हुआ चावल देकर 13 मई 2024 को मतदान करने के लिए आमंत्रण दिया गया, पोस्टर के माध्यम से मतदान देने का तरीका बताया गया तथा मतदान के लिए शपथ दिलाया गया। इसमें गांव के ग्रामीण, एसएचजी की दीदियाँ जेएसएलपीएस के प्रभारी बीपीएम संतोष कुमार वर्मा, एफटीसी प्रमोद सिन्हा, सीता भगत, मारियाना गुड़िया ठू कृष्ण कुमार भोय, एवं बीएपी लालमुनी देवी आदि उपस्थित थे।

### अंचलाधिकारी ने बेड़ो के 14 मतदान केंद्रों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर की समीक्षा



**बेड़ो (प्रातः आवाज)।** लोकसभा आम चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा जश्न है और संपूर्ण तैयारी किए बिना जश्न की सफलता संभव नहीं है। उक्त बातें निर्वाचन से संबंधित बुधवार को आयोजित की गई समीक्षात्मक बैठक के दौरान बेड़ो के अंचलाधिकारी प्रताप मिंज ने कही। वे राजकीय प्राथमिक विद्यालय लमकाना और राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय जहानाबाज में आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने मतदान केंद्र संख्या 295, 296, 297, 298, 299, 305, 306, 307, 308, 309, 310, 311, 312, 313, और 316 कल 14 मतदान केंद्रों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि यह अति आवश्यक है कि हम सभी मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराऐं ताकि मतदान कर्मी, चुनाव कर में लगे सुरक्षाकर्मी और मतदाता को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। सभी मतदान केंद्रों में बिजली, पानी शौचालय के साथ-साथ पर्याप्त चार्जिंग पॉइंट, पंखा सहित अन्य सुविधा की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित किया जाना है। उन्होंने विभिन्न मतदान केंद्रों में अब तक रही कमी की निशानदही करते हुए कई अहम निर्देश दिए। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, बीएलओ, जनप्रतिनिधि, पंचायत कर्मी, क्षेत्र के जिम्मेदार व्यक्ति सहित अन्य उपस्थित थे।

### खलारी के नये थाना भवन के लिए पूर्व में चयनित स्थान पर निर्माण कार्य के पूर्व किया गया भूमि पूजन



**खलारी (प्रातः आवाज)।** खलारी बैंक चौक से उत्तर की ओर खाली भूमि में खलारी के नए थाना भवन के लिए पूर्व में चयनित स्थान पर शनिवार को निर्माण कार्य शुरू करने के पूर्व भूमि पूजन की गई। भूमि पूजन थाना प्रभारी पुनि० विजय कुमार सिंह के द्वारा पंडित बिनोद मिश्रा ने कराई। निर्माण स्थल पर पूजन के बाद इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह एवं संवेदक रामेश्वर सिंह ने बारी बारी से नारियल तोड़कर भवन के नीव की खुदाई का कार्य आरंभ करवाया। मौके पर संवेदक रामेश्वर सिंह ने बताया कि भवन निर्माण में एक साल लगेगा जिसे वित्तिय वर्ष में पूरा कर लेना है। इस दौरान झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनील पासवान, चितरंजन सिंह, गोपल सिंह, गौरव सिंह, राजा सिंह, प्रमोद सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह एवं मनोज कुमार साहू उपस्थित थे। इधर सुबह 11 बजे भूमि पूजन के बाद कार्य प्रारम्भ हुआ, वहीं तीन बजते बजते दूसरे पक्ष के द्वारा उक्त स्थल पर सरकारी अस्पताल बनाने के लिए चिन्हित किये जाने की बात कहकर कार्य को रुकवा दिया गया। मामले को लेकर खलारी अंचलाधिकारी प्रणव अम्बष्ठ, थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह एवं अमीन कृष्णा तिर्की निर्माण स्थल पर पहुंच कर संवेदक एवं दूसरे पक्ष के साथ भूमि चयन को लेकर बात चीत की और सोमवार को भूमि चयन को लेकर एक दस्तावेज तैयार कर सभी पक्षों के सहमति से हस्ताक्षर करने की बात कही गई। वहीं मौके पर खलारी सीओ एवं थाना प्रभारी के द्वारा बताया गया कि अस्पताल निर्माण को लेकर उक्त जमीन को चिन्हित करने की बात कही गई है जिसके वजह से थाना भवन को थोड़ा कस्तूरबा विद्यालय के तरफ स्थानांतरित किया गया है। साथ ही उक्त जमीन को दोनों भवनों के लिए बराबर हिस्से में बांटने की बात बताई गई।

# 30 को नामांकन करेंगे ढुल्लू महतो

## राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा, बाबूलाल मरांडी, सुदेश महतो सहित कई नेता रहेंगे मौजूद

प्रातः आवाज

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी तथा बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो 30 अप्रैल को नामांकन करेंगे। इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा तथा झारखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी उपस्थित रहेंगे। वहीं आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो भी मौजूद रहेंगे।

शनिवार को भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर के प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों, जिला पदाधिकारी ,मंडल अध्यक्षों तथा प्रमुख कार्यकताओं की एक बैठक महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने बताया कि 30 अप्रैल को भाजपा उम्मीदवार ढुल्लू महतो नामांकन करेंगे। उन्होंने बताया कि इस दिन गोल्फ ग्राउंड में एक जनसभा भी होगी। नामांकन और जनसभा दोनों महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। यह दोनों कार्यक्रम ऐतिहासिक हो इसके लिए सांसद ने भाजपा कार्यकताओं को संकल्पित होकर लग जाने को कहा।

वहीं धनबाद के विधायक राज सिंहा ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि भाजपा के प्रत्याशी तथा बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो के नामांकन और इस अवसर पर होने वाले जनसभा में आप सभी प्रयास करें की नामांकन और जनसभा में प्रत्येक बूथों से अधिक से अधिक उपस्थित हो। उन्होंने ऐलान किया कि धनबाद विधानसभा से ऐतिहासिक उपस्थित होगी।




### नामांकन कार्यक्रम में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो होंगे शामिल

इधर, एनडीए के घटक दल आजसू पार्टी ने भी भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन कार्यक्रम में शिरकत करने और ढुल्लू महतो के पक्ष में अधिक से अधिक वोट कराने को लेकर भी कार्यकताओं को जुट जाने को कहा है। आजसू जिलाध्यक्ष मंटू महतो सह सदानंद महतो भी भीषण गर्मी में लगातार आजसू कार्यकताओं के साथ भाजपा प्रत्याशी को जीतने के लिए भागदौड़ के साथ मंथन कर रहे हैं। वहीं शनिवार को आजसू के केन्द्रीय उपाध्यक्ष सह, प्रभारी लोकसभा क्षेत्र, धनबाद उमाकांत रजक ने धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सभी नेता एवं कार्यकताओं को सूचित किया है कि दिनांक 30/4/2024 को धनबाद लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी के नामांकन तिथि तय हुआ है। और नामांकन हेतु आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महत भी नामांकन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। उन्होंने आजसू के सभी ईकाइयों को कहा है कि नामांकन के दिन 30 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे धनबाद उक्त कार्यक्रम में शामिल होना सुनिश्चित करें।

लोकसभा प्रभारी सुरेश साहू ने कहा कि ये चुनाव देश के अर्थतंत्र को तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाने का चुनाव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में विकास की किरण जन-जन तक पहुंची है। निश्चित रूप से धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन और इस अवसर पर होने वाले जनसभा की सफलता धनबाद लोकसभा से भाजपा के विजय की नींव रखेगी। उन्होंने, कार्यकर्ता से कहा कि आप सभी 30 अप्रैल को होने वाले नामांकन और जनसभा की सफलता के लिए लग जाए।

लोकसभा संयोजक सत्येंद्र कुमार ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को लेकर लग गए हैं निश्चित रूप से धनबाद में भाजपा विजय प्राप्त करेगी।

महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि 30 तारीख को होने वाले नामांकन और जनसभा कार्यक्रम में भाजपा धनबाद जिला महानगर के सभी 1159 बूथों का प्रतिनिधित्व होगा। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री नितिन भट्ट तथा जिला उपाध्यक्ष संजय झा ने किया।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता हरि प्रकाश लाटा, महावीर पासवान, प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजीव अग्रवाल, भरत यादव, रमेश राही, राजकुमार अग्रवाल, ज्ञानरंजन सिंहा, जिला महामंत्री रवि सिंहा, जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र शर्मा, मानस प्रसून, वीरेंद्र हांसदा, उमेश यादव, जिला मंत्री सुरेश महतो, सुमन अग्रवाल, मिल्टन पार्थ सारथी, राजकिशोर जेना, रजनीश तिवारी, सुशील सिंह, योगेंद्र यादव, रामदेव महतो, प्रितपाल सिंह अजमानी, विकास मिश्रा, आनंद खंडेलवाल, मौसम सिंह, निर्मल प्रधान, राजकुमार मंडल, शिवांश श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित थे।

## समाचार सार

### ढुल्लू के नामांकन कार्यक्रम में 25 हजार लोग लेंगे भाग



**धनबाद (प्रातः आवाज)।** भाजपा उम्मीदवार ढुल्लू महतो के तीस अप्रैल की नामांकन कार्यक्रम में धनबाद ग्रामीण जिला के निरसा ओर सिंदरी विधानसभा से पच्चीस हजार लोग भाग लेंगे। सभी शक्ति केंद्रों एवं बूथों से काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक भाग लेंगे। हजारों कार्यकर्ता मोटर साइकिल रैली निकाल कर कार्यक्रम में भाग लेंगे। नामांकन दाखिल कार्यक्रम ऐतेहासिक होगी। इस निमित्त जिला कार्यालय में आज जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर की अध्यक्षता में बैठक हुई । बैठक में लोकसभा प्रभारी सुरेश साहू ,लोकसभा संयोजक सत्येन्द्र कुमार, निरसा विधानसभा के संयोजक सह विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, सिंदरी विधानसभा के प्रभारी संजीव अग्रवाल, निरसा विधायक प्रभारी अम्बिका ख्वास, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मजीत सिंह,सिंदरी विधानसभा संयोजक तारा देवी, जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह,नन्दलाल अग्रवाल, सह संयोजक डबलू बाऊरी, मोहन कुम्भकार, वीरेंद्र हासदा,राजेश चौधरी, जिला मंत्री संजय महतो,दीपा दास, अमर मंडल, जिला मीडिया प्रभारी रतिरंजन गिरि, भाजयुमो अध्यक्ष बम्पी चक्रवर्ती, ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष महादेव कुम्भकार, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रकाश बाऊरी, महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष जया कुमार, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष जहीर अंसारी सहित सभी मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, विधानसभा कोर कमेटी, मोर्चा के मंडल अध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

### समाजसेवी आशीष मिश्रा की मनाई गई तृतीय पुण्यतिथि



**महुदा (प्रातः आवाज)।** जिला साक्षरता वाहिनी धनबाद के सदस्य, स्वास्थ्य कर्मी एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्य स्व. आशीष मिश्रा के तृतीय पुण्य तिथि आज पीके मिश्रा बालिका मध्य विद्यालय बेलाखोंदा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्व. मिश्रा के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर विद्यालय के छात्रों, शिक्षकों, क्षेत्र के गण्यमान्य एवं समाजसेवी लोगो ने किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए बाल कल्याण समिति बोकारो के अध्यक्ष शंकर रवानी ने कहा कि स्व. मिश्रा के द्वारा किए गए साक्षरता, स्वस्थ्य, एवं सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ कार्य को धनबाद की जनता हमेशा याद रखेगी, स्व. मिश्रा एक कुशल सामाजिक कार्यकर्ता थे, उनके पद चिन्हों पर चल कर ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर उनकी धर्मपत्नी रेखा निका, प्रखण्ड साक्षरता समन्वयक भागीरथ सिंह, बिनोद महतो, मुमताज अंसारी, राधु राय, ऐनुल अंसारी, विष्णु गयाली, नईमुद्दीन अंसारी, अजीत रवानी, नीरज कुमार मिश्रा, प्राचार्य गणेश रवानी, शिक्षक राजेंद्र बाउरी, दीपक सराक, सुरेश रवानी, बालेश्वर, रीना, रूपाली, पूनम, सुनैना, सहायिका मंगला देवी आदि मौजूद थे।

### इंद्रा आवास कॉलोनी पुटकी में हुई तीन लाख की चोरी



**पुटकी (प्रातः आवाज)।** पुटकी थाना क्षेत्र के इंद्रा आवास कॉलोनी में राजनंदन रजक उर्फ शेरू रजक के घर में चोरों ने घुसकर 3 लाख रुपये चोरी हुई। बताया जाता है कि शेरू रजक वार्ड सदस्य है जो शुक्रवार को बैंक से अपने लाभूक को देने के लिए 3 लाख रुपये निकाल कर घर में लाभुक को बांटने के लिए लाया था। जब वह सुबह उठा तो देखा कि रूम में पड़े समान बिखरा पड़ा हुआ है। रूम की जांच की तो पता चला कि रूम में रखे आलमारी टूटा हुआ है जिसमें 3 लाख नगद रुपये गायब है। पुटकी थाना को फोन कर सूचना दिया गया, पुटकी पुलिस घटना स्थल पर पहुँच जाँच पड़ताल कर रही है।

### दुर्गा मंदिर में चार दिवसीय नौ कुंडीय राष्ट्रीय जागरण गायत्री महायज्ञ का हुआ आयोजन



**आईईएल (प्रातः आवाज)।** गोमिया प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत गोमिया बस्ती के मध्य दुर्गा मंदिर परीसर में चार दिवसीय नौ कुंडीय राष्ट्रीय जागरण गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। महायज्ञ के दूसरे दिन शनिवार को ध्यान साधना एवं प्रज्ञा योग, देव पूजन व गायत्री महायज्ञ, युवा सम्मेलन, संगीत एवं प्रवचन का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर महायज्ञ एवं युवा सम्मेलन में गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक डा लंबोदर महतो एवं जिप सदस्य डा सुरेंद्र राज शामिल हुए। वहीं यज्ञ मंडप में पूजा अर्चना कर मत्था टेका। सांसद ने कहा कि क्षेत्र में महायज्ञ एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम होने से पूरा क्षेत्र का वातावरण शुद्ध एवं पवित्र हो जाता है .विधायक ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन से क्षेत्र धार्मिक मय हो जाता है और इससे मन को शांति मिलती है. मौके पर युवा सम्मेलन के प्रांतीय युवा मोटीवेटर सुरेश यादव, सांसद प्रतिनिधि अमृत लाल मुंडा, विधायक प्रतिनिधि विपिन कुमार, संदीप स्वर्णकार, राजकुमार यादव, रोहित यादव, महेश स्वर्णकार, शंकर वर्मा, अरविंद लाल, रामचंद्र प्रसाद, राजन स्वर्णकार, उमेश ठाकुर, पंचदेव प्रसाद, विशाल चौधरी, गीता देवी, केशव प्रजापति, सरिता देवी, गुड़िया देवी, सीता देवी, ओम किंकर वर्मा आदि उपस्थित थे।

### जलसा कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद



**ललपनिया (प्रातः आवाज)।** शनिवार को राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सह गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो गोमिया के ग्राम अइयर (ललपनिया) पहुंचे। पंचायत के उपमुखिया याकूब अंसारी के घर में आयोजित जलसा मौके पर शरीक हुए। उन्होंने सभी को जलसा कार्यक्रम की मुबारकबाद दी। इस दौरान उपमुखिया याकूब अंसारी और ग्रामीणों ने अध्यक्ष का इस्तकबाल किया। दौरे के क्रम में अध्यक्ष, राज्य ओबीसी आयोग सह पूर्व विधायक महोदय ने ग्रामीणों का हालचाल भी लिया।

### डीएवी ढोरी में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित




**बोकारो (प्रातः आवाज)।** डीएवी पब्लिक स्कूल ढोरी के दयानंद सभागार में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कक्षा 12वीं एवं 10वीं के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस क्रम में लोकसभा चुनाव 2024 के मध्य नजर वोट की महत्व बताते हुए नुक्कड़ नाटक किया गया। इस मंचन के माध्यम से एक तरफ चुनाव आयोग के अधिकार एवं कर्तव्यों की और लोगों का ध्यान आकृष्ट किया गया। वहीं दूसरी ओर जनप्रतिनिधियों के लुभाने वा और झांसे में आकर जनता अपनी वोट की कीमत को नहीं समझ पाती इसे स्पष्ट करने के लिए इस नुक्कड़ नाटक आंगिक क्रियाकलापों के माध्यम से लोगों में जागरूकता उत्पन्न की गई। विद्यालय के कनीय संभाग में आज कक्षा 12 के बच्चों द्वारा प्लीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया संस्कृत में आयोजित की गई इस प्रतियोगिता में नन्हे बच्चों के द्वारा किए गए प्रयास उत्कृष्ट एवं सराहनीय रहे। इस कार्यक्रम के संरक्षक सत्येंद्र कुमार शर्मा एवं संयोजक गोपाल शुक्ला और कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिका रोहित कुमार, पल्लवी कुमारी, पूजा कुमारी, अम्बष्ठा, ऊषा प्रसाद साहनी, बीके तिवारी स्पष्ट सिंह, शिल्पा कुमारी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## मिट्टी का अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

प्रातः आवाज

**धनबाद।** डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर कोयला, बालू सहित अन्य खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने शनिवार को मिट्टी के अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध बरोरा थाना में एफआईआर दर्ज कराई है।

इस संबंध में श्री प्रमाणिक में बताया कि 24 अप्रैल को बरोरा थाना द्वारा जब्त एक जेसीबी मशीन एवं मिट्टी लदे 2 ट्रैक्टर की आज जांच की गई। जांच में पाया गया कि दोनों ट्रैक्टर में जेसीबी से मिट्टी का अवैध खनन कर लोड किया गया है। वहीं पूछताछ के क्रम में पता चला कि उस स्थान से मिट्टी का अवैध खनन कर जिले के अवैध ईंट भट्ठे में भेजा जाता है।

जांच पड़ताल के बाद खान निरीक्षक ने जब्त जेसीबी, जेसीबी के मालिक, जेसीबी के ऑपरेटर, लगभग 80 घनफीट मिट्टी लदे ट्रैक्टर नंबर जेएच 10 ए.एन. 8677, लगभग 40 घनफीट मिट्टी लदे ट्रैक्टर नंबर जेएच 09 पी 5657, दोनों ट्रैक्टर के मालिक तथा उसके चालकों एवं इस कार्य में संलिप्त अज्ञात लोगों के विरुद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957, झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 के नियमों तथा आईपीसी के विभिन्न धाराओं के तहत बरोरा थाना में आज प्राथमिकी दर्ज कराई है।




## तीन दिवसीय श्री श्री 108 शिव शक्ति महायज्ञ का आयोजन

प्रातः आवाज

**केंदुआ।** गोन्दुडीह ओपी क्षेत्र अंतर्गत खरिकबाद के तत्वावधान में शनिवार से लेकर 29 अप्रैल तक तीन दिवसीय अनुष्ठान श्री श्री 108 शिव शक्ति महायज्ञ का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में सर्व प्रथम आज श्रद्धालुओं द्वारा सैकड़ों की संख्या में गाजे बाजे एवं ध्वज के साथ आचार संहिता का पालन कर कलश शोभा यात्रा निकाली गई। जो कई मुहल्ले भर्मण कर कुसुंडा छठ तालाब पहुंच श्याम सुंदर पंडित जी के द्वारा मंत्रोचारण के साथ कलश में जल भरकर वापस यज्ञ स्थल पर आकर स्थापित हुई। कार्यक्रम के दौरान निरंकारी संस्था धनबाद शाखा की ओर से श्रद्धालुओं को निः शुल्क पानी और सर्बत दिए जा रहे थे एवं यज्ञ कमिटी की ओर से प्रसाद के रूप में खीर वितरण की गई। यज्ञ कार्यक्रम मे पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, सन्ध्या आरती एवं रात्रि में प्रवचन, वेदी पूजन, सत्यसती पाठ, पूणार्हुति, ब्राम्हण भोजन, कुमारी पूजन, भोजन एवं भंडारा आचार्य प्रवचन मंडली देवघर झारखण्ड के द्वारा होंगे। यज्ञ ह्वनोत्सव कार्यक्रम के मुख्य यजमान विमल चंद प्रामाणिक अध्यक्ष, शंकर कर्मकार उपाध्यक्ष, भुनेश रवानी सचिव, तरुण कुमार रवानी कोषाध्यक्ष, कैलाशपति मधेसिया, सोनू कुमार रवानी, राजू रवानी, रविंद्र, गणेश रवानी, गोपाल रवानी, दीपक प्रामाणिक, धनंजय प्रामाणिक, विजय रवानी, राधेश्याम थे। साथ ही निरंकारी मंडली की ओर से रामस्वरूप पासवान, प्रिंस खत्री सेवादल, हीरालाल, उर्मिला, बलबीर यादव, रामु रवानी, अशोक रजक, राम प्रसाद मुखी इत्यादि महात्मागण के अलावे कार्यक्रम को सफल बनाने में कैलाश मधेसिया, हरी शंकर रवानी, जितेंद्र रवानी, बसंत रवानी, रविंद्र राम, अमित रवानी, अजित रवानी, राजन रवानी, राजीव रवानी, सोनू रवानी, गणेश रवानी, तपन प्रामाणिक, दिलीप रवानी, संतोष रवानी, भोलानाथ रवानी, मुकुंद रवानी, जहुल रवानी इत्यादि का सराहनीय योगदान रहा।



### कोल फील्ड मजदूर के महामंत्री ने मजदूरों की सुनी समस्या

**बोकारो।** कोलफिल्ड मजदूर यूनियन के करगली स्थिति प्रधान कार्यालय में कोल फिल्ड मजदूर के महामंत्री राधव रघुनंदन ने मजदूरों से उनकी समस्याओं को लेकर बात की और समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। महामंत्री राधव रघुनंदन ने कहा कि कोल फिल्ड मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव आर. उनेश के नेतृत्व में संगठन काफी मजबूत हो रहा है। कहा कि मोहन दास संतोष कुमार जिवलाल महतो नूनू चंद साहू संजीत कुमार बाउरी रमेश कुमार प्रमोद यादव सृष्टिधर बाउरी नीतीश कुमार नायक सुरेंद्र नानिया गुरुवार देवी शांति देवी ने लोगों ने कोलफिल्ड मजदूर यूनियन का सदस्यता लिया। कहा कि वर्तमान में केन्द्र सरकार मजदूर विरोधी सरकार है। इस बार चुनाव में इस सरकार को मजदूर हटाने का काम करेंगे। मौके पर मुख्य रूप से पंकज जयसवाल, शिवाजी सिंह, रंजन भूखिया, संतोष कुमार, शैलेश घासी, हरी बाबू, शंकर सिंह, राजेश रवानी, काली दास गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## आध्यात्मिक शिक्षा को लेकर अनपती देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो में बैठक

प्रातः आवाज

**फुसरो (बेरमो)।** अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो में शनिवार को नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा हेतु कस्तूरबा संकुल के 6 विद्यालय के प्रधानाचार्यों की बैठक हुई। जिसमें स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष रामनरेश द्विवेदी, मकोली विद्या मंदिर से गणेश कुमार पाल, तुपकाडीह विद्या मंदिर से मंटू गिरी, ढोरी विद्या मंदिर से परमानंद सिंह, कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन से प्रदीप कुमार, पिछरी विद्या मंदिर से झरना चटर्जी मुख्य रूप से उपस्थित थे। जिसमें इस सत्र में नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा को विद्यालय में किस प्रकार क्रियान्वित किया जाए यह योजना बनाई गई। 9:30 बजे अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे कक्षा अष्टम से दशम तक के करीब 80 छात्रों के अभिभावकों ने भाग लिया। इस बैठक का शुभारंभ विद्यालय के उपाध्यक्ष रामनरेश द्विवेदी प्रधानाचार्य पंकज कुमार मिश्रा, आचार्या भगवंती नोनिया, आचार्य दिवाकर पाण्डेय और अभिभावकों ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर किया। इस बैठक में कक्षा अष्टम से दशम तक के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे। आए हुए अभिभावकों ने भी अपने अपने विचार प्रस्तुत किए और इस प्रकार की अभिभावक गोष्ठी कि सराहना किया। ढोरी विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य परमानंद सिंह ने कहा कि जीवन में बिना कहे करने की आदत डालने से जीवन में सफलता बहुत जल्दी मिलता है। विद्यालय की आचार्या भगवंती नोनिया ने कहा कि अभिभावकों के व्यस्त जीवन में कुछ समय निकाल कर भैया बहनों के साथ बिताने की कोशिश करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में स्थानीय प्रधानाचार्य पंकज कुमार मिश्रा के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन एवं शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।



## सड़क हादसे में युवक की मौत आक्रोशितों ने किया सड़क जाम

प्रातः आवाज

**फुसरो (बेरमो)।** फुसरो जैनामोड मुख्य मार्ग फुसरो होंडा शोरूम के समीप 26 अप्रैल शुक्रवार की रात लगभग 11 बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पैदल चल रहे राहगीर की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। बताया जाता है कि बेरमो थाना क्षेत्र के ढोरी बस्ती, राजाबेड़ा निवासी स्व भोला गंजू का 40 वर्षीय पुत्र दिलीप गंजू फुसरो हनुमान मंदिर के समीप हो रहे एक शादी समारोह से पैदल घर जाने के क्रम में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। देर रात होने पर वहां भागने में सफल रहा। वही क्षेत्र के रमेश स्वर्णकार ने जानकारी मिलते ही लोगो को बुलाकर थाने में जानकारी दी। रात में ही लाश को भाई मुकेश गंजू,ग्रामीण और स्थानीय पुलिस की मदत से रीजनल हॉस्पिटल ढोरी के मर्चरी में रखाया गया।



सुबह पोस्टमार्टम करा कर शव को परिवार को शौप दिया गया। कुछ समय बाद ग्रामीणों ने शव को बीच सड़क में रखकर मुवावजे की मांग को लेकर सड़क को जाम कर दिया। पुलिस और प्रशासन के समझने के बाद स्थानीय मदत 11000 दिया गया और आश्वासन देकर जाम को हटाया गया। मौके पर सीआई रवि कुमार, बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार, एएसआई विक्रांत कुमार,एएसआई सुभाष कुमार, एएसआई अनूप नारायण सिंह, एएसआई अरुण कुमार दुबे, एएसआई मृत्युंजय कुमार सिंह, रमेश स्वर्णकार, शिकंदर ठाकुर, सहोदरी देवी, राजीव रंजन सिंह, वीरू गंजु, शंभुनाथ महतो आदि मौजूद थे।

## बास्केटबाल टूर्नामेंट में अंडर 14 बालक वर्ग में अयप्पा पब्लिक स्कूल टीम बनी विजेता

प्रातः आवाज

**बोकारो।** एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ में डाक्टर राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कांप्लेक्स की ओर से अंतर विद्यालय बास्केटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। डाक्टर राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कांप्लेक्स के उपाध्यक्ष व जीजीपीएस बोकारो के उपाध्यक्ष व जीजीपीएस बोकारो के प्रधानाध्यापक सौमेन चक्रवर्ती व एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल के प्रधानाध्यापक फादर रेजी सी वर्गीस ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। कांप्लेक्स के उपाध्यक्ष व जीजीपीएस बोकारो के उपाध्यक्ष व जीजीपीएस बोकारो के प्रधानाध्यापक सौमेन चक्रवर्ती ने कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के शारीरिक व मानसिक विकास में सहायक है। यह अनुशासन का पाठ पढ़ाता है। इसके माध्यम से खिलाड़ी राष्ट्र व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपने कौशल का प्रदर्शन करते हैं। इस क्षेत्र में करियर की भी असीम संभावनाएं हैं। इसलिए विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भाग लेना चाहिए। एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल के प्रधानाध्यापक फादर रेजी सी वर्गीस ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इन्हें बेहतर सुविधा व संसाधन मुहैया कराया जा रहा है। इन्हें नियमित रुप से खेलकूद का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विद्यार्थी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में मेडल जीत रहे हैं। इस प्रतियोगिता में 10 विद्यालयों की टीम ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने बास्केटबाल प्रतियोगिता में दम दिखाया। अंडर 14 बालक वर्ग में अयप्पा पब्लिक स्कूल ने बोकारो पब्लिक स्कूल को पराजित कर विजेता का गौरव हासिल किया। गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर पांच की टीम तीसरे स्थान पर रही। अंडर 19 बालिका वर्ग में गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर पांच की टीम ने श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल की टीम को हरा कर चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया। डीपीएस बोकारो की टीम तीसरे स्थान पर रही। अंडर 19 बालक वर्ग में श्री अयप्पा पब्लिक स्कूल पहले, एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल व चिन्मया विद्यालय संयुक्त रुप से दूसरे व गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर पांच की टीम तीसरे स्थान पर रही। बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर अंडर 14 बालक वर्ग में श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल के राजवीर, अंडर 19 बालिका वर्ग में जीजीपीएस सेक्टर पांच की सिद्धि व अंडर 19 बालक वर्ग में एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल के निखिल राज को बेस्ट खिलाडी का पुरस्कार दिया गया। अंत में विजेता व उप विजेता के अलावा तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर चिन्मय विद्यालय के प्रधानाध्यापक व कांप्लेक्स के खेल सचिव सूरज शर्मा, कांप्लेक्स के सचिव विश्वजीत पात्रा, श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल की प्रधानाध्यापक पी शैलजा जय कुमार, संत मेरी स्कूल के प्रधानाध्यापक फादर मैथ्यू थामस, राखी बनर्जी,एंसी वर्गीस,मीनाक्षी कुमारी आदि उपस्थित थे।



### संत जेवियर्स विद्यालय में पारस्परिक वार्तालाप सेशन का आयोजन

**बोकारो।** शनिवार को सेंट जेवियर्स स्कूल, बी.एस. सिटी में प्रिंसिपल के साथ कक्षा द्वितीय के अभिभावकों के साथ पारस्परिक वातार्लाप सेशन आयोजित किया गया। सेशन की शुरुआत प्रार्थना से हुई। जिसके बाद फादर अरुण मिंज, एस. जे. ने अभिभावकों के साथ पेरेंटिंग के अलग-अलग स्टाइल यानि अधिनायकवादी, अनुमोदक, अधिकारपूर्ण और उपेक्षा करने वाले पर चर्चा की। छात्र हमारे भविष्य के संसाधन हैं, उन्हें बहुत सावधानी से संभालना चाहिए और सकारात्मक प्रेरणा देनी चाहिए। उन्हें एक निर्धारित समय-सारिणी का पालन करना चाहिए। अभिभावकों को अपने बच्चों के साथ दोस्ताना व्यवहार करना चाहिए और उनके लिए उदाहरण स्थापित करना चाहिए। शिक्षकों द्वारा शैक्षणिक और सामान्य निर्देश साझा किए गए।

## नेथ्रा कुमानन ने नौकायन में भारत का दूसरा पेरिस 2024 कोटा हासिल किया




**हायरेस, एजेंसी।** भारत की नेथ्रा कुमानन ने फ्रांस में आईएलसीए 6 श्रेणी में लास्ट चांस रेगाटा के पांचवें दिन पांचवें स्थान पर रहने के बाद नौकायन में पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई किया। नेथ्रा ने 69 अंक बनाए और लीडरबोर्ड पर पांचवें स्थान पर रही। नेथ्रा ने ईएनपी (इमर्जिंग नेशन प्रोग्राम कोटा) जीता जो शीर्ष 3 के बाद सर्वश्रेष्ठ ईएनपी नाविक को दिया जाता है। ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में विश्व चैम्पियनशिप 2024 में विष्णु सरवनन द्वारा नौकायन में देश का पहला पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल करने के बाद, नौकायन में भारत के लिए यह दूसरा ओलंपिक कोटा होगा। 2020 टोक्यो ओलंपिक के लिए ओलंपिक क्वालीफायर इवेंट में सीधे नौकायन में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला बनने के बाद नेथ्रा के लिए यह लगातार दूसरा ओलंपिक होगा।

टी-10 लीग

# यूपी के 10 शहरों में खेला जाएगा लीजेंड्स टेन-10 लीग, टूर्नामेंट से जुड़ेंगे गंभीर-रैना जैस दिग्गज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) टेन-10 लीग अपना महाअभियान शुरू करने के लिए तैयार है। टेनिस बॉल से खेले जाने वाले क्रिकेट टूर्नामेंट में 80 टीमों और 1280 खिलाड़ियों की भागीदारी होने वाली है। उत्तर प्रदेश के दस स्थलों गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर, नोएडा, गाजियाबाद, आगरा, अलीगढ़ और मेरठ में लीग के 300 मैच खेले जाएंगे। प्रत्येक टीम में एक लीजेंड मेंटर होगा।

### ये दिग्गज क्रिकेटर होंगे टूर्नामेंट का हिस्सा

प्रतिभागी टीमों से गौतम गंभीर, हरभजन सिंह, क्रिस गेल, इरफान पठान, सुरेश रैना, ब्रेट ली, मोहम्मद कैफ, रोबिन उथप्पा और शेन वॉटसन जैसे दिग्गज खिलाड़ी जुड़ेंगे। इस पहल का उद्देश्य क्रिकेटरों को केंद्र सरकार के फिट इंडिया अभियान के तहत फिटनेस पर ध्यान देने, क्रिकेट के कौशल को निखारने और खेल भावना का विकास करना है।

### समाज में योगदान देने पर विश्वास




टेन-10 लीग के बारे में एलएलसी के सह-संस्थापक रमन रहेजा कहते हैं कि लीजेंड्स लीग क्रिकेट समाज में योगदान देने में विश्वास रखता है। यह भारत सरकार की पहल फिट इंडिया का हिस्सा बन गया है। हम हर उम्र और हर तबके के खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने चाहते हैं ताकि वे क्रिकेट के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं। उन्हें क्रिकेट के गुरुओं के मार्गदर्शन में शामिल कर हम उन्हें कौशल और फिटनेस बढ़ाने का अवसर दे रहे हैं।

### बेहतरीन क्वालिटी के साथ स्ट्रीम होंगे मैच

उन्होंने बताया कि सभी प्रमुख स्पोर्ट्स ओटीटी पर बेहतरीन प्रोडक्शन क्वालिटी के साथ पूरा टूर्नामेंट स्ट्रीम किया जाएगा। नई प्रतिभाओं को पूरी दुनिया में पहुंच और पहचान मिलेगी। नई हाइपर लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट में उम्र की सीमा नहीं रहेगी। किसी को भी प्रीमियम क्रिकेट खेलने का मौका मिल सकता है। टूर्नामेंट खेल प्रेमियों के लिए उनके पसंदीदा दिग्गज खिलाड़ियों के साथ मिलने और जुड़ने का एक बड़ा अवसर होगा।



## पर्यटकों के लिए 1 मई से बंद होगा धर्मशाला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम


**नईदिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में होने वाले आईपीएल मैचों की तैयारियों के चलते धर्मशाला स्टेडियम में 1 मई से पर्यटकों का प्रवेश रहेगा। अब मैचों के बाद ही बाहरी राज्यों और प्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाले पर्यटकों को स्टेडियम में प्रवेश दिया जाएगा। धर्मशाला स्टेडियम में 5 और 9 मई को आईपीएल मैच खेले जाने हैं। 5 मई को पंजाब किंग्स इलेवन और चेन्नई सुपर किंग के बीच मैच खेला जाएगा।

9 मई को पंजाब किंग्स इलेवन और रॉयल चैलेंजर बंगलुरू की भिड़ंत होगी। पंजाब और चेन्नई की टीमें तीन मई को धर्मशाला पहुंच जाएंगी। टीमों के ठहरने के लिए क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से रेडिसन ब्लू होटल में व्यवस्था की गई है। एचपीसीए की ओर से स्टेडियम में चल रहे कामों को भी दो मई तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। स्टेडियम के स्टैंडों की साफ-सफाई की जा रही है।

एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने बताया कि तैयारियों में किसी तरह की रुकावट न आए, इसलिए पर्यटकों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। एक मई से स्टेडियम में पर्यटकों का प्रवेश बंद कर दिया जाएगा, ताकि मैचों की तैयारियों में किसी प्रकार की दिक्कत पेश न आए। दस मई के बाद ही स्टेडियम में पर्यटकों और आम लोगों को प्रवेश दिया जाएगा। स्टेडियम देखने वाले पर्यटक एचपीसीए की वेबसाइट पर ऑनलाइन टिकट बुक कर सकते हैं। ऑनलाइन टिकट की व्यवस्था भी शुरू की गई है।

IPL में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए सबसे ज्यादा छक्के

| खिलाड़ी | छक्के |
|---|---|
| आंद्रे रसेल | 202 |
| नीतीश राणा | 106 |
| सुनील नरेन | 88 |
| यूसुफ पठान | 85 |
| रॉबिन उथप्पा | 85 |



# कोलकाता के लिए 200+ छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज रसेल

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता ने आईपीएल में अब तक दो बार 250+ का स्कोर बना लिया है। वह सनराइजर्स हैदराबाद के बाद सबसे ज्यादा बार 250+ का आंकड़ा छूने वाली आईपीएल की टीम है। कोलकाता के अलावा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने भी दो बार ऐसा किया है।

सनराइजर्स तीन बार ऐसा कर चुकी है। आईपीएल 2024 के 42वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम पंजाब किंग्स के खिलाफ भले ही हार गई हो, लेकिन आंद्रे रसेल ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया है। वह इस टीम के लिए 200+ लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। पंजाब के खिलाफ रसेल 12 गेंद में दो चौके और दो छक्के की मदद से 24 रन की पारी खेली। वह कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए अब तक 202 छक्के लगा चुके हैं। दूसरे नंबर पर नीतीश राणा हैं और उन्होंने 106 छक्के लगाए हैं।

## उबेर कपः अश्मिता, प्रिया-श्रुति ने भारत को कनाडा पर 2-0 की बढ़त दिलाई




**चेंगदू (चीन), एजेंसी।** अश्मिता चालिहा (विश्व रैंक 53) ने शनिवार को यहां उबेर कप 2024 में राष्ट्रमंडल खेलों की पूर्व चैंपियन कनाडा की मिशेल ली (विश्व रैंक 25) को सीधे गेमों में 26-24, 24-22 से हराया। . प्रिया और श्रुति मिश्रा ने भी जेसलिन चोई और कैथरीन चाउ के खिलाफ अपना पहला मैच 21-12, 21-10 से जीतकर भारतीय महिलाओं को कनाडा के खिलाफ अपने पहले ग्रुप चरण मुकाबले में 2-0 की बढ़त दिला दी। महिला टीम को उबेर कप ग्रुप ए में रखा गया है और कनाडा और 15 खिताबों के साथ आयोजन के इतिहास की सबसे सफल टीम चीन के बाद सिंगापुर से 30 अप्रैल को भिड़ेगी। इस साल की शुरुआत में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद महिला टीम ने उबेर कप 2024 के लिए क्वालीफाई किया।

# तीरंदाजी विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचीं दीपिका, कोरियाई प्रतिद्वंद्वी को जियोन को 6-4 से हराया

**शंघाई (चीन), एजेंसी।** मां बनने के बाद दीपिका ने फरवरी में एशिया कप का स्वर्ण जीता था। उन्होंने अंतिम बार विश्वकप का स्वर्ण पेरिस में 2021 में जीता था। दिसंबर, 2022 में मां बनने के बाद से दीपिका कुमारी के शानदार प्रदर्शन क्रम जारी है। तीन बार की ओलंपियन इस तीरंदाज ने विश्वकप स्टेज-1 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दीपिका ने क्वार्टर फाइनल में कोरिया की जियोन हुनयंग को पिछड़ने के बाद 6-4 से पराजित किया। उनका सेमीफाइनल में सामना एक अन्य कोरियाई तीरंदाज नाम सुहयोन से होगा।



**तीन वर्ष पहले विश्वकप का स्वर्ण जीती थीं दीपिका:** 142वीं विश्व रैंकिंग पर फिसल गईं दीपिका रैंकिंग राउंड 30वें स्थान पर थीं। दीपिका जियोन के खिलाफ एक समय 1-3 से पिछड़ी हुई थीं, लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए अगले दो सेट जीते और पांचवां सेट पर बराबरी पर रखते हुए 27-28-27-27, 29-28, 29-27, 28-28 से जीत हासिल कर ली।

# व्यापार

## अमेरिकी नियामक ने रिपब्लिक फर्स्ट बैंक की संपत्ति जब्त की, इस बैंक को बेचने पर सहमति



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका में संकटग्रस्त रिपब्लिक फर्स्ट बैंक की संपत्तियों को बैकिंग नियामक एफडीआईसी ने जब्त कर लिया है। नियामक ने बताया कि बैंक की संपत्तियों को फुल्टन बैंक को बेचने पर सहमति बनी है। अमेरिकी नियामक एफडीआईसी ने रिपब्लिक फर्स्ट बैनकॉर्प की संपत्तियों को जब्त कर लिया है और इसे फुल्टन बैंक को बेचने पर सहमति व्यक्त की है। नियामक ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। फिलाडेल्फिया स्थित रिपब्लिक फर्स्ट बैंक ने निवेशकों के एक समूह के साथ फंडिग की वार्ता बंद कर दी थी, जिसके बाद पेंसिल्वेनिया डिपार्टमेंट ऑफ बैंकिंग एंड सिक्योरिटीज द्वारा इसे जब्त कर लिया गया। रिसीवर के रूप में नियुक्त एफडीआईसी ने कहा कि फुल्टन फाइनेंशियल कॉर्प की एक इकाई फुल्टन बैंक, पर्याप्त रूप से बैंक की सभी डिपॉजिट का ग्रहण करेगी और जमाकर्ताओं की सुरक्षा के लिए रिपब्लिक बैंक की सभी संपत्तियों को खरीदेगी।

## रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ 83.35 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई, एजेंसी।** अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया शुक्रवार को सात पैसे की गिरावट के साथ 83.35 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशों में डॉलर के मजबूत होने और घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली से स्थानीय मुद्रा प्रभावित हुई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और जोखिम से बचने की धारणा ने स्थानीय मुद्रा को प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 83.30 प्रति डॉलर पर खुला। दिन में उसने 83.30 से 83.36 प्रति डॉलर के बीच कारोबार किया। अंत में 83.35 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से सात पैसे कम है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 83.28 पर बंद हुआ था।

## मारुति सुजुकी का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में 47.8त्न उछलकर 3,877.8 करोड़ रुपए पर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कार बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में 47.8 प्रतिशत उछलकर 3,877.8 करोड़ रुपए रहा। मुख्य रूप से भारी बिक्री और अनुकूल कीमतों के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में वाहन कंपनी का शुद्ध लाभ 2,623.6 करोड़ रुपए रहा था। मारुति सुजुकी ने शुक्रवार को कहा, कंपनी ने बीते वित्त वर्ष में 20 लाख वाहन बेचे, जो अबतक का सर्वाधिक है। कंपनी लगातार तीसरे वर्ष शीर्ष निर्यातक बनी रही। अब भारत से होने वाले कुल यात्री वाहन निर्यात में इसका योगदान 41.8 प्रतिशत है। मारुति सुजुकी का शेयर बीएसई पर 1.7 प्रतिशत गिरकर 12,687.05 रुपए पर बंद हुआ।

# मसाला विवाद पर अमेरिकी खाद्य नियामक भी सतर्क एमडीएच और एवरेस्ट से जुड़ी जानकारी जुटा रहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एफडीए के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया है कि एफडीए रिपोर्टों से अवगत है और स्थिति के बारे में अतिरिक्त जानकारी एकत्र कर रहा है। हांगकांग ने इस महीने एमडीएच के तीन मसाले और एवरेस्ट की फिश करी की बिक्री को रोक दिया था।

अमेरिकी खाद्य और औषधि प्रशासन (एफडीए) भारतीय मसाला निर्माताओं एमडीएच और एवरेस्ट के उत्पादों से जुड़ी जानकारी इकट्ठा कर रहा है। यह कार्रवाई हांगकांग की ओर से कथित तौर पर कैंसर पैदा करने वाले कीटनाशक का उच्च स्तर पर मिलने पर कुछ उत्पादों की बिक्री रोकने के बाद की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स ये दावे किए गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार एफडीए के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को रॉयटर्स को बताया, एफडीए रिपोर्टों से अवगत है और स्थिति के बारे में अतिरिक्त जानकारी एकत्र कर रहा है। हांगकांग ने इस महीने एमडीएच के तीन मसाले और एवरेस्ट की फिश करी की बिक्री को रोक दिया था। सिंगापुर ने भी एवरेस्ट मसालों को बाजार से वापस मंगाने का आदेश देते दिया था। उनकी ओर से कहा गया था कि इनमें एथिलीन ऑक्साइड का उच्च स्तर है, जो मानव उपयोग के लिए अयोग्य है और लंबे समय तक संपर्क में रहने पर इससे कैंसर हो सकता है। इस मामले में एमडीएच और एवरेस्ट की ओर से रॉयटर्स के सवालों का फिलहाल जवाब नहीं दिया गया है। इससे पहले एवरेस्ट ने कहा था कि उसके मसाले खाने के लिए सुरक्षित हैं। एमडीएच ने अब तक कोई जवाब नहीं दिया है।




# सिंघानिया की पत्नी 3 कंपनियों के बोर्ड से बाहर:बोलीं- गौतम ने पहले मारपीट की, अब रेमंड ग्रुप की कंपनियों से बेदखल किया

**नई दिल्ली , एजेंसी।** रेमंड ग्रुप की तीन कंपनियों ने विवाद के बीच पत्नी नवाज मोदी को अपने बोर्ड से बाहर कर दिया है। 31 मार्च को एक एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी जनरल मीटिंग के जरिए जेके इन्वेस्टर्स लिमिटेड, रेमंड कंज्यूमर केयर और स्मार्ट एडवाइजरी एंड फिनसर्व ने नवाज मोदी को बोर्ड से बाहर किया है। इकोनॉमिक्स टाइम्स ने अपनी एक रिपोर्ट में इसके बारे में जानकारी दी है।

नवाज मोदी को जून 2015 में JKI, दिसंबर 2020 में RCCL और अक्टूबर 2017 में स्मार्ट एडवाइजरी एंड फिनसर्व में डॉयरेक्टर नियुक्त किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टेड कंपनी रेमंड ने अभी तक नवाज मोदी को बोर्ड से बाहर करने का प्रस्ताव नहीं रखा है, लेकिन जल्द ही वह भी ऐसा कर सकती है। रेमंड ग्रुप के चेयरमैन गौतम सिंघानिया ने 13 नवंबर 2023 में अपनी पत्नी नवाज मोदी सिंघानिया से अलग होने का ऐलान किया था।



बोर्ड से निकाले जाने की सूचना मिलने के बाद नवाज मोदी ने कहा, जब से मैं गौतम सिंघानिया के गलत कामों को उजागर कर रही हूं, तब से मेरे साथ बुरा व्यवहार किया जा रहा है। पहले मारपीट की और अब कंपनी से निकाल दिया। इससे पहले जेके इन्वेस्टर्स और स्मार्ट एडवाइजरी के शेयरहोल्डर्स ने कंपनी को लिखा था कि उन्होंने डॉयरेक्टर के रूप में नवाज मोदी पर विश्वास खो दिया है। शेयरहोल्डर्स ने नवाज मोदी को बोर्ड से हटाने के लिए मीटिंग का अनुरोध किया था। इसके बाद 31 मार्च को बोर्ड की मीटिंग और गुरुवार को शेयरहोर्डर्स की मीटिंग हुई। अब कानूनी प्रक्रिया के साथ नवाज को हटा दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, गौतम सिंघानिया के अलग होने की ऐलान के बाद नवाज मोदी ने अलग होने के लिए शर्त रखी थी। उन्होंने 1.4 बिलियन डॉलर (करीब 11 हजार करोड़ रुपए) की कुल संपत्ति में 75 प्रतिशत हिस्सेदारी मांगी थी। हालांकि, अभी तक कोई भी आखिरी फैसला नहीं हुआ है। गौतम सिंघानिया रेमंड ग्रुप के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर हैं।

## क्रिप्टो एक्सचेंज वजीरएक्स के नए उपयोगकर्ता छह माह में दोगुने से ज्यादा बढ़े : रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिप्टो एक्सचेंज वजीर एक्स के नए उपयोगकर्ताओं के पंजीकरण की संख्या पिछले छह माह में 122 प्रतिशत बढ़ी है। देश के प्रमुख क्रिप्टो एक्सचेंज ने शुक्रवार को यह कहा। वजीरएक्स ने अक्टूबर, 2023 से मार्च 2024 तक की अवधि की अपनी छठी पारदर्शिता रिपोर्ट में यह भी कहा कि इस दौरान पिछले छह महीनों की तुलना में कारोबार मात्रा में 217 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, नए उपयोगकर्ताओं के पंजीकरण में 122 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसमें कहा गया है कि मार्च, 2024 में सर्वाधिक 40 करोड़ डॉलर से अधिक का कारोबार हुआ, जबकि दिसंबर, 2023 में सबसे ज्यादा नए पंजीकरण (साइन-अप) हुए। वजीरएक्स के उपाध्यक्ष राजगोपाल मेनन ने कहा, हम देश के 'वर्चुअल डिजिटल संपत्ति (वीडीए) परिवेश में नए विचार को बढ़ावा देते हुए उपयोगकर्ता के हितों की रक्षा के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारी नई 'पारदर्शिता रिपोर्ट इसी विचार का संकेत है। नियमों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, उद्योग और अन्य संबद्ध लोगों के साथ सक्रिय सहयोग के माध्यम से हम सकारात्मक नियमों का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं जो सभी क्षेत्रों में ब्लॉकचेन और क्रिप्टो प्रौद्योगिकी में बदलाव लाने की क्षमता खोल सकते हैं।




# वॉट्सऐप ने कहा- दबाव बनाया तो भारत छोड़ देंगे, यूजर्स के मैसेज की जानकारी नहीं दे सकते

**नई दिल्ली , एजेंसी।** वॉट्सऐप भारत में सर्विस देना बंद कर सकता है। इंस्टेंट मैसेजिंग प्लेटफॉर्म ने दिल्ली हाईकोर्ट में कहा कि अगर उसे मैसेजेस एन्क्रिप्शन तोड़ने के लिए मजबूर किया गया, तो वह भारत से चला जाएगा। मेटा के दो बड़े प्लेटफॉर्म वॉट्सऐप और फेसबुक ने नए संशोधित आईटी नियमों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने पिछले महीने दिल्ली हाईकोर्ट में ट्रांसफर कर दिया था। कंपनी ने कोर्ट में कहा कि नए नियमों से यूजर की प्राइवेसी खतरे में आ सकती है। मामले की सुनवाई दिल्ली हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की बेंच कर रही है। वॉट्सऐप की ओर से एडवोकेट तेजस करिया और सरकार की ओर से कीर्तिमान सिंह दलील रख रहे थे। दोनों पक्षों के बीच संक्षिप्त बहस के बाद हाईकोर्ट ने बीच का रास्ता निकालने को कहा। मामले की अगली सुनवाई 14 अगस्त को होगी। आईटी नियम 2021 एन्क्रिप्शन के साथ यूजर्स की गोपनीयता को कमजोर करता है। यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 19 और 21 के तहत मौलिक अधिकारों का भी उल्लंघन करता है। दुनिया में कहीं और ऐसा कोई नियम नहीं है, ब्राजील में भी नहीं। यह नियम उपयोगकर्ताओं की गोपनीयता के खिलाफ है और नियम बिना किसी परामर्श के पेश किया गया था।



# कांग्रेस मुसलमानों को गोमांस खाने का अधिकार देना चाहती है, योगी आदित्यनाथ का बड़ा हमला

**लखनउ, एजेंसी।**
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों को गोमांस खाने का अधिकार देना चाहती है और यह गोहत्या की अनुमति देने के समान है। एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा, ये बेशर्म लोग गौमांस खाने का अधिकार देने का वादा करते हैं, जबकि हमारे ग्रंथ गाय को माता कहते हैं। वे गायों को कसाई के हाथों में सौंपना चाहते हैं। क्या भारत इसे कभी स्वीकार करेगा?

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे अल्पसंख्यकों को उनकी पसंद का खाना खाने की आजादी देना चाहते हैं, मतलब वे गोहत्या की अनुमति देने की बात कर रहे हैं। आपको बता दें कि योगी आदित्यनाथ संभल लोकसभा सीट के लिए भाजपा उम्मीदवार परमेश्वर लाल सैनी के लिए समर्थन जुटाने के लिए मुरादाबाद



जिले के बिलारी में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया भाषणों को दोहराते हुए सीएम ने आरोप लगाया कि कांग्रेस स्त्रीधन को जब्त करने और इसे रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के बीच वितरित करने का इरादा रखती है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में लोगों की संपत्ति के एक्स-रे की बात कही है।

उन्होंने कहा, इसका मतलब यह है कि अगर किसी के घर में चार कमरे हैं, तो वे उनमें से दो कमरे छीन लेंगे। इतना ही नहीं, कांग्रेस कहती है कि वह महिलाओं के आभूषणों पर कब्जा कर लेगी, देश इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने यूपीए सरकार के तहत 2004 से 2014 तक ऐसे प्रयास किए थे। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने कर्नाटक में एससी, एसटी और ओबीसी को दिए गए आरक्षण में से मुसलमानों को कोटा देने की कोशिश की थी।

उन्होंने सच्चर समिति की सिफारिशों का जिक्र किया और कहा कि कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी के कोटे में से उन्हें छह प्रतिशत आरक्षण देकर इसे लागू करना चाहती थी। उन्होंने कांग्रेस पर दोहरे मापदंड का आरोप लगाते हुए दावा किया कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस देश को और विभाजित करने की साजिश रच रही है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ऐसा कहा जा रहा है कि भाई-बहन (राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा) भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या जाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा, जब उनकी सरकार थी तो वे भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाते थे। लेकिन देवता सभी के हैं। यह उनके दोहरे मानकों का उदाहरण है। आदित्यनाथ ने कहा कि जो लोग भारत माता की जय और वंदे मातरम बोलने में झिझकते हैं, उन्हें उनका वोट नहीं मिलना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### बाहुबली धनंजय सिंह को इलाहाबाद हाईकोर्ट से झटका, अपील खारिज, नहीं मिली रिहाई



**इलाहाबाद, एजेंसी।** पूर्व सांसद और बाहुबली धनंजय सिंह को इलाहाबाद हाईकोर्ट से झटका मिला है। नमामि गंगे प्रोजेक्ट मैनेजर के अपहरण मामले में जौनपुर की स्पेशल कोर्ट एमपी/एमएलए से मिली सात साल की सजा को स्थगित करने और जमानत पर रिहा करने की पूर्व सांसद धनंजय सिंह की अर्जी हाईकोर्ट ने खारिज कर दी।। इससे पहले शनिवार को सुबह आठ बजे धनंजय को जौनपुर जिला जेल से बरेली जेल शिफ्ट किया गया। धनंजय छह मार्च से जौनपुर के जिला कारागार में बंद थे। आपको बता दें कि पूर्वांचल के बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने जौनपुर की विशेष अदालत से मिली सात साल की सजा के खिलाफ पिछले महीने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इस याचिका में उन्होंने सजा पर रोक लगाने और फैसला आने तक जमानत पर रिहा करने की गुहार लगाई थी। नमामि गंगे प्रोजेक्ट मैनेजर के अपहरण में मिली सजा के खिलाफ दाखिल अपील पर गुरुवार को हाईकोर्ट में बहस पूरी हो गई थी। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया था। इससे पहले बुधवार को धनंजय की तरफ से अधिवक्ता ने कहा था कि लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए अनुमति दी जाए। अधिवक्ता ने आगे कहा कि ट्रायल के दौरान धनंजय सिंह जमानत पर थे उन्होंने जमानत का कोई दुरुपयोग नहीं किया वह लोकसभा का चुनाव लड़ना चाहते हैं इसलिए उनकी सजा स्थगित कर उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया जाए।

### विधायक इरफान सोलंकी के मामले में नहीं हो सकी लिखित बहस, मांगा समय



**इलाहाबाद, एजेंसी।** विधायक इरफान सोलंकी के आगजनी मामले में शुक्रवार को लिखित बहस दाखिल नहीं हो सकी। एमपी/एमएल सेशन कोर्ट में बचाव पक्ष ने बहस तैयार न होने का हवाला देकर समय मांगा, जिसका अभियोजन ने विरोध किया। अभियोजन ने पत्रावली में दाखिल नए दस्तावेजों की नकल मांगी। कोर्ट ने अभियोजन को नकल मुहैया कराने और लिखित बहस के लिए 29 अप्रैल की तारीख तय की। विधायक समेत सभी आरोपी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश हुए। आगजनी मामले में अभियोजन और बचाव पक्ष को लिखित बहस कोर्ट में शुक्रवार को दाखिल करनी थी। सुनवाई शुरू होते बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने विधायक इरफान और रिजवान सोलंकी की ओर से प्रार्थना पत्र दिया। अभियोजन की ओर से डीजीसी क्रिमिनल दिलीप अवस्थी और एडीजीसी भाष्कर मिश्रा ने इसका विरोध करते हुए रोज सुनवाई की बात कही। अभियोजन ने कहा कि लिखित बहस दाखिल करने के दौरान पत्रावली का मुआयना करने पर कई नए दस्तावेज अभियुक्त पक्ष ने दाखिल किए पर उसकी नकल नहीं दी गई। डीजीसी क्रिमिनल दिलीप अवस्थी ने बताया कि अब 29 अप्रैल को लिखित बहस दाखिल करनी है। वहीं, पेशी के दौरान कोर्ट में वादिनी नजीर फातिमा की बेटी कनीज जेहरा भी मौजूद रहीं। कनीज ने कहा कि न्याय मिलने में देरी हो रही है। इससे डर लग रहा है। कहीं उनके परिवार के साथ कुछ गलत न हो।

# कोरोना काल में एंटीबायोटिक दवाओं का खूब हुआ इस्तेमाल, क्या इससे आपकी सेहत को खतरा?

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
कोरोना महामारी के दौरान एंटीबायोटिक दवाओं का काफी इस्तेमाल हुआ। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे लेकर अब एक रिपोर्ट तैयार की है। इसके मुताबिक, इन दवाओं का अत्यधिक यूज होने से एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस का स्तर तेजी से बढ़ गया। इसका मतलब यह है कि रोगाणुरोधी प्रतिरोधक क्षमता पर असर पड़ा। रिपोर्ट में पाया गया कि हॉस्पिटल में भर्ती कोविड-19 से पीड़ित केवल 8 प्रतिशत लोगों में बैक्टीरियल को-इंफेक्शन था। ऐसे मामलों में इसकी आवश्यकता थी, मगर तीन-चौथाई रोगियों को एंटीबायोटिक्स दिए गए। सबसे अधिक एंटीबायोटिक का इस्तेमाल गंभीर रोगियों में देखा गया, जिसका वैश्विक औसत 81 प्रतिशत है।



रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्वी भूमध्यसागरीय और अफ्रीकी देशों में एंटीबायोटिक दवाओं का सबसे अधिक 83 प्रतिशत इस्तेमाल हुआ। ये नतीजे 3 साल की अवधि के लिए 65 देशों के क्लिनिकल डेटा के आधार पर निकाले गए। इसके अनुसार, सबसे बड़ी चिंता यह रही कि वॉच एंटीबायोटिक्स का विश्व स्तर पर सबसे अधिक बार इस्तेमाल देखा गया। इनमें उच्च प्रतिरोध क्षमता होती है। विषाणु, जीवाणु, फफूंदी और अन्य परजीवों में समय बीतने के साथ कुछ बदलाव होते हैं। इसके कारण रोगाणुरोधी प्रतिरोध विकसित हो जाता है। इस स्थिति में एंटीबायोटिक और अन्य जीवनरक्षक दवाएं अनेक प्रकार के संक्रमणों पर असर नहीं कर पातीं।

कोरोना महामारी के दौरान स्वास्थ्य संगठन ने दिए थे सुझाव

यूएन एजेंसी की प्रवक्ता डॉक्टर मार्गरेट हैरिस ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान स्वास्थ्य संगठन की ओर से कुछ सुझाव दिए गए थे। किसी भी समय कोविड-19 के इलाज के लिए एंटीबायोटिक दवा का इस्तेमाल करने की सिफारिश नहीं की गई।

# राजस्थान कांग्रेस का बड़ा एक्शन, अमीन खां और बालेंदु शेखावत को पार्टी से निकाला

**जालौर, एजेंसी।** राजस्थान में दूसरे चरण की वोटिंग समाप्त होते ही कांग्रेस ने एक्शन लिया है। पार्टी ने पूर्व सचिव बालेंदु शेखावत और पूर्व मंत्री अमीन खां को पार्टी से 6 साल के लिए निलंबित कर दिया है। दोनों के खिलाफ अनुशासनहीनता की शिकायतें मिली थी। अमीन खान और बालेंदु सिंह शेखावत को कांग्रेस से 6 साल के लिए निष्कासित करने की चिट्ठी जारी कर दी गई है। कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा के हस्ताक्षर से जारी हुई चिट्ठी पर दोनों नेताओं को पार्टी ने निष्कासित करने का फरमान सुनाया है। उल्लेखनीय है कि अमीन खान बाड़मेर की शिव विधानसभा सीट से पिछली बार चुनावी मैदान में थे। लेकिन उन्हें वहां हार का सामना करना पड़ा था। अमीन खान को हराकर रविंद्र भाटी शिव से निर्दलीय विधायक चुने गए थे। विधानसभा में मिली हार के बाद अमीन सक्रिय राजनीति से दूर से हो गए थे। हालांकि, विधानसभा चुनाव में अमीन खां तीसरे नंबर रहे थे। जबकि दूसरे नंबर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष फतेहा खां रहे थे। जिनकी हाल ही में घर वापसी हुई है। माना जा रहा है कि वापसी की वजह से ही अमीन खां कांग्रेस के खिलाफ बयानबाजी कर रहे थे। लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने के बाद भी वो अपने क्षेत्र में सक्रिय नहीं थे। पार्टी ने उन्हें जो काम दिया उससे भी वो दूरी बनाते नजर आ रहे थे। चुनाव प्रचार अभियान के बीच वो हज की यात्रा पर चले गए थे।

# भजनलाल सरकार का एक्शन, दूदू कलेक्टर पर आधी रात को एसीबी का छापा

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में भजनलाल सरकार ने बड़ी मछलियों पर एक्शन लेना शुरू कर दिया है। एसीबी ने शुक्रवार आधी रात को दूदू कलेक्टर के ठिकानों पर छापे मारे है। भष्टाचार की शिकायत मिलने पर यह कार्रवाई की है। एसीबी सूत्रों के अनुसार दूदू कलेक्टर पर हनुमान मल ढाका पर भू-रूपांतरण के लिए 25 लाख रुपये मांगने का आरोप था। घूस मांगने के आरोप में शुक्रवार रात करीब 1 बजे एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने दूदू कलेक्टर हनुमान मल ढाका और पटवारी हंसराज के यहां छापेमारी की।

# पश्चिम बंगाल में भाजपा को झटका, बीरभूम से पार्टी उम्मीदवार का नामांकन रद्द, हाई कोर्ट पहुंचा मामला

**बीरभूम, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की बीरभूम संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार देबाशीष धर का नामांकन चुनाव आयोग ने रद्द कर दिया है। धर ने अपने नामांकन के साथ अनापत्ति प्रमाण पत्र जमा नहीं किया था। वह पूर्व ढ्क्क अधिकारी रहे हैं। चुनाव आयोग सूत्रों ने कहा है कि अगर नौकरीशुदा कोई शख्स इस्तीफा देकर चुनाव लड़ता है तो उसे उस विभाग (जहां वह काम करता था) से नो



ड्यूज और नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट जमा करना होता है। धर ने अपने नामांकन के साथ यह कागजात नहीं जमा कराए थे, जिसकी वजह से आयोग ने उनका नामांकन रद्द कर दिया है। भाजपा ने अब उनकी जगह देबतनु भट्टाचार्य को बीरभूम सीट से नया उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने नामांकन भी कर दिया है। देबाशीष धर ने हाल ही में आईपीएस अधिकारी के पद से इस्तीफा दिया था और राजनीति में एंट्री ली थी।

# इजरायल ने राफा पर हमले रोकने के लिए 33 बंधकों की रिहाई की मांग की

**तेल अवीव, एजेंसी।**
इजरायल ने गाजा पट्टी के दक्षिण में राफा शहर पर योजनाबद्ध हमलों को रोकने के लिए हमास से कम से कम 33 बंधकों को रिहा करने की मांग की है। इजरायली रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया, यह मांग मोसाद प्रमुख डेविड बार्निया ने अपने खुफिया प्रमुख मेजर जनरल अब्बास कामेल के नेतृत्व वाले मिस्र के प्रतिनिधिमंडल के सामने रखी थी।

मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सिसी ने हाल ही में काहिरा की यात्रा के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को राफा पर योजनाबद्ध हमले पर अपने देश की चिंता जताई थी। मिस्र को डर है कि राफा क्षेत्र पर हमले से नागरिक तबाही होगी। साथ ही मिस्र में बड़ी संख्या में शरणार्थियों का पलायन होगा क्योंकि राफा, देश के सिनाई क्षेत्र से सटा है।


इजरायल ने अपनी आंतरिक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा, 129 इजरायली बंधकों में 33 लोग ऐसे हैं जो बुजुर्ग, महिला और बीमार की श्रेणी में आते हैं। इजराइल के मुताबिक, 129 बंधकों में से कई की मौत



हो चुकी है। इजरायली खुफिया ने दावा किया है कि सैन्य कमांडर और 7 अक्टूबर 2023 के नरसंहार का मास्टरमाइंड याह्या सिनवार मानव ढाल के रूप में इजरायली बंधकों के साथ हमास सुरंगों में से एक में राफा में है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने योजनाबद्ध हमले से पहले ही राफा में अपनी विशिष्ट नाहल ब्रिगेड को तैनात कर दिया है।

# तिरंगे के अपमान का ऐसा बदला, ब्रिटेन-कनाडा में खालिस्तान नेटवर्क की नींद ही उड़ गई

**ब्रिटेन, एजेंसी।** भारत ने खलिस्तायों पर ऐसा कड़ा प्रहार किया है कि अब तिरंगे की तस्वीर देख लेने भर से ही इनकी रूह कांप जाएगी। भारत द्वारा तिरंगे के अपमान का बदला लेने वाली खबर ने ब्रिटेन से लेकर कनाडा तक में हलचल मचा दी है। आपको याद होगा कि पिछले साल मार्च में 50 खालिस्तानियों के एक झुंड ने लंदन में भारतीय हाई कमीशन पर हमला कर दिया था। इन बुजदिल खालिस्तानियों ने लंदन हाई कमीशन पर लगे तिरंगे का अपमान किया था। लेकिन अब भारतीय हाई कमीशन पर हमले का मुख्य आरोपी इंदरपाल सिंह गाबा पकड़ा गया है। इंदरपाल सिंह गाबा को एनआईए ने गिरफ्तार किया है। इंदरपाल सिंह गाबा ठीक है गिरफ्तारी एक बड़ी सफलता है। इसने ब्रिटेन कनाडा में खालिस्तान नेटवर्क के नींद उड़ा दी है। एनआईए ने




खुद ही इस बात की जानकारी देते हुए बताया कि ब्रिटेन के हाउंस्लो के निवासी इंद्रपाल सिंह गाबा को 22 मार्च को 2,000 से अधिक खालिस्तान समर्थक समर्थकों के उच्चायोग की इमारत में तोड़फोड़ और 19 मार्च को उच्चायोग की इमारत से भारतीय ध्वज को उतारने वाली घटना में उसकी कथित भूमिका के लिए दिल्ली में गिरफ्तार किया गया है। प्रदर्शनकारियों की तरफ से ये आयोजन ब्रिटेन स्थित सिख कट्टरपंथी और खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ) नेता अवतार सिंह खांडा के मार्गदर्शन में किया गया था। ये वही खांडा है जिसकी जून 2023 में ब्रिटेन के एक अस्पताल में मृत्यु हो गई। खांडा खालिस्तानी आतंकवादी जगतार सिंह तारा का करीबी सहयोगी था। खालिस्तानियों की तरफ से यह प्रदर्शन 18 मार्च को वारिस पंजाब प्रमुख अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के प्रतिरोध के तौर पर की गई थी।

# तीन महीने बाद सार्वजनिक जिम्मेदारियां निभाने के लिए तैयार किंग चार्ल्स तृतीय, बकिंघम पैलेस ने दी जानकारी

**लंदन, एजेंसी।**
किंग चार्ल्स तृतीय जल्द ही अपनी जिम्मेदारियां निभाने के लिए सार्वजनिक जीवन में लौटने को तैयार हैं। इस साल की शुरुआत में चिकित्सा विशेषज्ञों को कैंसर का पता चला था, जिसके बाद से उनके स्वास्थ्य में लगातार सुधार से काफी खुश थे। बकिंघम पैलेस ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। 75 वर्षीय किंग चार्ल्स अगले मंगलवार को अपनी पत्नी क्वीन कैमिला के साथ लंदन के एक कैंसर उपचार केंद्र का दौरा करेंगे। बकिंघम पैलेस ने बयान में कहा, किसी भी स्वास्थ्य जोखिम को कम करने के लिए आगे के सार्वजनिक जिम्मेदारियों वाले कार्यक्रमों को



प्रबंधित किया जाएगा।
इसमें आगे कहा गया, कैंसर के उपचार और स्वास्थ्य लाभ लेने के बाद किंग चार्ल्स जल्द ही सार्वजनिक जिम्मेदारियों में लौट आएंगे। बयान में कहा गया, किंग और क्वीन अगले मंगलवार को एक कैंसर उपचार केंद्र का दौरा करेंगे, जहां वे चिकित्सा विशेषज्ञों और रोगियों से मिलेंगे। आने वाले हफ्तों में किंग द्वारा की जाने वाली कई बाहरी गतिविधियों में यह पहली यात्रा होगी। बकिंघम पैलेस ने कहा कि किंग की मेडिकल टीम अब तक हुई प्रगति से बहुत खुश है। टीम उनके लगातार ठीक होने को लेकर पॉजिटिव बनी हुई है। छह मई को किंग चार्ल्स के राज्याभिषेक की पहली वर्षगांठ नजदीक आ रही है।

# बंग्लादेश में पीएलए की तैनाती करेगा चीन, भारतीय सेना से बढ़ेगा टकराव

**बीजिंग, एजेंसी।** चीनी सरकार के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से बताया है कि ट्रेनिंग का उद्देश्य चीन और बांग्लादेश के बीच आपसी समझ, दोस्ती को मजबूत करना और दोनों पक्षों के बीच व्यवारिक आदान प्रदान और सहयोग को बढ़ाना है। वु कियान ने बताया कि ये ट्रेनिंग संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा और आतंकवादी विरोधी अभियानों के संदर्भ में हो रही है। खबर है कि चीन अपनी सेना की एक टुकड़ी भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में तैनात करने वाला है। चीन के रक्षा मंत्रालय के एक प्रवक्ता वू कुयान ने इसकी जानकारी दी है। कियान ने बताया है कि बांग्लादेश के साथ एक संयुक्त प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए लिए पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की एक टुकड़ी को मई की शुरुआत में बांग्लादेश में तैनात किया जाएगा। चीन और बांग्लादेश के सेनाओं के बीच ये पहली ज्वाइंट मिलिट्री ट्रेनिंग है। चीनी सरकार के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से बताया है कि ट्रेनिंग का उद्देश्य चीन और बांग्लादेश के बीच आपसी समझ, दोस्ती को मजबूत करना और दोनों पक्षों के बीच व्यवारिक आदान प्रदान और सहयोग को बढ़ाना है।

### हिमाचल उपचुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों का ऐलान

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा उपुचनाव के लिए कांग्रेस ने तीन प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया है। प्रदेश की सुजानपुर सीट से कांग्रेस ने कैप्टन रणजीत सिंह राणा, गगरेट विधानसभा सीट से राकेश कालिया और कुटलेहर विधानसभा सीट से विवेक शर्मा को मैदान में उतारा है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने राज्य विधानसभा के तीन सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव के वास्ते इन उम्मीदवारों के नाम का चयन किया है। बीते कई दिनों से हिमाचल प्रदेश का सियासी पारा चढ़ा हुआ है। प्रदेश की एक सीट पर राज्यसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के 6 विधायकों ने बगावत कर दी थी। बागी विधायकों ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को वोट दे दिया था। इसके बाद कांग्रेस के बागी विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया गया था। 6 विधायकों के अयोग्य घोषित होने के बाद प्रदेश की 6 विधानसभा सीटें खाली हो गई थीं। चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनावों के साथ ही विधानसभा उपचुनाव का भी ऐलान किया था।

# डेयरी फॉर्म में ऋण की राशि गलत तरीके से निवेश किये जाने का मामला उजागर

प्रातः आवाज



**कामडारा।** प्रखंड मुख्यालय पर जेएसएलपीएस संस्था के सहयोग से स्थापित की गई डेयरी फॉर्म में ऋण की राशि एक करोड़ 20 लाख रुपये गलत तरीके से निवेश किये जाने का मामला उजागर होने के बाद संस्था से जुड़े सीएलएफ (कामडारा) के सचिव करुणा देवी, अध्यक्ष सुषमा आईंद, कोषाध्यक्ष पार्वती देवी, अमृता देवी और सीएलएफ सचिव( कुरकुरा) ने कामडारा थाना मे एक आवेदन देते हुये जेएसएलपीएस संस्था कामडारा के पूर्व प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी पवन लकड़ा, पूर्व सामुदायिक समन्वयक सुषमा उरांव, पूर्व सामुदायिक समन्वयक गिरिधर सिंह, आईपीआरडी सबीला खातून और आईपीआरडी सुधा कुमारी के विरुद्ध अपराधिक षडयंत्र रचने और धोखाधड़ी करने आरोप लगाते हुये मामला दर्ज करने की मांग की है। थाने में दिये गये आवेदन में सीएलएफ सचिव करुणा देवी ने बताया है कि वह कामडारा आजीविका महिला संकुल संगठन की सचिव है। यह आजिविका महिला संकुल संगठन झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, ग्रामीण विकास विभाग (झारखंड सरकार) से संबंधित है और केन्द्र सरकार के द्वारा चलायी जा रही राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन के अंतर्गत गठित है, जिसमें ग्रामीण परिवारों को आजिविका बढ़ाने के लिये सरकार के द्वारा सामुदायिक निवेश निधि के रुप मे अनुदान राशि दी गई है। इस सामुदायिक निवेश निधि को संकुल स्तरीय संगठन अपने अंतर्गत आनेवाले ग्राम संगठनों को उनकी मांग एवं मूल्यांकन समिति के अनुमोदन के पश्चात संबंधित ग्राम संगठन को ऋण के रूप में राशि एक निश्चित समय के लिए उपलब्ध कराती है। उक्त समय सीमा के अंतर्गत ऋणी ग्राम संगठन किस्तों मे ऋण की राशि संकुल संगठन को वापस करता है। सधारणतः इस ऋण की राशि का उपयोग महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों द्वारा आजीविका गतिविधियों में किया जाता है। वहीं कामडारा आजिविका महिला संकुल संगठन और कुरकुरा आजिविका महिला संकुल संगठन के बैंक खाता में सरकार से प्राप्त सामुदायिक निवेश निधि की बड़ी राशि को देखते हुए झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस संस्था) कामडारा प्रखंड ईकाई के तत्कालीन पूर्व प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक पवन लकड़ा, पूर्व सामुदायिक समन्वयक सुषमा उरांव, गिरिधर सिंह, आईपीआरडी सबीला खातून और सुधा कुमारी ने अपराधिक षडयंत्र रचते हुए डेयरी फॉर्म खोलने के लिये लक्ष्मी उत्पादक समूह (कामडारा) के नाम पर बैंक ऑफ इंडिया शाखा कामडारा मे बचत खाता संख्या 590810210000110 का गठन किया गया। जो राजस्तरीय एमआईएस में निबंधित नहीं है। इधर उपरोक्त कर्मियों के द्वारा डेयरी फॉर्म खोलने के विषय में कामडारा संकुल संगठन और कुरकुरा संकुल संगठन को गलत जानकारी और धोखा मे रखकर दिनांक 23 नवंबर 2023 से लेकर 22 फरवरी 2024 के बीच चेक के माध्यम से कुल एक करोड़ 20 लाख रुपये लक्ष्मी उत्पादक समूह कामडारा को दिलाया गया है। उपरोक्त गड़बड़ी की जानकारी जेएसएलपीएस संस्था के वर्तमान प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मंटू कुमार मुंडा के द्वारा हुई। इसके बाद इस पूरे मामले की जानकारी अपने वरीय अधिकारियों को दी गई। वहीं 10 अप्रैल 2024 को जिलास्तरीय जांच कमेटी के द्वारा पूरे मामले की जांच की गई तो मामला सही पाया गया। इधर सीएलएफ कामडारा और कुरकुरा के सचिव ने कामडारा थाना मे आवेदन देकर संबंधित दोषियों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

कामडारा जेएसएलपीएस संस्था के पूर्व प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी पवन लकड़ा का पदस्थापन फिलहाल नामकुम प्रखंड मे हुई है। वहीं पूर्व सामुदायिक समन्वयक सुषमा उरांव का वर्तमान पदस्थापन गुमला में किया गया है। पूर्व सामुदायिक समन्वयक गिरिधर सिंह का वर्तमान पदस्थापन रायडीह प्रखंड में की गई है। इसके अलावे आईपीआरडी सबीला खातून का कामडारा और सुधा कुमारी का कुरकुरा में पदस्थापन की गई है।

# 58 वर्षीय बुजुर्ग का शव तालाब से बरामद, जांच में जुटी पुलिस

प्रातः आवाज




मृतक के परिजन

**घाघरा (गुमला)।** घाघरा थाना क्षेत्र के गुटवा में शनिवार को एक 58 वर्षीय बुजुर्ग का शव पुलिस ने तालाब से किया बरामद। शव की पहचान गुटुवा निवासी 58 वर्षीय शिवलाल पाहन के रूप में किया गया। परिजनों के अनुसार शिवलाल बुधवार को घर से सोच के लिए निकला था लेकिन समय से घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने काफी खोज की थी लेकिन वह नहीं मिला शुक्रवार शाम को मृतक की पत्नी कौशल्या देवी ने एक तालाब में अपने पति का शव तैरता हुआ देखा। इसके बाद से इसकी सूचना तुरंत घाघरा थाना पुलिस को दी सूचना मिलते ही घाघरा थाना पुलिस नागमणि सिंह अपने दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लिया और अग्रिम कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम हेतु शव को गुमला भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। इधर शिवलाल के मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## पृथ्वी बनाम प्लास्टिक कार्यक्रम आयोजित



**रायडीह।** आज शनिवार को सिनी संस्था के तत्वाधान में विश्व पृथ्वी दिवस सप्ताह के तहत पृथ्वी बनाम प्लास्टिक कार्यक्रम कुडोछतरपुर के अरंडा राजस्व ग्राम में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत फैसिलिटेटर खुर्शीद आलम ने किशोर किशोरियों के बीच पृथ्वी को हो रहे नुकसान से परिचित कराते हुए जागरूक किया व बताया कि प्लास्टिक को बनाने में रसायनों का उपयोग होता है जिसमें 13000 जीवाणु पाए जाते हैं और उनमें से 7000 जीवाणु मानव और इस पृथ्वी के लिए हानिकारक हैं। इसलिए ग्रामीणों को प्लास्टिक का उपयोग दिनचर्या के कार्यों में काम से काम प्लास्टिक का उपयोग करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के बीच कैई प्रतिस्पधाएं भी हुई। मौके पर किशोर साहा, खुर्शीद आलम, सुबोध प्रसाद, अंकिता मिंज, जुही कुमारी सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर ई-रिक्शा रैली रवाना

प्रातः आवाज




**गढ़वा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम प्रखंड एवं जिला स्तर पर चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में परिसदन भवन गढ़वा परिसर से स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले के ई-रिक्शा चालकों के माध्यम से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। सामान्य प्रेक्षक, रेम्या मोहन मुददत्त द्वारा हरी झंडी दिखाकर सभी ई-रिक्शा को रवाना किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से स्वीप नोडल पदाधिकारी-सह-भूमि सुधार उप समाहर्ता रंका, प्रमेश कुशवाहा, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद सुशिल कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि ई-रिक्शा के माध्यम से जिले के शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करने हेतु यह एक अनूठी पहल है, जो शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करने का संदेश देने का कार्य करेगी। लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अबकी बार 80 पार के नारे के तहत जिला प्रशासन द्वारा मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने को लेकर हर संभव प्रयास किया जा रहा है। 13 मई को पलामू लोकसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान के दिन सभी मतदाताओं से निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं अन्य मतदाताओं को भी नैतिल मतदान के लिए प्रेरित करने को लेकर लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

# नगर पंचायत के बिल्डिंग मैटेरियल्स के खिलाफ अभियान जारी

## पांच को नोटिस, एक पर लगा जुर्माना



बब्लू खान

**लातेहार।** नगर पंचायत के प्रशासक राजीव रंजन के निर्देश पर शहरी क्षेत्र में सड़क किनारे गिराए गए बिल्डिंग मैटेरियल्स के खिलाफ लगातार अभियान जारी है। इसी क्रम में नगर प्रबंधक राज कुमार वर्मा, सहायक अभियंता कुमार रवि, कनीय अभियंता संजीव कुमार एवं कर संग्रहकर्ता राजू प्रसाद द्वारा लक्ष्मी भंडार स्थित केशवर अहरा रोड़ के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम के द्वारा पांच लोगों को नोटिस थमाया गया है, जबकि एक व्यक्ति मनोज प्रसाद पर जुमार्ना लगाया गया है। इस अवसर पर नगर प्रबंधक राज कुमार वर्मा ने कहा कि है कि यह कार्रवाई अभी एक हफ्ते तक लगातार जारी रहेगा। हम शहरी क्षेत्र के जनता से अपील करते हैं की वह जल्द से जल्द सड़क किनारे यदि आप अपने भवन निर्माण के लिए बालू, ईट या छरी गिराए हुए हैं तो उसे 24 घंटे के अंदर हटां ले, नहीं तो टीम के द्वारा पकड़ाए जाने पर नियम संगत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मनिका : स्कूल के समीप बराती वाहन पेड़ से टकराया, कोई हताहत नहीं



**मनिका (प्रातः आवाज)।** मनिका के हाई स्कूल के समीप बराती वाहन टकराई पेड़ से मनिका थाना क्षेत्र के हाई स्कूल के समीप दिन शनिवार की सुबह बराती वाहन पेड़ से टकरा गई, लेकिन राहत की बात रही की बाराती वाहन में बैठे किसी भी व्यक्ति को गंभीर चोट नहीं आई है। घटना का सूचना मिलते ही मनिका थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और बाराती वाहन में बैठे सभी लोगों को दूसरे वाहन से गंतव्य स्थान के लिए भेजे और दुर्घटनाग्रस्त बाराती वाहन को अपने कब्जे में लिया।

## समाचार सार

### गोपीनाथ महिला महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**गढ़वा (प्रातः आवाज)।** गोपीनाथ सिंह महिला महाविद्यालय कल्याणपुर, गढ़वा के राष्ट्रीय सेवा योजना (एन एस एस) इकाई ने लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित्त स्वीप कैलेंडर के अनुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत दिनांक 27/04/2024 दिन शनिवार को संगीत का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्या डॉ० संयुक्ता कुमारी सिंह, एन एस एस पदाधिकारी प्रो० अनीता तूफानी, डॉ० अर्चना कुमारी, डॉ० शीशम साहू, प्रो० एस एन रॉय, डॉ० राजश्री अखौरी, डॉ० कविता कुमारी, प्रो० नेलन तिर्की, प्रो० सुनील पाल, प्रो० ज्योति सिंह, प्रो० ललिता कुमारी, गौतम सिंह तथा रमेश कुमार आदि उपस्थित थें। इस पकार्यक्रम में प्रथम प्रतिभागी पुष्पा कुमारी एवं द्वितीय प्रतिभागी जूही कुमारी रही। इसी प्रकार नगर उंटारी के स्थानीय मां नगीना शाही महिला महाविद्यालय बभनी नगर उंटारी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा भी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर मतदाताओं में जागरूकता के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका संचालन कर रहे प्राचार्य कमलेश कुमार (एनएसएस) पदाधिकारी प्रोफेसर महमूद आलम ने छात्राओं को मतदान की विशेषता बताते हुए जागरूकता पर जोर दिया। सभी मतदाता छात्राओं को वोट देने के लिए प्रेरित किया गया। इसमें उपस्थित प्रोफेसर मीरा कुमारी, प्रोफेसर माधुरी कुमारी, प्रोफेसर बबीता कुमारी, प्रोफेसर सविता कुमारी उपस्थित थीं। इस कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्रियंका कुमारी, द्वितीय स्थान पूजा कुमारी एवं रूपा कुमारी व पुष्पा कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। चंचल कुमारी व प्रियांशु कुमारी को भी चयनित किया गया।

### चुनाव को लेकर मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**गढ़वा (प्रातः आवाज)।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के अवसर पर निर्वाचन प्रक्रिया पर निगरानी रखने एवं पर्यवेक्षण कार्य के निमित भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के स्तर से सामान्य प्रेक्षक की प्रतिनियुक्ति 13-पलामू संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु की गयी है। इसी क्रम में आज सामान्य प्रेक्षक, रेम्या मोहन मुददत्त द्वारा गढ़वा जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों यथा गढ़वा प्रखंड के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय दरमी नावाडीह, पतसा, प्रतापपुर, उड़सुगी समेत अन्य मतदान केंद्र का निरीक्षण किया गया। मतदान के दिन आने वाले मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो जिसे लेकर मतदान केन्द्रों में निरीक्षण के दौरान उन्होंने एएमएफ सुविधाओं का आंकलन किया। जिसमें मुख्य रूप से पेयजल, शौचालय, विद्युत, रैंप आदि की समुचित व्यवस्था को देखा। मतदान केंद्रों पर उक्त सभी व्यवस्था संतोषजनक पाया गया। वहीं मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों को कुछ आवश्यक निर्देश भी दिए गए। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के मतदाताओं से 13 मई को पलामू लोकसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान में बढ़ चढ़कर भाग लेने का अपील किया एवं अपना मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में आप सभी मतदाता अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, साथ हीं अन्य मतदाताओं को भी निर्भीक होकर नैतिक मतदान के लिए प्रेरित करें। वहीं आरके प्लस टू गोविंद हाई स्कूल गढ़वा में माइक्रो आब्जर्वर को दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी सामान्य प्रेक्षक द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने माइक्रो आब्जर्वर से अच्छे से प्रशिक्षण लेने को कहा एवं किसी भी प्रकार के जानकारी का अभाव न रखने का निर्देश दिया। सामान्य प्रेक्षक द्वारा एसएसजेएस नामधारी कॉलेज गढ़वा में बने डिस्पैच सेंटर का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम समेत अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा विजय कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पांडे, प्रखंड विकास पदाधिकारी गढ़वा कुमार नरेंद्र नारायण समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## चयनित अभ्यर्थियों को किया गया सम्मानित

**लातेहार।** लातेहार झारखंड का पहले ऐसा जिला बना जहां पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर इंटीग्रेटेड कोचिंग प्रोग्राम के अंतर्गत यूपीएससी बीपीएससी, जेपीएससी, एसएससी इत्यादि की कोचिंग जिला प्रशासन लातेहार द्वारा प्रायोजित एवं हक एजुकेशनल और सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा कौशल विकास केंद्र लातेहार एवं सेंट जेवियर्स कॉलेज महुआडार लातेहार में (2021-22) संपन्न किया गया। इसके विद्यार्थियों ने पूर्व में यूपीएससी तथा जेपीएससी में अंतिम रूप से चयनित भी हुए। 11वां जेपीएससी की प्राथमिक परीक्षा में इस संस्था से 8 अभ्यर्थियों पीटी एग्जाम क्वालीफाई किया है। इस संस्था के डायरेक्टर एम ए हक ने इन अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी। इसमें चयनित अभ्यर्थियों के नाम है 1. अजय कुमार 2. सोभनाथ ओड़ाउ 3. सोनी कुमारी 4. घनश्याम तुरी 5. मनोज कुमार 6. रागीब शमद 7.अफताब खान 8. नजीर अहमद खान।

## आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संघ की बैठक संपन्न



**चैनपुर (प्रातः आवाज)।** आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संघ की बैठक शनिवार को लुथरन बगीचा में संपन्न हुई। बैठक मे मार्गदर्शन के लिए संगठन मंत्री रामचंद्र गोप व जिलाध्यक्ष ममता गुप्ता उपस्थित रहें। वहीं जानकारी देते हुए संगठन मंत्री रामचंद्र गोप ने कहा कि नवंबर माह से पोषाहार व मानदेय नहीं मिला है। तीन साल के बच्चों को भीषण गर्मी में आंगनबाड़ी केंद्र में रखना मुश्किल हो रहा है। गर्मी छुट्टी की कोई व्यवस्था नहीं है, ऊपर से लगातार सेविका-सहायिकाओं पर काम का बोझ बढ़ाया जा रहा है। लेकिन मानदेय दैनिक मजदूरी का आधा भी नहीं मिलता है, ऊपर से बीएलओ का भी काम सेविकाओं को दे दिया गया है। अगर मानदेय सम्मानजनक नहीं बढ़ाया गया, तो बीएलओ का काम नहीं करेंगे।

## बालूमाथ वन विभाग ने कोयला लदे दो ट्रकों को किया जब्त

टीपू खान



**बालूमाथ।** बालूमाथ वन विभाग की टीम ने रांची चतरा मुख्य सड़क मार्ग स्थित चेक नाका के समीप कोयला लदी दो ट्रक को जब्त करने में सफलता पाई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ वन क्षेत्र पदाधिकारी नंदकुमार मेहता ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी से कोयला लोड कर आ रहे ट्रक संख्या एनएल 01 के 7714, जेएच 01सीएफ 4775 को चेक नाका के पास वाहन जांच के दौरान वन विभाग की टीम द्वारा रोक कर कागजात की मांग की गई। जिसके बाद वन विभाग का चालान समय अवधि समाप्त पाया गया। जिस पर वन विभाग की टीम उक्त दोनों ट्रक वाहन को जब्त करते हुए वन परिसर में खड़ी कर दी और आगे की कानूनी कार्रवाई करते हुए दोनों ट्रक मालिक पर प्राथमिक दर्ज कर छानबीन में जुट गई। वाहन जांच अभियान में फॉरेस्टर विश्वास देव पांडेय,वन रक्षक अमित कुमार, विजय शंकर शर्मा, आनंद चौधरी, शिव शंकर राम, मंगल सिंह, दिलीप उरांव, संतोष उरांव सहित कई वन कर्मी मौजूद रहे। उधर वन क्षेत्र प्राधिकारी ने कहा कि वाहन जांच अभियान लगातार जारी रहेगी। परिवहन कर रहे मालवाहक वाहन पूर्ण कागजात नहीं दिखती है तो आगे भी इसी तरह का कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# संत जेवियर्स महाविद्यालय महुआडांड़ ने चलाया मतदान जागरूकता अभियान

शहजाद आलम




**लातेहार।** संत जेवियर्स महाविधालय के विद्यार्थियों, प्रोफेसर्स सह प्राचार्य महोदय के द्वारा शनिवार कोपूरे महुआडांड़ अनुमंडल के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर महुआडांड़ के प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेण्ड डांग जी तथा अन्य मतदान निरीक्षण पदाधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर महाविधालय के विद्यार्थियों के द्वारा स्थानीय निवासियों के समक्ष मतदान सम्बन्धित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से लोगों को योग्य, कर्मठ व कर्तव्यनिष्ठ नागरिकों को मतदान करने के लिए सलाह दी गई।

राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अविनाश यादव ने स्थानीय निवासियों को संबोधित करते हुवे कहा कि आप सभी नागरिकों को सही उम्मीदवार का चयन करने का अधिकार प्राप्त है इसलिए अपने राजनीतिक अधिकार (मतदान का अधिकार ) का सदुपयोग करते हुए हमें ऐसे योग्य, कर्मठ व सुशिक्षित उम्मीदवार को मत देना है जो देश के वर्तमान और भविष्य को दोनों को सुरक्षित रख सके।

तत्पश्चात महाविधालय के प्राचार्य महोदय डॉ. फादर एम. के. जोश ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि ₹ यदि भारतीय संविधान हमलोगों को अधिकार देता है हमारा भी फर्ज.है कि हम राष्ट्र को बेहतर तरीके से संचालित करने मतदान करके अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि मतदान के लिए जागरूक होना जरूरी है क्योंकि जो जागरूक मतदाता है वही जानता है कि भारत भाग्य विधाता है।

महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों के द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर सिस्टर कैसलिन जूलिएट के नेतृत्व में विद्यार्थियों के द्वारा सुमधुर स्वरों में मतदान जागरूकता गान प्रस्तुत किया गया जिसका लोगों ने खूब लुत्फ व आनंद उठाया।

महुआडांड़ प्रखंड विकास पदाधिकारी भी कार्यक्रम में अंत तक उपस्थित रहें तथा उन्होंने यहां के नागरिकों को लोकतंत्र को सशक्त व मजबूत बनाने के लिए मतदान करने का संकल्प दिलाया।

इस कार्यक्रम को देखकर महुआडांड़ के सभी स्थानीय नागरिक प्रसन्नचित्त थे तथा उन्होंने 2024 के चुनाव में अपना मतदान करने की प्रतिज्ञा ली।

इस तरह के जागरुकता अभियान चलाने के लिए महुआडांड़ बीडीओ ने विद्यार्थियों की बहुत सराहना की तथा कहा कि संत जेवियर्स महाविद्यालय महुआडांड़ के विद्यार्थी शुरूआत से ही प्रत्येक राजनीतिक व सामाजिक गतिविधि में भाग लेते हैं जिससे गांव,समाज व राष्ट्र का भला हो इस तरह से यह कॉलेज विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक हेमंत कुमार द्वारा प्रातः आवाज (दैनिक) डीबी कार्प लिमिटेड, प्लॉट नंबर 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन रातू, रांची (झारखंड) से मुद्रित आवाज डेली हर्षित टीवी कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, विजयवर्गीय कांपलेक्स, ऑफिस नंबर सी-14, दूसरा तल्ला, कोकर, रांची (झारखंड) पिन नंबर 834001 से प्रकाशित। संपादक : नीलेन्दु जयपुरियार ** पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेवार ** फोन 7004363095/ 9572196587/7004527300 RNI No JHAHIN/2022/83327